* ओड़िशा संस्करण

13 जनवरी, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, द्वितीय
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 84

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


**राम मंदिर**
प्राण प्रतिष्ठा काउंटडाउन
09 दिन शेष



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 59,400 रु./10 ग्राम
चांदी 77,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 13 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in


## श्री अयोध्या धाम और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर विशेष शृंखला: 2

# आस्था, विश्वास, बलिदान और अभिमान का प्रतीक है राम मंदिर

## ■ यह महज एक मंदिर नहीं, करोड़ों सनातनियों का इमोशन है

किसी ने सच कहा था कि एक दिन आयेगा, जब भारत का बच्चा-बच्चा 'जय श्रीराम' बोलेगा। वह दिन आ गया है। 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनेवाली है। भव्य राम मंदिर का उद्घाटन होनेवाला है। करोड़ों सनातनियों का सपना साकार होनेवाला है। नन्ही से लेकर बूढ़ी आंखों को रामलला के दर्शन का सौभाग्य मिलनेवाला है। भाग्यशाली हैं वे लोग, जो जीते-जी भगवान राम के मंदिर निर्माण और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के गवाह बन रहे हैं। किसी के नयन खुशी से छलक रहे हैं, तो किसी का रोम-रोम राम नाम से समाहित है। लेकिन यह सुनहरा दिन लाखों सनातनियों के बलिदान और पांच सौ वर्षों के लंबे इंतजार के बाद आया है। 22 जनवरी को जब देश श्रीराम के लिए दीया जलायेगा, तब एक और दीया उन बलिदानियों के नाम पर जलना चाहिए, जिन्होंने राम मंदिर के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिये। राम मंदिर निर्माण में आये अहम पड़ावों से रू-ब-रू करा रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

### दो हजार वर्ष पूर्व राजा विक्रमादित्य ने अयोध्या में राम मंदिर का जीर्णोद्धार किया

धार्मिक मान्यता है कि त्रेतायुग में अयोध्या की पावन धरती पर भगवान विष्णु के सातवें अवतार के रूप में भगवान राम का जन्म हुआ था। भगवान राम ने उस समय मानवता की जो भव्य मिसाल कायम की, वह कलियुग में भी कण-कण और जन-जन में विद्यमान है। प्राचीन काल में भी हमारे पूर्वजों ने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करवाया था। उस समय भी एक बड़ा तबका नहीं चाहता था कि मंदिर का निर्माण हो। माना जाता है कि आज से दो हजार वर्ष पूर्व राजा विक्रमादित्य ने अयोध्या की खोज की थी। फिर उसी स्थान पर जीर्णोद्धार कर भगवान राम का भव्य मंदिर बनवाया। अयोध्या से जुड़े महंत और संत बताते हैं कि तीर्थराज प्रयाग ने कलियुग में राम जन्मभूमि को खोजने में राजा विक्रमादित्य की मदद की थी। तीर्थराज प्रयाग ने राजा विक्रमादित्य को एक गाय दी थी और कहा था कि जिस जगह पर गाय के थन से दूध निकलने लगे, समझ लेना वही भगवान राम की पावन धरती है। विक्रमादित्य गाय को लेकर चल दिये। अयोध्या पहुंचते ही गाय खड़ी हो गयी और उसके थन से दूध बहने लगा। विक्रमादित्य को समझ में आ गया कि यही उनके राजा राम की धरती है। अयोध्या की खोज करने के बाद राजा विक्रमादित्य ने यहां 84 कसौटियों के खंभे से भगवान राम का भव्य मंदिर बनवाया।

**लखनऊ से दिखती थी राम मंदिर के शिखर पर लगी चंद्रकांत मणि :** ऐसा बताया जाता है कि यह मंदिर इतना ऊंचा था कि मुगल शासक बाबर जब पहली बार लखनऊ आया, तो उसे वहां से ही यह मंदिर नजर आने लगा। लखनऊ आकर बाबर ने जब पूर्व दिशा की ओर देखा, तो उसे दो चंद्रमा दिखायी दिये। उसने अपने सेनापति मीरबांकी से पूछा कि दिल्ली में तो मुझे एक ही चांद दिखता है, मगर यहां दो चांद कैसे दिख रहे हैं। तब उसे मीरबांकी ने बताया कि जिसे वह दूसरा चांद समझ रहा है, वह अयोध्या स्थित भव्य राम मंदिर के शिखर पर लगी चंद्रकांत मणि है।


**राम मंदिर को ध्वस्त कर बाबरी मस्जिद का निर्माण :** ऐसी कथा है कि चंद्रकांत मणि को देख कर बाबर के मन में लालच आ गया और उसने मीरबांकी को निर्देश दिया कि उसे वह मणि चाहिए। इसी क्रम में 10 हजार सैनिकों के साथ मिल कर भव्य राम मंदिर को ध्वस्त कर मीरबांकी ने बाबर को खुश करने के लिए वहां बाबरी मस्जिद का निर्माण करा दिया। इस दौरान हजारों हिंदुओं का रक्त बहा। मीरबांकी ताशकंद का रहनेवाला था। बाबर ने उसे अवध प्रांत का गवर्नर बना कर भेजा था। मीरबांकी ने 1528 में बाबरी मस्जिद का निर्माण बाबर को खुश करने के लिए करवाया, जो बाद में इतिहास का सबसे विवादित स्थान बन गया। महाभारत के युद्ध के बाद अयोध्या उजड़ सी गयी थी, लेकिन उस दौर में भी श्रीराम जन्मभूमि का अस्तित्व सुरक्षित था और लगभग 14वीं सदी तक बरकरार रहा। तथ्यों के मुताबिक 1527-28 में अयोध्या में राम जन्मभूमि पर बने भव्य राम मंदिर को तोड़ कर बाबरी मस्जिद का निर्माण कराया गया।

**पांच सौ साल पहले बाबर के शासन काल में सरयू हुई थी लाल:** आज से 494 साल पहले 1528 में भव्य राम मंदिर को ध्वस्त कर वहां बाबर ने जब बाबरी मस्जिद का निर्माण करवाया था, तब कितने हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया था, यह समझा जा सकता है। उस वक्त कितनों के रक्त से सरयू नदी रक्तरंजित हुई होगी, इसकी मात्र कल्पना ही की जा सकती है।

**मंदिर के लिए मुहिम आजादी के बाद तेज :** अयोध्या में राम जन्मभूमि पर बाबर के सेनापति मीरबांकी के मस्जिद बनाने के 330 साल बाद 1858 में राम मंदिर के लिए कानूनी लड़ाई शुरू हुई थी। हालांकि, मंदिर के लिए मुहिम आजादी के बाद तेज हुई। देश के आजाद होने के दो साल बाद 22 दिसंबर 1949 को ढांचे के भीतर गुंबद के नीचे मूर्तियों का प्रकटीकरण हुआ। इस घटना के बाद इलाके में कानून-व्यवस्था की स्थिति गड़बड़ हो गयी थी। 29 दिसंबर 1949 को फैजाबाद की एक अदालत ने बढ़ते सांप्रदायिक तनाव को नियंत्रित करने के लिए इस स्थल को सरकार को सौंप दिया। कुछ ही समय बाद विवादित परिसर में ताला लग गया। जब यह सब कुछ हुआ, उस वक्त देश के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू थे।

**1990 में भी मुलायम के शासन कल में सरयू और अयोध्या की गालियां रक्तरंजित हुई थीं :** अब 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर का प्राणप्रतिष्ठा होने वाला है। इस सुनहरे वक्त को लाने के लिए न जाने कितने राम भक्तों, कार सेवकों के रक्त से अयोध्या की धरती लाल हुई है। इसका एक उदाहरण 1990 में मिला, जब उत्तरप्रदेश में मुलायम सिंह यादव की सरकार थी। लाखों की संख्या में भक्त अयोध्या में उमड़े थे और उनके सामने यूपी पुलिस बंदूकें ताने खड़ी थी। हजारों राउंड फायरिंग और सरयू नदी में जान बचाने के लिए छलांग लगाते युवक। साफ है कि इस मंदिर के लिए देश के असंख्य भक्तों ने बलिदान दिया है। उस वक्त अयोध्या की गलियां रक्तरंजित हो गयी थीं और सरयू नदी के किनारे जलती लाशों का दृश्य पीड़ादायी था। अयोध्या की राम जन्मभूमि के इतिहास को अगर खंगालें, तो आजादी के बाद कई अहम पड़ाव आये। 30 अक्टूबर 1990 राम जन्मभूमि के आंदोलन का सबसे अहम पड़ावों में से एक था। इसे समझने के लिए तीन साल पहले चलते हैं।

## 22 जनवरी को एक दीया श्रीराम के आगमन की खुशी में जले, तो दूसरा बलिदानियों के सम्मान में



## राम मंदिर को लेकर कांग्रेस का रुख विरोधभासी

जब इतिहास के पन्ने पलटते हैं, तो राम मंदिर को लेकर देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस का रुख विरोधभासी सा प्रतीत होता है। राम जन्मभूमि को लेकर लड़ी जा रही कानूनी लड़ाई को सबसे बड़ी हवा मिली पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल में। दरअसल, 1986 में राजीव गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने शाहबानो केस में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया था। सरकार के इस फैसले से न केवल बुद्धिजीवी वर्ग नाराज हो गया था, बल्कि दक्षिणपंथ के विचार को भी बढ़ावा मिला था। उस वक्त राजनीतिक विश्लेषकों ने महसूस किया कि कांग्रेस मुस्लिम रुढ़ीवादिता का पक्ष ले रही है। इस कठिन सियासी मोड़ पर राजीव गांधी ने विवादित बाबरी मस्जिद परिसर के ताले खोलने को हरी झंडी दे दी। विशेषज्ञों का मानना है कि शाहबानो विवाद से ध्यान भटकाने के लिए केंद्र सरकार के कहने पर अयोध्या में स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधि व्यक्तिगत रूप से फैजाबाद में जिला न्यायालय के समक्ष उपस्थित हुए और मुख्य न्यायालय से ताला हटाने की बात कही। अंततः फरवरी 1986 में ताले खोले गये और परिसर में पुजारियों को पूजा-पाठ की अनुमति दे दी गयी। 1987 में विवादित स्थल का ताला खोले जाने के बाद से ही लगातार अयोध्या में राम मंदिर बनाने की मांग जोर पकड़ रही थी। आंदोलन के लगातार बढ़ते दबाव के बाद 1989 में चुनावों की आहट के बीच केंद्र की राजीव गांधी सरकार और उत्तरप्रदेश की नारायण दत्त तिवारी सरकार ने मंदिर निर्माण के लिए शिलान्यास तो करा दिया, लेकिन 1989 के चुनावों में ये मुद्दा धार्मिक के साथ-साथ राजनीतिक भी हो गया। 1989 में जनता दल की सरकार भले ही भाजपा के सहयोग से बनी, लेकिन पार्टी के दो बड़े नेता और उत्तरप्रदेश और बिहार की कमान संभाल रहे मुलायम सिंह यादव और लालू प्रसाद यादव भाजपा की इस चाल से परेशान थे। उन्हें कभी भी यह मंजूर नहीं था कि उनके सरकार में रहते देश में इस तरह की राजनीति हो। तारीख 10 नवंबर 1989 को राम भक्तों ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का शिलान्यास संपन्न किया। लोकसभा का चुनाव सामने था। विश्व हिंदू परिषद् नहीं चाहती थी कि मंदिर का निर्माण चुनावी मुद्दा बने। इसलिए चुनाव संपन्न होने तक निर्माण कार्य स्थगित रखा गया। नव निर्वाचित प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को अवसर देने के लिए सर्वाधिकार समिति ने उनकी अपील पर निर्माण कार्य 8 जून तक स्थगित करने का निश्चय किया। लेकिन प्रधानमंत्री वीपी सिंह और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री मुसलमानों को साधने के लिए, उनका वोट पाने के लिए अपनी तरह की राजनीति करने लगे। फिर क्या था! 31 अगस्त 1990 से पत्थरों की गढ़ाई महंत परमहंस रामचंद्र जी महाराज और महंत नृत्य गोपाल दास जी महाराज ने पूजन कर प्रारंभ करवाया। एक सितंबर 1990 को आरएसएस के मोरोपंत पिंगले की उपस्थिति में अरणी मंथन द्वारा जागृत हुई अग्नि से श्रीराम ज्योति प्रज्ज्वलित की गयी। श्रीराम मंदिर में पूजित ज्योति प्रदेश के केंद्रों तक भेजी गयी, जहां से वह ज्योति लाखों गांवों तक पहुंची। करोड़ों राम भक्तों के घर उस साल दीपावली में उसी दीप से प्रज्ज्वलित हुए। जन जागरण के अभियान में तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी की रथ यात्रा की शुरुआत 25 सितंबर 1990 को गुजरात के सोमनाथ से शुरू होकर अयोध्या की ओर बढ़ चली।

### लालकृष्णा आडवाणी गिरफ्तार

फिर आया 23 अक्टूबर 1990 का दिन। जगह-समस्तीपुर, समय-सुबह के चार बजे। बिहार की लालू प्रसाद यादव की सरकार ने आडवाणी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद सड़कों पर उमड़े लोगों को देख कर लालू प्रसाद यादव ने लालकृष्ण आडवाणी को संथाल परगना के मसानजोर स्थित गेस्ट हाउस में नजरबंद करवा दिया। गिरफ्तारी की सूचना पूरे देश में फैल गयी और लोगों में असंतोष की भावना पैदा होने लगी।

### राम भक्त कार सेवकों का कारवां अयोध्या के लिए निकल पड़ा

आडवाणी की गिरफ्तारी के विरोध में 24 अक्टूबर 1990 को भारत बंद रहा और देश के हर कोने से राम भक्त कार सेवकों का कारवां अयोध्या के लिए निकल पड़ा। 22 अक्टूबर से ही उत्तरप्रदेश की सरकार ने अपना कड़ा रुख अख्तियार कर लिया। देश के कोने-कोने से आ रहे कार सेवकों और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं और नेताओं को पकड़ कर जेल में बंद किया जाने लगा।

### जगद्गुरु शंकराचार्य को बंदी बनाया और अटल बिहारी वाजपेयी को गिरफ्तार किया

हजारों कार सेवकों के साथ कार सेवा समिति के अध्यक्ष जगद्गुरु शंकराचार्य वासुदेवानंद जी को इलाहाबाद में बंदी बना लिया गया। 28 अक्टूबर 1990 को भारतीय जनता पार्टी की उपाध्यक्ष राज माता विजयाराजे सिंधिया को उनके 50 हजार कार सेवकों के साथ उत्तरप्रदेश में मुलायम सरकार ने गिरफ्तार कर लिया। भाजपा के तत्कालीन संसदीय दल के नेता अटल बिहारी वाजपेयी को लखनऊ में गिरफ्तार कर लिया गया। 29 अक्टूबर तक लाखों कार सेवकों की गिरफ्तारी के कारण उत्तरप्रदेश का सारा प्रशासनिक ढांचा चरमरा गया।

### मुलायम ने कहा था-बाबरी मस्जिद के इर्द-गिर्द कोई परिंदा भी पर नहीं मार सकता

तारीख 30 अक्टूबर 1990। हिंदू संगठनों ने अयोध्या में कार सेवा का एलान कर दिया था। कार सेवा को विफल करने के लिए उत्तरप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव नजर गड़ाये हुए थे और उन्होंने एलान कर दिया कि बाबरी मस्जिद के इर्द-गिर्द कोई परिंदा भी पर नहीं मार सकता। पूरी अयोध्या में कर्फ्यू लगा हुआ था। पुलिस ने बाबरी मस्जिद के डेढ़ किलोमीटर के दायरे को बैरिकेडिंग कर छावनी में तब्दील कर दिया था। उसके बाद भी हजारों कार सेवक हनुमान गढ़ी पहुंच चुके थे, जो विवादित ढांचे से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर था। अयोध्या पहुंचने वाले हजारों कार सेवक तो ऐसे थे, जिन्हें पुलिस ने बंदूक की नोंक पर अयोध्या की सीमा के बाहर ही रोक दिया था। युगों-युगों से अयोध्या में 14 कोशी तथा देवउठनी एकादशी के दिन पंचकोशी परिक्रमा होती आयी है। इसमें लाखों यात्री भाग लेते रहे हैं। लेकिन उस साल पंचकोशी परिक्रमा में न्यायपालिका के आदेशों की अवहेलना करते हुए उत्तरप्रदेश की मुलायम सरकार ने भाग लेने पहुंचे यात्रियों और कार सेवकों को रोकने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया था। पंचकोशी परिक्रमा में भाग लेने पहुंचे यात्रियों को निराशा का मुंह देखना पड़ा।

### मुलायम का फरमान और गुंबद पर चढ़ कार सेवकों ने लहरा दिया भगवा

एक तरफ मुलायम सिंह यादव ने फरमान जारी कर रखा था कि किसी भी तरीके से विवादित ढांचे को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। दूसरी तरफ कार सेवक विवादित ढांचे की ओर बढ़ रहे थे। पुलिस भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज, कई राउंड फायरिंग और आंसू गैस के गोले छोड़ती रही। पुलिस घरों की छतों पर चढ़ कर गोलियां चला रही थी और कार सेवकों को भगाने की कोशिश कर रही थी। तभी कार सेवकों से भरी एक बस, जिसे पुलिस अयोध्या से बाहर का रास्ता दिखाने वाली थी, की ड्राइवर की सीट पर एक साधु बैठा और उसने बस का रुख विवादित ढांचे की ओर मोड़ दिया। बस बैरिकेडिंग को तोड़ गेट के अंदर प्रवेश कर गयी। बस के पीछे-पीछे सैकड़ों कार सेवक भी विवादित ढांचे के अंदर प्रवेश कर गये। इस प्रकार कार सेवक विवादित ढांचे और मुलायम की किलेबंदी को भेद पाने में सफल रहे। फिर ढांचे की गुंबद पर चढ़ कर सेवकों ने भगवा झंडा लहरा दिया।

### पुलिस ने की गोलियों की बौछार और अयोध्या हुई लाल

यह नजारा देख पुलिस बिफर गयी और लाठी-डंडों की बरसात के साथ गोलियों की बौछार करने लगी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक लाखों कार सेवकों पर कई राउंड फायरिंग, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले दागे गये। उसके बाद भगदड़ मच गयी। शुरू में पुलिस की तरफ से यह सूचना आयी कि पांच लोग मारे गये हैं। लेकिन वहां के लोगों का कहना है कि यह आंकड़ा कई गुना ज्यादा था और घायलों की संख्या की गिनती नहीं।

### अयोध्या जय श्रीराम के नारों से गूंज उठी

फिर आया 2 नवंबर 1990 का दिन। कार्तिक पूर्णिमा का स्नान करके कार सेवक विवादित ढांचे की ओर बढ़ने लगे और इस दिन कार सेवक जगह-जगह से अयोध्या में भारी संख्या में पहुंच चुके थे। पूरी अयोध्या जय श्रीराम के नारों से गूंज रही थी। इस दौरान पुलिस की लाठियां भी चल रही थीं। पुलिस ने फिर घर की छतों पर चढ़ कर मोर्चा संभाला और कार सेवकों पर प्रहार करने लगी। इसका असर कार सेवकों पर नहीं हुआ और वे विवादित ढांचे की ओर बढ़ चले। उन्हें रोकने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े, लेकिन कार सेवकों के कदम पीछे हटने का नाम नहीं ले रहे थे। एक तरफ गोलियों की आवाज, तो दूसरी तरफ राम नाम की गूंज। पत्रकारों का भी रास्ता पुलिस ने रोक रखा था। अयोध्या लाल हो चुकी थी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक उस दिन लाखों कार सेवक वहां जमा हुए थे। उन्हें रोकने के लिए हजारों राउंड आंसू गैसे के गोले छोड़े गये, फायरिंग की गयी। उस दिन सरकार की तरफ से 16 लोगों की मौत की सूचना आयी।

### पुलिस के हाथों कोठारी बंधुओं की मौत

इसी दिन कोलकाता से आये कोठारी बंधुओं की भी मौत हुई थी। कोठरी बंधु वही थे, जिन्होंने गुंबद पर भगवा झंडा फहराया था। शरद कोठारी की उम्र 20 साल और रामकुमार कोठारी की उम्र 23 साल थी। भगवा फहराने के बाद दोनों एक घर में छिप गये थे। इधर पुलिस उन्हें ढूंढ़ रही थी। अंततः 2 नवंबर को वे एक घर में मिले। पुलिस के हाथों वे 2 नवंबर को मारे गये। 4 नवंबर 1990 को शरद और रामकुमार कोठारी का सरयू के घाट पर हजारों की भीड़ की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया। वहीं 4 नवंबर को ही अन्य शहीद कार सेवकों का भी अंतिम संस्कार किया गया और उनकी राख को देश के अलग-अलग हिस्सों में ले जाया गया था।

### सरयू नदी का विद्रूप दृश्य और घायलों से भरे अस्पताल

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उस वक्त सरयू नदी का दृश्य बहुत विद्रूप हो गया था। फैजाबाद के अस्पताल घायलों से भर गये थे। यह दृश्य देख कर फैजाबाद की महिलाओं में आक्रोश उत्पन्न हो गया और उन्होंने फैजाबाद कमिश्नर का घेराव भी किया। कहा जाता है कि इन महिलाओं में अधिसंख्य पुलिसकर्मियों और अधिकारियों की पत्नियां थीं। महिलाएं कमिश्नर से कह रही थीं कि आप लोग मनुष्य की तरह बर्ताव करें और आप अपने अफसरों को भी कह दें कि वे भी मनुष्य जैसा ही बर्ताव करें। हिंसक कार्रवाई तत्काल बंद करें। इस घटना के दो साल बाद 6 दिसंबर 1992 के दिन विवादित ढांचे को गिरा दिया गया था।

### मुलायम की सत्ता गयी

1990 के गोलीकांड के बाद हुए विधानसभा चुनाव में मुलायम सिंह यादव बुरी तरह पराजित हुए और कल्याण सिंह सूबे के नये मुख्यमंत्री बने। अगस्त 2016 में मुलायम सिंह ने कहा था, अयोध्या में गोली चलने से 16 जानें गयीं, अगर 30 भी जातीं तो देश की एकता और अखंडता के लिए मुझे मंजूर था। अयोध्या में एकता बचाने के लिए गोली चलानी पड़ी थी। गोली चलवाने के बाद मेरी आलोचना हुई थी, मुझे मानवता का हत्यारा कहा गया था। नवंबर 2017 में टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक मुलायम सिंह यादव ने अपने 79वें जन्मदिन के अवसर पर पार्टी मुख्यालय में कहा कि 30 अक्टूबर 1990 को 28 लोग मारे गये थे, जो मुझे छह महीने बाद पता चला और मैंने उनकी मदद अपने तरीके से की। इसी को लेकर मेरी देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहरी वाजपेयी से कई बार बहस भी हुई, क्योंकि उनका कहना था कि उस दिन 56 लोग मारे गये थे। इन घटनाओं का जिक्र इसलिए किया जा रहा है, ताकि लोग यह जान सकें कि करोड़ों की आस्था, असंख्य भक्तों के बलिदान की बुनियाद पर खड़ा हुआ है राम मंदिर।

### राम मंदिर के पक्ष में फैसला

09 नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की बेंच ने राम मंदिर के पक्ष में फैसला सुनाया। 2.77 एकड़ विवादित जमीन हिंदू पक्ष को मिली। मस्जिद के लिए अलग से पांच एकड़ जमीन मुहैया कराने का आदेश हुआ। 25 मार्च 2020 को तकरीबन 28 साल बाद रामलला टेंट से निकल कर फाइबर के मंदिर में शिफ्ट हुए।

### खुदाई में मिले थे मंदिर के प्रमाण

मई 2020 में जब राम मंदिर निर्माण के लिए नींव की खुदाई की जाने लगी, तो उस दौरान जमीन के अंदर से भारी मात्रा में अवशेष मिले। इन अवशेषों के बारे में कहा गया कि ये विक्रमादित्य द्वारा बनवाये गये उसी मंदिर के अवशेष हैं। अवशेष में सुदर्शन चक्र की कलाकृतियां, अमृत कलश, पुष्प कलश और ऊंचे-ऊंचे खंभे मिले थे। भारी संख्या में देवी-देवताओं की खंडित मूर्तियों के अलावा सात ब्लैक टच स्टोन के स्तंभ, छह रेड सैंड स्टोन के स्तंभ सहित चार फीट से बड़ा एक शिवलिंग भी मिला था।

### राम मंदिर का भूमि पूजन

05 अगस्त 2020 को अयोध्या में राम मंदिर का भूमि पूजन हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। पीएम मोदी सबसे पहले हनुमानगढ़ी जाकर दर्शन किये और आरती उतारी। राम मंदिर निर्माण के लिए पहले नौ शिलाओं का पूजन किया गया। 12 बज कर 44 मिनट पर चांदी की कन्नी से नींव रखी गयी। पीएम नरेंद्र मोदी, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और साधु-संतों समेत 175 लोग इसमें शामिल हुए। 22 जनवरी 2024 वह ऐतिहासिक दिन होगा, जब अयोध्या में प्रभु श्रीराम के बाल रूप रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह आयोजित किया जायेगा। वह दिन, जब करोड़ों सनातनियों का सपना साकार होगा। पीएम नरेंद्र मोदी इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। भव्य राम मंदिर दर्शन का सिलसिला देश भर में शुरू होगा। विकास के नये द्वार खुलेंगे। सही मायने में अयोध्या का राम मंदिर आस्था, विश्वास, बलिदान और अभिमान का प्रतीक है।

13 जनवरी, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, द्वितीय
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 84

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही







### प्रधानमंत्री ने श्री कालाराम मंदिर में की सफाई और पूजा

# 27 जनवरी को पीएम मोदी झारखंड आयेंगे

- नासिक में रोड शो और यूथ फेस्टिवल का किया उद्घाटन
- मुंबई में अटल सेतु का किया उद्घाटन, साथ में रोड-शो भी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नासिक/मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को महाराष्ट्र पहुंचे। यहां सबसे पहले उन्होंने नासिक में डेढ़ किमी का रोड शो किया। इसके बाद कालाराम मंदिर में पूजा-अर्चना की। दक्षिण की गंगा कही जाने वाली गोदावरी में पूजा भी की। मंदिर की साफ-सफाई की। स्वामी विवेकानंद की जयंती के मौके पर नासिक में 27वें नेशनल यूथ फेस्टिवल का उद्घाटन और रोड-शो किया। मुंबई में अटल सेतु का उद्घाटन भी।

पीएम मोदी ने कहा कि जो युवा होता है, वो पीछे नहीं रहता, बल्कि लीड करता है। 22 तक देश के सभी मंदिरों की साफ-सफाई भी करें। इधर भाजपा नेताओं ने जानकारी दी है कि पीएम मोदी 27 जनवरी को झारखंड आयेंगे और सिंदरी में खाद कारखाने का उद्घाटन करेंगे।



### 11 दिनों का विशेष अनुष्ठान किया शुरू

पीएम मोदी ने नासिक जिले में स्थित श्री कालाराम मंदिर में स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। इस दौरान वह मंदिर परिसर में पोछा लगाते हुए नजर आये। उन्होंने मंदिर-परिसर में सफाई की और बाल्टी में पानी भर कर पोछा लगाया। उन्होंने यूथ फेस्टिवल कार्यक्रम के दौरान इसका जिक्र करते हुए देशभर के मंदिरों में स्वच्छता अभियान को चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर के निमित्त देश के सभी मंदिरों में सभी तीर्थ क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलायें और अपना श्रमदान दें। प्रधानमंत्री ने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पहले 11 दिनों का विशेष अनुष्ठान शुरू किया है। इस दौरान वह व्रत रखेंगे।

### यूथ फेस्टिवल में 8000 प्रतिभागी हो रहे शामिल

नासिक में 12 से 16 जनवरी तक होने वाले यूथ फेस्टिवल में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस बार फेस्टिवल की थीम 'विकसित भारत@2047: युवाओं के लिए, युवाओं के द्वारा' रखी गयी है। इस फेस्टिवल में 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 8 हजार प्रतिभागी और कई टीमें भाग ले रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि परिवारवाद की राजनीति को कम करें। इसने देश का नुकसान किया है। आप अपनी राय वोट के जरिए जाहिर करें। मोदी ने युवा शक्ति की ताकत की चर्चा की।

### देश के सबसे लंबे सी-ब्रिज का उद्घाटन

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश के सबसे लंबे सी-ब्रिज अटल सेतु का उद्घाटन किया। यह पुल मुंबई से नवी मुंबई को जोड़ेगा। इससे दो घंटे की दूरी सफर मात्र 20 मिनट में पूरा होगा। दिसंबर 2016 में मोदी ने इस पुल की आधारशिला रखी थी। पुल की लागत 17 हजार 843 करोड़ रुपये है। इस 21.8 किलोमीटर लंबे सिक्स लेन वाले ब्रिज को मुंबई ट्रांस हार्बर सी-लिंक भी कहा जाता है।

### 27 को सिंदरी खाद कारखाना का उद्घाटन

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जनवरी को धनबाद आयेंगे। वह सिंदरी खाद कारखाना का उद्घाटन करेंगे। साथ ही यहां जनसभा को संबोधित करेंगे। रोड शो कार्यक्रम पर अभी विचार किया जा रहा है। यह जानकारी भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने दी। इससे पहले मोदी 14 नवंबर को रांची आये थे। रात्रि विश्राम के बाद उन्होंने 15 नवंबर को खूंटी में एक कार्यक्रम को संबोधित किया था।

### हेमंत सरकार के चार साल: उच्च एवं तकनीकी शिक्षा में बढ़े कदम

# गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का मिल रहा लाभ : राहुल पुरवार

विभागीय सचिव ने चार साल की उपब्धियों को बताया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के प्रधान सचिव राहुल पुरवार ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड के छात्रों की शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए सीएम फेलोशिप योजना लेकर आयी है। इसके तहत राज्य के सरकारी अथवा गैर सरकारी विश्वविद्यालय से पीएचडी करने वाले में अनुसंधान को बढ़ावा देने की योजना है। इसके तहत यूजीसी नेट या सीएसआइआर नेट उत्तीर्ण छात्रों को 25000 रुपये प्रतिमाह और झारखंड पात्रता परीक्षा पास छात्रों को 22500 रुपये प्रतिमाह चार साल तक दी जायेगी।

**गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना :** इस योजना से प्रतिवर्ष कुल 1000 विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। साथ ही पॉलिटेक्निक, डिप्लोमा और स्नातक स्तर पर 1500 रुपये प्रति माह, स्नातकोत्तर स्तर पर एक सेमेस्टर की अधिकतम अवधि के लिए 2000 रुपये प्रति माह की शिक्षण सहायता प्रदान की जायेगी। प्रधान सचिव शुक्रवार को सूचना भवन में हेमंत सरकार की चार साल की उपलब्धियों पर संवाददाता समेम्लन में बोल रहे थे। इस मौके पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव लोचन बख्शी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

**मिलेगा शिक्षा के लिए ऋण :** पुरवार ने कहा कि गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसके तहत छात्रों को उच्च मान्यता प्राप्त शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा के लिए चार फीसदी वार्षिक साधारण ब्याज की रियायती दर पर 15 लाख तक का शिक्षा ऋण प्रदान किया जायेगा।

**प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारियों में मदद :** प्रधान सचवि ने कहा कि यूपीएससी, जेपीएससी एवं अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारियों के लिये प्रतिष्ठित सूचीबद्ध कोचिंग संस्थानों में विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध करायी जायेगी। साथ ही 2500 रुपये का मासिक भत्ता भी दिया जायेगा। इस योजना के तहत 25 सूचीबद्ध कोचिंग संस्थानों में 27000 विद्यार्थियों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

**मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना शुरू की जा रही :** पुरवार ने बताया कि तकनीकी शिक्षण संस्थानों में छात्राओं के नामांकन के लिए मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना शुरू करने की योजना है। डिप्लोमा करने के लिए 15000 रुपये की वार्षिक सहायता एवं डिग्री के लिए 30000 की वार्षिक सहायता दी जायेगी।



### शुरू की जा रही हैं योजनाएं

प्रधान सचिव ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा शुरू की जा रही अन्य योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी। इसमें झारखंड उच्च शिक्षा योग्यता छात्रवृत्ति योजना, सेमिनार/ कार्यशाला/संगोष्ठी/सम्मेलन के आयोजन के लिए अनुसंधान अनुदान, प्रायोजित अनुसंधान परियोजनाओं के लिए अनुदान, झारखंड राज्य उच्चतर शिक्षा पुरस्कार योजना, दिव्यांग एवं अनाथ विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना आदि शामिल हैं।

### सुधार के लिए उठाये जा रहे कई कदम

प्रधान सचिव ने कहा कि राज्य में निजी विश्वविद्यालयों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को सुनिश्चित करने और मॉनिटरिंग करने के लिए मॉडल यूनिवर्सिटी एक्ट (झारखंड निजी विश्वविद्यालय विधेयक) का प्रारूप तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में घंटी आधारित शिक्षकों के पारिश्रमिक को बढ़ा कर 57,700 रुपये प्रति माह एवं पॉलिटेक्निक में 56100 रुपये प्रति माह किया गया है। रांची में स्थित विज्ञान केंद्र का उन्नयन करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही गुमला, लोहरदगा, गिरिडीह, डालटनगंज, बोकारो, धनबाद, हजारीबाग, देवघर, दुमका में ज़िला विज्ञान केंद्रों का पुनरुद्धार करने का निर्णय लिया गया है। नेतरहाट में डिजिटल प्लेटोरियम के निर्माण का निर्णय भी लिया गया है।

## न्यूज रील्स

### पश्चिम बंगाल के मंत्री-विधायक के घर इडी की रेड

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मंत्री सुजीत बोस और विधायक तापस रॉय के घर पर इडी ने शुक्रवार को छापा मारा। नगर पालिका भर्ती घोटाले को लेकर कोलकाता में टीएमसी के दोनों नेताओं के घर इडी ने तलाशी शुरू की है। कोलकाता के बाहर भी इन नेताओं के ठिकानों पर दबिश दी गयी है। साथ ही नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष के घर इडी जांच करने पहुंची।

### संजय, स्वाति और गुप्ता ने निर्विरोध जीते राज्यसभा चुनाव

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा उम्मीदवार संजय सिंह, स्वाति मालीवाल और एनडी गुप्ता ने शुक्रवार को रिटर्निंग ऑफिसर आशीष कुंद्रा से अपना सर्टिफिकेट प्राप्त किया है। तीनों ने निर्विरोध जीत दर्ज की है। अब उनका राज्यसभा जाना तय है।

### अमेरिका-ब्रिटेन ने यमन में 16 जगह अटैक किये

वॉशिंगटन/सना। अमेरिका और ब्रिटेन की सेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के नियंत्रण वाले इलाकों पर हमले कर दिये हैं। बताया जा रहा है कि हमले 16 लोकेशंस में 60 टारगेट्स पर किये गये हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हमलों के आदेश दिये थे। इसके बाद हूतियों के खिलाफ कार्रवाई हुई है।

### गहलोत-पायलट गुट में नेता प्रतिपक्ष को लेकर ठनी

जयपुर। विधानसभा सत्र शुरू होने में महज सप्ताह भर का समय बचा है, लेकिन अभी तक कांग्रेस में नेता प्रतिपक्ष के नाम पर फैसला नहीं हो पाया है। अंदरूनी खींचतान के चलते कांग्रेस में नेता प्रतिपक्ष के चुनाव को लेकर तीन धड़े बन गये हैं। तीनों ही अलग-अलग नाम आलाकमान को सुझा रहे हैं। एक तरफ सचिन पायलट खेमा है तो दूसरी तरफ पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत। गहलोत जिस नाम से सहमत नहीं, पायलट गुट उसी के लिए पैरवी करने में जुटा है। तीसरा खेमा उन नेताओं का है जो दिल्ली की सियासत में भी दखल रखता है।

# केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने झारखंड सरकार को भेजी चिट्ठी

- कहा-जिला सड़क सुरक्षा समिति के बारे में जारी अधिसूचना को संशोधित करें
- गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने लिखा था पत्र
- हर जिले में दो सड़क सुरक्षा समितियों के गठन का है प्रावधान
- एक का अध्यक्ष डीसी हैं, तो दूसरे का स्थानीय लोकसभा सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने झारखंड सरकार से कहा है कि वह जिला सड़क सुरक्षा समिति के गठन के बारे में 2022 में जारी अपनी अधिसूचना को संशोधित करे। मंत्रालय की अंडर सेक्रेटरी किरण माला कुजूर ने झारखंड के परिवहन सचिव को 11 जनवरी को एक पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि देश के हर जिले में दो सड़क सुरक्षा समिति गठित करने का प्रावधान है। इसमें से एक समिति को जिला सड़क सुरक्षा समिति और दूसरे को सांसद सड़क सुरक्षा समिति का नाम दिया गया है। पहली समिति का गठन सड़क सुरक्षा पर सुप्रीम कोर्ट की समिति के आदेश और मोटर वाहन अधिनियम के तहत संबंधित डीएम/डीसी की अध्यक्षता में किया गया है, जबकि दूसरी समिति का गठन केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय की 2019 में जारी अधिसूचना (संख्या 25043/2017) के अनुसार की गयी है। इस समिति के अध्यक्ष जिले में निवास करनेवाले लोकसभा सांसद होते हैं। इस समिति के सदस्य सचिव आरटीओ या एआरटीओ होता है। दोनों



समितियां अलग हैं, लेकिन दोनों का काम लगभग एक जैसा है।

**क्या है पूरा मामला :** दरअसल, यह पूरा मामला गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे की उस चिट्ठी से शुरू हुआ, जिसमें उन्होंने सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष की हैसियत से देवघर डीसी को 12 जनवरी को जिला सड़क सुरक्षा समिति की आपात बैठक आहूत करने और उसमें शामिल होने का आग्रह किया था। डॉ दुबे के पत्र के जवाब में देवघर डीसी ने कहा था कि प्रशासनिक व्यस्तताओं के कारण अभी बैठक बुलाना संभव नहीं है। डीसी ने झारखंड सरकार द्वारा 17 जून 2022 को जारी अधिसूचना का हवाला देते हुए यह भी कहा कि जिला सड़क सुरक्षा समिति का अध्यक्ष डीसी होता है। डीसी के इस पत्र के बाद डॉ दुबे ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पूरे मामले की जानकारी देते हुए स्थिति स्पष्ट करने का आग्रह किया था।

### झारखंड सरकार की अधिसूचना में क्या है

झारखंड सरकार ने 17 जून, 2022 को एक अधिसूचना (संख्या 65/2017/245) जारी की थी, जिसमें सड़क सुरक्षा पर सुप्रीम कोर्ट की समिति के आदेश और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय के आदेश के अनुरूप जिलों में संबंधित उपायुक्तों की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति का गठन करने की थी। राज्य सरकार ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा 2017 की अधिसूचना के आलोक में सांसद सड़क सुरक्षा समिति का गठन नहीं किया था। सांसद की पहल के बाद केंद्रीय सड़क मंत्रालय ने झारखंड सरकार को अपनी अधिसूचना में संशोधन करने को कहा है।

# रांची में हॉकी का महामुकाबला आज से

आठ देशों की टीम ओलंपिक में क्वालीफाइ के लिए आपस में भिड़ेंगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हॉकी का महामुकाबला शनिवार से रांची में शुरू हो रहा है। यह मुकाबला 13 से 19 जनवरी तक ओलंपिक क्वालीफाइ के लिए होगा। सभी मैच एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी में खेले जायेंगे। इस प्रतियोगिता में मेजबान भारत के साथ आठ देशों की टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें भारत, इटली, चीली, जापान, चेक रिपब्लिक, जर्मनी, न्यूजीलैंड और यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका की टीमें शामिल हैं। इनमें टॉप तीन टीमें पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाइ करेंगी। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एफआइएच ओलिंपिक क्वालिफाइ का उद्घाटन करेंगे। विकास आयुक्त अविनाश कुमार, खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक सुशांत गौरव और हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने राजभवन पहुंच कर उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने के लिए न्योता दिया।

### राज्यपाल करेंगे उद्घाटन



### जगन्नाथ मंदिर में इटली की टीम ने की पूजा

रांची (आजाद सिपाही)। हॉकी के महामुकाबले से पहले टीमों में जोश है। सभी आठ देशों की टीम प्रतियोगिता में बेतहर प्रदर्शन के लिए मैदान में खूब पसीना बहा रही है। इस बीच खाली समय में खिलाड़ी रांची की गलियों और पर्यटन स्थलों का लुत्फ उठा रहे हैं। इसी क्रम में इटली की टीम शुक्रवार को जगन्नाथपुर मंदिर पहुंची। भगवान जगन्नाथ के दर्शन और पूजन किया। सभी ने फोटो और सेल्फी भी ली।



# जिला ग्रामीण विकास समिति ने मनायी स्वामी विवेकानंद की जयंती

**युवा अपने अंदर की ऊर्जा को हमेशा सकारात्मक दिशा में खपायें: सुनील कुमार**

**राष्ट्र को सशक्त बनाने में अपनी महत्ती भूमिका निभायें : रंजन चौधरी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** राष्ट्रीय युवा दिवस और युग पुरुष स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार सुबह स्वयंसेवी संस्था जिला ग्रामीण विकास समिति, हजारीबाग द्वारा स्थानीय झील परिसर स्थित कैफेटेरिया गेट के समीप स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने स्वामी विवेकानंद के तस्वीर पर तिलक चंदन लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर उन्हें नमन किया। मौके पर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी स्वामी जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की स्वामी जी के बतायें बातों को अमल करें और राष्ट्र को सशक्त बनाने में अपनी महत्ती भूमिका निभायें। संस्था के अध्यक्ष धनेश्वर राणा ने कहा कि शिक्षा समाज को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करती है। यदि देश का सामाजिक जीवन सुधरेगा तभी राष्ट्र उन्नति करेगा। संस्था के सचिव सुनील कुमार ने कहा की हमारे संस्था के आदर्श स्वरूप स्वामी विवेकानंद के विचारों और उनके कृतियों से प्रेरित होकर ही हम सेवा कार्य कर पाते हैं। मौके पर संस्था डीआरडीएस द्वारा झील परिसर में लोगों के बीच मिठाई और चॉकलेट का भी वितरण किया। इस मौके पर विशेष रूप से डीआरडीएस के एमओ अशोक कुमार के साथ-साथ अंकित कुमार, आर्यन कुमार, पीसी डिफेंस अकादमी के डायरेक्टर पी सी सर, नरेश ठाकुर, तापश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## इंदिरा गांधी स्कूल मंडइकला में स्वामी विवेकानंद की मनी जयंती



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** इंदिरा गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल मंडई कला में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक बिपिन कुमार सिन्हा ने स्वामी जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद वेदान्त के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु थे। उनका वास्तविक नाम नरेंद्र नाथ दत्त था। उन्होंने अमेरिका स्थित शिकागो में सन 1893 में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था तथा उस अवसर पर जो विद्वतापूर्ण व्याख्यान उन्होंने दिया था, उसने पूरे विश्व को चकित कर दिया था। भारत का आध्यत्मिकता से परिपूर्ण वेदान्त दर्शन अमेरिका और यूरोप के हर एक देश मे स्वामी विवेकानंद के व्याख्यान की चर्चा लंबे समय तक बनी रही थी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक प्रियंका, राहुल दुबे, रुस्तम अंसारी, योगेंद्र पासवान, अभिषेक पांडेय, आशीष ओझा, राखी सिन्हा, स्वेता रानी, संजू मेहता, गीता कुमारी, खुशबू सिंह, सबा खान, स्वेता यादव, सोनी स्वर्णकार, वसीम अहमद उपस्थित थे।

## हजारीबाग में युवा दिवस समारोह का आयोजन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** आज के कार्यक्रम युवाओं का युवाओं के लिए और युवाओं द्वारा के चिंतन पर आयोजित किया गया। विभाग के फेलोशिप प्राप्त शोधार्थियों ने मंच को सुशोभित किया। प्रथम समसत्र के सर्वाधिक उपस्थिती प्राप्त पांच विद्यार्थियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विभाग के कुल 21 विद्यार्थी वक्ताओं ने विवेकानंद के जीवन और चिंतन के अलग-अलग बिंदुओं पर अपने विचार रखें। सर्वश्रेष्ठ वक्ता के रूप में अनन्या शर्मा का, द्वितीय स्थान पर विधि कुमारी का और तृतीय स्थान के लिए विषेक विद्यार्थी का चयन किया गया। तत्पश्चात आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दीपशिखा कुमारी ने प्रथम और सुरभि कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को डॉ बीपी सिंह, डॉ अजय बहादुर सिंह और पत्रकार मुरारी सिंह ने पुरस्कार से सम्मानित किया। भाषण प्रतियोगिता में श्वेता कुमारी और रुखसाना बानो ने निर्णायक की भूमिका अदा की। क्विज प्रतियोगिता का संचालन रवि विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र कुमार और विकास कुमार रवि ने किया। धन्यवाद ज्ञापन महेंद्र पंडित ने किया। इस अवसर पर विभाग अध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा और वरिय प्राध्यापक डॉ प्रमोद कुमार उपस्थित थे।

## खुद को बदलने से ही युग बदलेगा: बटेश्वर मेहता



**इचाक (आजाद सिपाही)।** जगरन्नाथ महतो इंटर महाविद्यालय उरूका में स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर बसंत कुमार तथा संचालन प्रोफेसर राजेंद्र यादव ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता उपस्थित थे। स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण के बाद बारी-बारी से पुष्पांजलि महाविद्यालय परिवार द्वारा अर्पित किया गया। महाविद्यालय के अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि-खुद को बदलने से ही युग बदलेगा। युवा शक्ति के सुनियोजन से भारत विश्व गुरु बनेगा। प्राचाय बसंत कुमार ने कहा कि इन दिनों सांस्कृतिक परिवर्तन की नयी गाथा लिखी जा रही है, इसमें भारत का स्वाभिमान संस्कृति को नये सिरे से लिखा जा रहा है। शिक्षक प्रतिनिधि प्रोफेसर विजय कुमार दास ने कहा कि यह देश गौरवशाली इतिहासों और संघर्षों से भरा हुआ है, जहां युवाओं की एक हलचल ने पूरे देश में बड़ा परिवर्तन लाया है। कार्यक्रम में प्रोफेसर रामप्रकाश मेहता, उमेश कुमार, प्रेमचंद कुमार पंत, सुशील कुमार, जयप्रकाश कुमार, सुषमा कुमारी, संतोष कुमार, अजय कुमार, सविता देवी, पूनम कुमारी, सुनैना, सेजल, चांदनी, सुजीत, आकाश, शुभम आदि उपस्थित थे।

## श्याम बाबा का अरदास कीर्तन ग्रिजली विद्यालय में

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** श्याम शरण में आ जा रे... का 21वॉ अरदास कीर्तन का आयोजन ग्रिजली विद्यालय तिलैया डैम में शनिवार को संध्या 5 बजे से आयोजित होगा। यह जानकारी श्याम शरण में आ जा रे... के रवि दाहिमा पप्पु सिंह ने संयुक्त रूप से दी। उन्होने बताया कि बच्चों की पाठशाला में पहली बार बाबा श्याम का अरदास कीर्तन आयोजित हो रहा है। जहॉ कि छात्र-छात्राएं स्वयं बाबा श्याम का दरबार बना रहे है। उन्होने श्रद्धालु भक्तों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## नि:शुल्क हीलिंग कैंप का आयोजन आज

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** प्राणिक हीलिंग एक ऊर्जा तकनीक, है जिसके द्वारा आप अपनी शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक बीमारियों को ठीक कर सकते हैं और अपने जीवन के हर क्षेत्र में इसका उपयोग कर इस ऊर्जा तकनीक से लाभ पा सकते है। दिन शनिवार 13 जनवरी श्री अग्रसेन भवन में फ्री प्राणिक हीलिंग कैंप का आयोजन किया जायेगा। प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केडिया और सचिव सारिका लड्ढा ने बताया कि कैंप में कोई भी व्यक्ति नि:शुल्क लाभ ले सकता है। उन्होंने बताया कि हीलिंग एक व्यापक शब्द है जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्तर पर रोगों, तनाव, दु:ख, बीमारियों और अस्तित्व के विभिन्न प्रकार के संकटों को ठीक करने की प्रक्रिया को दर्शाता है। इसका मुख्य उद्देश्य संतुलन, पुनर्स्थापना और पुनर्योग को स्थापित करके पूर्ण स्वास्थ्य, सुख और आत्मिक समृद्धि को प्राप्त करना होता है।

## प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को यरटी बजा कर बुलाया गया स्कूल



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार का सिटी बजाओ स्कूल बुलाओ कार्यक्रम के तहत प्राथमिक विद्यालय असनाबाद के बच्चों ने सिटी बजाकर सभी छात्रों को बुलाते हुए स्कूल पंहुचे। बताते चले कि झारखंड सरकार ने कार्यक्रम आयोजित कर सिटी बजाओ स्कूल बुलाओ के तहत 1 घंटे का कार्यक्रम कर सोशल मीडिया पर हैशटैग करने का निर्देश जारी किया था। जिसका अनुपालन करते हुए झारखंड के तमाम स्कूल में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राथमिक विद्यालय असनाबाद के बच्चों सहित विद्यालय के शिक्षक ने भी अपना योगदान देते हुए बच्चों को सिटी बजा कर स्कूल बुलाया। वहीं विद्यालय में बच्चों का चार ग्रुप गंगा, यमुना, कावेरी और विवेकानंद के नाम से बनाया गया है। विद्यालय के चारों दिशा में रहने वाले बच्चे को विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से सिटी उपलब्ध कराया गया और चारों दिशाओं के बच्चे अपने-अपने घर से सिटी बजाते हुए निकले और उनके पीछे-पीछे अन्य बच्चे निकलते गये। सभी बच्चे सिटी की आवाज से समूह में आज विद्यालय पंहुचे। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आलोक कुमार सिन्हा, सदस्य सुषमा देवी, खुशबू देवी के अलावा विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापक इंदु कुमारी, सहायक शिक्षक सीता कुमारी, सहायक अध्यापक कुमारी मीता, रविन्द्र कुमार यादव शामिल थे।

## आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनी



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बाघमारा स्थित सीबीएसइ प्राप्त आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा में स्वामी विवेकानंद की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। वहीं निदेशक रामदेव प्रसाद यादव ने कहा कि धर्म की महत्व और भारत के परिवेश को अच्छी तरीके से विश्व के मानचित्र पर लाने का काम स्वामी विवेकानंद किया था। बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के होने के कारण वाक्य में काफी तेज थे। इन्होंने अहिंसा परमो धर्म और हिंदुस्तान की मर्यादा और संस्कार को विश्व को दिखाने का काम किया। वहीं प्राचार्य प्रो. दशरथ प्रसाद राणा ने कहा कि अमेरिका के शिकागों शहर में इन्होंने अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया था। जब समस्त विश्व के लोगों को भाइयों और बहनों शब्द से संबोधन करते हुए अपने वक्तव्य को प्रारंभ किया था। मानव के सच्चे धर्म और सच्ची कर्तव्य निष्ठा के बल पर देश को आगे बढ़ाने में युवाओं की भूमिका के रूप में इन्होंने अपने आपको देश के सामने लाने का काम किया आज समस्त युवा पीढ़ी इन्हें प्रेरणादायक मानकर उनके नक्शे कदम पर चलने का प्रयास करते हैं। मौके पर वरीय शिक्षक लक्ष्मण चंद्र यादव, श्याम सुंदर यादव, ब्रह्मदेव पांडेय, महेश्वर पांडेय, विनोद यादव, पिंटू कुमार पांडेय, सिकेंद्र यादव, प्रकाश यादव, महेश यादव, शंकर दास, रंजीत सिंह, संजय यादव, विकास पाठक, मनीष कुमार, सुभाष चन्द्र, सुजीत राज, विनोद शर्मा, कपिल देव गुप्ता, विक्रम पांडेय, सकलदेव साव, वीरेंद्र कुमार यादव, शिक्षिका गायत्री देवी, प्रियंका देवी, अनु कुमारी, करीना कुमारी, खुशबू खातून, रेणु देवी सहित विद्यालय के सभी कर्मी और छात्र-छात्रा मौजूद थे।

# दोस्तों ने मिल कर कर दी वीरेंद्र साव की हत्या, कुएं से शव बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** दारू थाना क्षेत्र के मेढ़कुरी निवासी विजय साव के पुत्र बिरेंद्र साव की हत्या उसके दोस्तो ने मिलकर कर दी। हत्या के बाद बिरेंद्र साव के शव को कुएं में डाल दिया और फरार हो गये। घटना को अंजाम देने वाले दो हत्यारे दोस्त को कोर्रा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनकी पहचान धीरज कुमार पिता तापेश्वर प्रसाद मेहता ग्राम घाघरा, थाना दारु और मनीष मेहता पिता राजेन्द्र प्रसाद मेहता ग्राम बरियठ थाना इचाक जिला हजारीबाग के रूप में हुई है। मृतक के पिता विजय साव, पिता तुलसी साव ने कोर्रा थाना में अपने बेटे बिरेन्द्र साव की गुमशुदगी की सूचना कुछ दिन पूर्व दिया था। जिसपर कोर्रा पुलिस ने सनहा दर्ज कर एसआइ अजित कुमार को जांच का जिम्मा सौंपा। जांच के क्रम में बिरेन्द्र साव के दोस्तो से पुछताछ की गयी। पुछताछ के क्रम में बिरेन्द्र साव के दोस्तो के मोबाइल का अवलोकन बाद कड़ाई से पुछताछ करने पर बताया कि हमलोगों का आपस में कहा सुनी हो गयी थी। जिसके उपरांत हमलोग मिलकर उसकी हत्या कर दिये और शव को इचाक स्थित हदारी स्कूल के समीप एक कुंए में छुपा दियें है। उनके निशानदेही पर मृतक बिरेन्द्र साव का शव को बरामद किया गया, जिसकी सिनाख्त उनके परिजनो के द्वारा की गयी। मृतक के पिता के लिखित आवेदन के आधार पर कोर्रा थाना कांड संख्या 7/24 धारा 302/201/34 के तहत दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का जन जागरण कार्यक्रम

**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** बरही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चंदवारा प्रखंड के थाम बाजार में आयोजित झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के द्वारा जन जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आगामी 24 जनवरी को हजारीबाग के नगवा हवाई अड्डा के समीप झारखंडी महापंचायत में लोगों को अधिक से अधिक आने के लिए अभियान चलाया गया। मौके पर बरही विधानसभा क्षेत्र जेबीकेएसएस नेता कृष्णा यादव, छात्र नेता मनोज यादव, महेंद्र प्रसाद, कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के संतोष यादव, समाजसेवी भुनेश्वर यादव, सक्रिय कार्यकर्ता सचिन यादव, शंकर गोस्वामी, सरिता देवी, राजेश पंडित, अशोक यादव, कैलाश यादव, श्रीकांत गोस्वामी, रामचंद्र यादव, अनिल यादव, प्रवीण कुमार, शैलेन्द्र यादव, अभिषेक यादव, सुरेश यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।

## जेबीकेएसएस का मड़मो में जन जागरूकता अभियान



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के मड़मो में शुक्रवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने जन-जागरुकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि पूजा महतो और मनोज यादव उपस्थित थे। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड अलग राज्य बने 23 साल बीत गये लेकिन अभी तक झारखंडियों को उनकी पहचान नहीं मिली। झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सुनील महतो, बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हु जैसे अनेक वीर शहीदों के नाम पर प्रतिमा स्थापित की गयी है। उनकी जयंती के मौके पर माल्यार्पण किया जाता है। क्योंकि उनकी शहादत के वजह से ही हमलोगों को अलग झारखंड राज्य मिला है। कहा कि झारखंड के शहरी इलाकों में बड़ी बड़ी मकानों के मालिक बाहरी हैं। झारखंड का निर्माण हमारे पूर्वजों के खून पसीने और बलिदान से हुआ, हमे उनकी शहादत को व्यर्थ नहीं जाने देना है अतः लोगों से जागरूक होने की अपील की। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति द्वारा आयोजित जागरूकता अभियान में मड़मो समेत आस पास के ग्रामीण महिला पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## जदयू नेता अर्जुन मेहता ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बरकट्ठा।** जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश सचिव सह बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी अर्जुन कुमार मेहता ने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के झारखंड आगमन पर भव्य स्वागत की तैयारी को लेकर बरकट्ठा के विभिन्न गांवों का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। झारखंड के रामगढ़ स्थित फुटबॉल मैदान में प्रस्तावित जदयू का नीतीश जोहार कार्यक्रम जिसमें नीतीश कुमार मुख्य रूप से शामिल होंगे। अर्जुन मेहता के नेतृत्व में बरकट्ठा बाजार, बंडासिंघा, पंचपेडी चौक, तूईयो, बेडोकला आदि जगहों पर लोगों से मिल कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया। जनसंपर्क अभियान में जिला उपाध्यक्ष भीम मेहता, जिला महासचिव बसंत मेहता, जिला सचिव मनीरुद्दीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार, मनीष यादव, इसराइल मियां, मंजू देवी, कुंदन कुमार, सोनू कुमार, सच्चिदानंद कुमार, आरिफ अंसारी, मुकेश दास, विक्रम प्रसाद, मेघवाल प्रसाद, लालमणि प्रसाद, रामू राम प्रसाद, राहुल कुमार राणा समेत आदि लोग शामिल थे।

# प्रीति कुमार से इडी ने की पूछताछ

**बर्लिन अस्पताल की जमीन मामले में किया गया था समन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रीति कुमार शुक्रवार को दोपहर करीब एक बजे रांची स्थित इडी के जोनल कार्यालय पहुंचीं। बर्लिन अस्पताल की जमीन मामले में इडी ने बयान दर्ज कराने के लिए समन जारी किया था। इससे पूर्व पहला समन भेज कर 3 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। हालांकि प्रीति कुमार ने इडी से समय की मांग की थी। इसके बाद इडी दूसरा समन भेज कर 12 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया।

बता दें कि पांच दिसंबर को इडी के अधिकारी सर्वे करने बर्लिन अस्पताल पहुंच कर अस्पताल की जमीन से जुड़े दस्तावेजों को खंगाला था। इस दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस को जब्त किया गया। अस्पताल की जमीन का मालिकाना हक प्रीति कुमार के नाम है।

## लैंड स्कैम मामले में विष्णु अग्रवाल को मिली जमानत

**रांची (आजाद सिपाही)।** लैंड स्कैम के आरोपी रांची के चर्चित व्यवसायी विष्णु अग्रवाल को झारखंड हाइकोर्ट ने जमानत दे दी है। कोर्ट ने विष्णु अग्रवाल की जमानत के लिए यह शर्त रखी है कि उन्हें एक-एक लाख के दो निजी मुचलके ट्रायल कोर्ट में भरना होगा। साथ ही उन्हें अपना पासपोर्ट भी ट्रायल कोर्ट में जमा करना होगा। विष्णु अग्रवाल की जमानत अर्जी पर हाइकोर्ट में 5 जनवरी को सुनवाई पूरी हो गयी थी। इसके बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन की कोर्ट में विष्णु अग्रवाल की ओर से हाइकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, सुमित गड़ोदिया, अर्पण मिश्रा और ऋषभ कुमार ने बहस की। विष्णु अग्रवाल लैंड स्कैम केस में प्रमुख आरोपी हैं।

# अडाणी फाउंडेशन ने स्वयं-सहायता समूह की महिलाओं के बीच बांटे रसोइ बर्तन सेट

**महिलाओं ने कहा, अडाणी फाउंडेशन के इस प्रयास से जुड़कर बेहतर होगा भविष्य**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अडाणी फाउंडेशन ने परियोजना प्रभावित गांवों की महिलाओं के बीच रसोई बर्तन सेट का वितरण किया। इस अवसर पर गोन्दलपुरा, गाली, बलोदर और आसपास के गांव की सौ से अधिक महिलाएं मौजूद थीं। कार्यक्रम का आयोजन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बीच उत्साह का संचार करते हुए उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए किया गया था। इसी कड़ी में हर एक महिला को बर्तन सेट दिया गया ताकि वे अपने कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते रहें और स्वरोजगार के लिए लगातार कार्यरत रहें।

कार्यक्रम में महिलाओं ने इसे अडाणी फाउंडेशन का एक सराहनीय कदम बताते हुए कहा कि इस प्रयास से जुड़कर उनका भविष्य बेहतर होगा। महिलाओं ने यह भी कहा कि उनके घरेलू जरूरतों के हिसाब से उन्हें सेट प्रदान किया गया है, जो उनकी दैनिक जरूरतों को पूरा करेगा। कार्यक्रम में शामिल होकर महिलाएं बेहद उत्साहित नजर आयीं।

**महिलाओं के उत्थान के लिए लिए चल रही कई योजनायें :** बड़कागांव प्रखंड में अडाणी फाउंडेशन की ओर से महिलाओं के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं चलायी जा रही हैं। इस कड़ी में सिलाई-कढ़ाई के साथ-साथ कंप्यूटर की नि:शुल्क ट्रेनिंग दी जा रही है। इसके अलावा छात्र-छात्राओं के लिए एकलव्य छात्रवृति योजना शुरू की गयी है। स्वरोजगार को ध्यान में रखते हुए गंगा एसएचजी का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। अभी हाल ही में बड़कागांव प्रखंड के युवाओं के लिए सेना बहाली प्रशिक्षण के पहले बैच की शुरूआत कर दी गयी है। यहां से प्रशिक्षण पाकर 30 युवा भारतीय सेना, अग्निवीर, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आटीबीपी, सीआईएसएफ और पुलिस में बहाल होकर देश की सेवा में जा सकते हैं। इस अवसर पर उपमहाप्रबंधक संजय कुमार, उपमहाप्रबंधक (सुरक्षा) पुण्डरीक मिश्रा, सेवानिवृत पुलिस उपाधीक्षक सूर्य कुमार सिंह और सीएसआर के उपप्रबंधक मोहित गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# टिंकल भगत की जमानत पर इडी से मांगा जवाब

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** साहिबगंज के पत्थर कारोबारी टिंकल भगत की जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति एसएन पाठक की कोर्ट ने मामले में इडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 2 फरवरी को होगी। प्रार्थी के अधिवक्ता अनिल कुमार ने कोर्ट को बताया कि अवैध खनन का मामला शेड्यूल ऑफिंस में नहीं आता है, जिस प्लॉट पर अवैध माइनिंग की बात कही जा रही है, वह प्लॉट सरकार से लीज पर लिया गया था। प्रार्थी को इडी ने समन कर तीन बार बुलाया था, जिस पर वह इडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। मामले के एक सह आरोपी कृष्णा साहा को हाइकोर्ट से जमानत मिल चुकी है। इसलिए प्रार्थी को भी जमानत दी जाये। बताते चलें कि इडी की विशेष अदालत ने पूर्व में टिंकल भगत जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उनकी ओर से हाइकोर्ट में जमानत के लिए अर्जी दाखिल की गयी है। मामले में इडी ने टिंकल भगत के खिलाफ 2 सितंबर को अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। टिंकल साहिबगंज में एक हजार करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले से जुड़ा है। टिंकल भगत को इडी ने 7 जुलाई 2023 को गिरफ्तार किया था। वह सीएम के बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का खास सहयोगी माना जाता है।

## बस स्टैंड की सीलिंग पाइप में लटकता हुआ मिला शव

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू थाना अंतर्गत कोतो पंचायत के तिलैयाटांड़ निवासी गौतम राम उम्र लगभग 28 वर्ष, पिता बिनोद राम इकोनॉमिक्स स्कूल के सामने बस स्टैंड के सीलिंग पाइप में लटकता शव को ग्रामीणों ने देखते ही पुलिस को जानकारी दी। पतरात पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। घटना की जानकारी मृतक के परिजन को भी दी गयी। बताया जाता है कि मृतक गौतम राम का विवाह हेसला इकोनॉमिक्स स्कूल के अपोजिट साइड एफो टाइप आवास में अनूप राम की पुत्री से 9वर्ष पूर्व हुई थी। उसका एक पुत्र 7 वर्ष का और एक पुत्री 6 वर्ष का है। वहीं मृतक के पिता द्वारा थाना में आवेदन भी दिया गया। आक्रोशित परिजनों ने पतरातू थाने का घेराव भी किया साथ ही पतरातु रांची मुख्य मार्ग को जाम किया। पुलिस द्वारा परिजनों से वार्ता की गयी कहा गया कि पुलिस द्वारा जांच की जा रही है । उसके बाद परिजनों द्वारा जाम हटा लिया गया।

### रामगढ़ में एक बार फिर कोयला तस्कर सक्रिय, बैठकों का दौर जारी

# खरमास के बाद नारियल फोड़ने की तैयारी

**अवैध मुहानों को खोलने के लिए शुरू हुआ पैसों का बंटवारा**

**इलाके में स्थापित पावर प्लांट और डेहरी मंडी है कोयला भेजने की तैयारी**

बीरु कुमार



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** करीब दो साल बाद रामगढ़ में फिर एक बार कोयला तस्करों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया है। रांची पटना मुख्य मार्ग स्थित होटलों और कोयला मंडी स्थित कार्यालयों में बैठकर तस्करी की योजना बनाना शुरू कर दिया है। कारोबार में शामिल होने वाले तस्कर काफी उत्साहित हैं। मीटिंग में बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। साथ ही कारोबार कैसे और कंहा से स्मूथ चलेगा इसकी मजबूत रणनीति बना रहे है।

**इलाके में स्थापित प्लांट और डेहरी मंडी है कोयला भेजने की तैयारी:** इधर सूत्रों ने बताया कि जिले में एक बड़े उद्योगपति के अलावा कई बड़े कोयला तस्कर है। जिसके इशारे पर तस्करी करने की तैयारी शुरू हुई है। बताया जाता है कोयला का बड़ा खेप पावर प्लांट पहुंचेगा। उसी के आड़ में कुछ कोयला ट्रकों के सहायता से बिहार के कोयला मंडियों में अवैध कोयला भेजने की तैयारी है। जिससे एक बार फिर अवैध कारोबार के कारण रामगढ़ के माथे पर एक बड़ा कलंक लगेगा।

**पुराने उस्ताद फिर लगायेंगे काले कारोबार के समुद्र में डुबकी:** रामगढ़ में शुरू होने वाली कोयला तस्करी में पुराने उस्ताद ही बागडोर संभालेंगे। क्योंकि उन्हें मैनेज करने का लंबा अनुभव है। जिसके कारण तस्करी को हरी झंडी दिखाने वाले लोग पुराने तस्कर पर भी भरोसा जता रहे है। हालांकि कोयला तस्कर और उनके आंका अपने अपने मंसूबों में कितना कामयाब होंगे, ये तो आने वाला समय बतायेगा।

**जल्द खुलेगा अवैध कारोबार का दरवाजा**

इधर कारोबार से जुड़े लोगों ने बताया कि कोयला तस्करी करने के लिए सभी स्तर पर बात हो गयी है। बहुत जल्द ही रामगढ़ में अवैध कारोबार का दरवाजा खुलेगा। जो लंबे समय जारी रहेगा। बताया कि खरमास होने के कारण कोई काम शुरू नहीं करना चाह रहा है। लेकिन खरमास खत्म होते ही जिले में नारियल फोड़ दिया जायेगा। जिसके बाद से कारोबार को गति दे दिया जायेगा।

**अवैध मुहानों को खोलने के लिए शुरू हुआ पैसों का बंटवारा**

इधर सूत्रों ने बताया कि खरमास के बाद कोयला तस्करी बड़े पैमाने पर शुरू हो। इसके लिए अभी से ही बड़े स्तर तैयारी शुरू कर दी गयी है। कारोबारी अवैध मुहानों को खोलने के लिए पैसों का बंटवारा शुरू कर दिया है। ताकि मुहाना रहने से अवैध खनन की प्रक्रिया में कोई अड़चन उत्पन्न नहीं होगा। सीधे तौर पर खनन शुरू करा दिया जायेगा। साथ गाड़ियों को लोडिंग में लगा दिया जायेगा।

## 22 जनवरी को मनायें दीपोत्सव : जगेश्वर प्रजापति



**कुजू (आजाद सिपाही)।** उज्जवला फाउंडेशन ने बोंगावार फोरलेन स्थित मोतीराम कांप्लेक्स में मांडू विधायक जेपी पटेल के सौजन्य से मिले कंबल और मकर संक्रांति पर्व के मौके पर चूड़ा-तिलकुट के पैकेट का वितरण किया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि सह फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति मौजूद रहे। इस दौरान जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि मानव की सेवा करना ही हम सभी का परम कर्तव्य है। फाउंडेशन सदस्यों के बीच मुस्कुराहट बनी रहे इसके लिए फाउंडेशन सदैव प्रयासरत है। उन्होंने आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर सदस्यों से घर-घर दीपोत्सव मनाने की अपील की। इस दौरान बड़का चुम्बा के 28, कुजू दक्षिणी पंचायत के 14 व कुजू पश्चिमी पंचायत के 11 सदस्यों के बीच कंबल और चूड़ा तिलकुट पैकेट का वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रही फाउंडेशन सचिव आशा कुमारी ने फाउंडेशन के अध्यक्ष द्वारा सदस्यों के लिए निस्वार्थ भावना से किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए दीर्घायु होने की कामना की। मौके पर कौशल्या देवी, मन्सरी देवी, सुमन देवी, संगीता देवी, ईशा कुमारी, रुपा कुमारी, सुनीता, धनेश्वरी, देवन्ति, ललिता, सोनी, गुड़िया बानो, प्रीति, प्रियंका, तमन्ना रेखा देवी समेत कई सदस्य शामिल रहे।

## पुलिस ने भाकपा माओवादियों की साजिश को किया विफल, फायरिंग करते भागे नक्सली

**चतरा (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के नक्सलियों की बड़ी साजिश विफल कर दिया। कुंदा थाना क्षेत्र के करीलगड़वा इलाके में सड़क निर्माण कंस्ट्रक्शन कंपनी साइट पर हमला कर बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में जुटे नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने खदेड़ दिया। दहशत फैलाने और लेवी वसूली के नियत से नक्सलियों ने बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। सुरक्षाबलों द्वारा घेराबंदी की सूचना मिलते ही नक्सलियों ने करीलगड़वा-कुंदा पक्की सड़क निर्माण कार्य में लगे ट्रैक्टर और मिक्सर मशीन पर फायरिंग करते हुए भाग निकले। इस सड़क का निर्माण 4 करोड रुपये की लागत से जय मां अंबे कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा कराया जा रहा है। मौके पर दलबल के साथ पहुंचे सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी और कुंदा थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह द्वारा इलाके की घेराबंदी कर नक्सलियों के धर-पकड़ के लिये विशेष छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। 8-10 की संख्या में आये हथियारबंद नक्सलियों ने घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने कंस्ट्रक्शन साइट से दो ट्रैक्टर और मिक्सर मशीन को कब्जे में लेकर थाना ले आयी।

## गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर की बैठक




**चतरा (आजाद सिपाही)।** गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर आज उपायुक्त अबु इमरान ने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में बैठक कर कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार किया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में परेड, झंडोतोलन, खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने एक एक कर सभी संबंधित अधिकारियों संग विचार विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने मुख्य कार्यक्रम स्थल के साथ साथ सरकारी कार्यालयों में निर्धारित समय पर झंडोत्तोलन करने हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने परेड की तैयारी, झांकियों की थीम समेत अन्य विषयों पर भी कई निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, सिविल सर्जन चतरा डा. जगदीश प्रसाद, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी बिनिता कुमारी, नजारत उप समाहर्ता विजय दास, जिला जन सम्पर्क कार्यालय से सहायक जन सम्पर्क पदाधिकारी सह सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर शशिकांत कुमार समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।

## जिला स्वास्थ्य विभाग की बैठक संपन्न

**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक मे मुख्य रूप से गर्भवती महिला का एएनसी जांच, संस्थागत प्रसव, सिजिरियन, आयरन, कैल्शियम, फोलिक एसिड, हीमोग्लोबिन जांच, एचआईवी जांच, कुपोषण उपचार केन्द्र, एसएनसीयू, नियमित टीकाकरण, कुष्ठ रोग, टीवी रोग, मलेरिया, एनसीडी स्क्रीनिंग, स्वास्थ्य संस्थान की आधारभूत संरचना, मानव संसाधन की उपलब्धता, सभी स्वास्थ्य संस्थानों में मूलभुत सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय, एम्बुलेंस की उपलब्धता को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सोलर आधारित विद्युत सप्लाई जहां बाधित है। उसे संबंधित विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। सभी गर्भवती महिलाओं का चारो प्रसव पूर्व जांच कर हुए शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराने का निर्देश दिया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक को शिक्षा विभाग को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए गर्भवती महिलाओं को परामर्श सेवा देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन डा. जगदीश प्रसाद, जिला आरसीएच पदाधिकारी डा. एल.आर. पाठक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनी कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक, सदर अस्पताल उपाधीक्षक डा. मनीष लाल, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, कार्यक्रम प्रबंधक समेत अन्य पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## विवेकानंद जयंती पर खेलकूद प्रतियोगिता



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय युवा दिवस और स्वामी विवेकानंद जयंति के अवसर पर आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हंटरगंज नगर इकाई द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हंटरगंज के फिजिकल एकेडमी जीरो टू सक्सेस में किया गया। इस प्रतियोगिता में लड़के और लड़कियों की दौड़ और कबड्डी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला कार्यवाह पंकज कुमार और रामनारायण महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जैनेंद्र कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर किया गया। वहीं प्राचार्य जैनेंद्र सिंह ने अभाविप के द्वारा किये जाने वाले अनेकों कार्यक्रम और विद्यार्थियों के हित में किये जाने वाले कामों को बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर सैकड़ों प्रतिभागियों के अलावा अभाविप के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिसमें नगर मंत्री सोनमल सिंह, इंद्र कुमार गुजराल, मयंक कुमार, राजीव सिंह, सौरव देशमूख, अमन कुमार व एकादमी के सदस्य तख्त सिंह के अलावा अभाविप झारखंड के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रभाकर सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## आवास से संबंधित मांगों को लेकर निकाली गयी आक्रोश रैली

**महिला रेलकर्मियों ने अपने रेल आवासों की समस्याओं को ठीक करने के प्रति जोरदार नारेबाजी की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकाकाना।** पतरातू, भुरकुंडा, रांची रोड और बरकाकाना स्थित रेलवे आवासों की जर्जर अवस्था को ठीक करने, रेलवे कालोनी की साफ सफाई करने, आवासों में दो वक्त पानी की आपूर्ति करने, कालोनी की सड़कों की मरम्मती करने तथा रेलवे प्रक्षेत्र में निवासियों को सुरक्षा प्रदान करने की मांगों को लेकर प्रशासनिक उदासीनता के विरोध में बरकाकाना एरिया में अवस्थित ईसीआरकेयू के बरकाकाना, पतरातू वन तथा पतरातू टू शाखाओं के सक्रिय रेलकर्मी सदस्यों ने बरकाकाना में आक्रोश रैली निकाली। यह रैली बरकाकाना यूनियन कार्यालय से मेन रोड होते हुए सहायक मंडल अभियंता बरकाकाना कार्यालय परिसर में पहुंच कर आमसभा के रूप में बदल गयी। रैली में शामिल युवा और महिला रेलकर्मियों ने अपने रेल आवासों की समस्याओं को ठीक करने के प्रति जोरदार नारेबाजी की। रैली और आमसभा का नेतृत्व इसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पी एन एम प्रभारी मो ज्याऊद्दीन ने किया। रैली और आमसभा में सहायक महामंत्री ओमप्रकाश के साथ तीनों शाखा के सचिव ने आंदोलन कार्यक्रम में शामिल रेलकर्मियों को विभिन्न आवासीय समस्याओं के प्रति प्रशासन की उपेक्षा भरी नीतियों को बताया। उन्होंने कहा कि जोन फंड से मरम्मत कार्य करवाया जाता है लेकिन यह फंड केवल प्रशासनिक भवनों और स्टेशन के मरम्मत कार्यों में लगा दिया जाता है और रेल आवासों को अपने खस्ता हाल पर छोड़ दिया जाता है। इसीआरकेयू की मांग है कि कालोनी के कार्यों को करने के लिए जोन फंड अलग से निर्धारित किया जाये। जिससे केवल रेलवे आवासों का ही मरम्मत कार्य कराया जा सके। मौके पर सरयू प्रसाद, संजय, आर के चौबे, मुकेश, धर्मेन्द्र, अनिल राय, छोटन, जीतू, चंद्रदेव, अमर यादव, आर के कुमार, फुलकुमारी, रीना, फूलोदेवी, प्रियंका, लक्ष्मी, ललिता, संगीता, देवव्रत, शशि, हीरा लाल, सूरज, अमित, विक्रम, कुमार धरणीधर, मो कुतुबुद्दीन, कुश, लालबाबु, सुधीर, रवि, शुभम, सत्येंद्र, आर के नारायण, मृत्युंजय, पियुष, संतोष, सनोज, राजेश, राजकुमार, आकाश, दिगंबर, प्रकाश, आनंद, सुरेन्द्र, प्रेमराज, सहित दर्जनों रेलकर्मी उपस्थित रहे।

## अयोध्या से आये अनिरुद्ध शास्त्री का हुआ स्वागत



**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू चट्टी स्थित राजा गोसाई धाम में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या धाम से आये अनिरुद्ध शास्त्री और उनके टीम का भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात गुरुवार की संध्या में राजा गोसाई धाम में स्थित मंदिरों में पुष्पांजलि का आयोजन किया गया। बाद में अनिरुद्ध शास्त्री ने लोगों को आगामी 22 जनवरी को श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में रामलाल प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर राजा गोसाई धाम में हर्षोल्लास से मनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। साथ ही फरवरी माह में सभी लोगों को अयोध्या आने का निमंत्रण दिये। इसके अलावा नेशनल गेम रेसलिंग में गोल्ड मेडल प्राप्त किये हर्ष स्नेही पिता पंकज स्नेही को सम्मानित किया गया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। इस अवसर पर थाना प्रभारी अवधेश कुमार, मुखिया अनीता देवी, अध्यक्ष रविंद्र कुमार, सचिव सर्वजीत सिंह, मनोज मोदी, बालेश्वर भुइयां, विरेंद्र लाल, विवेक सिंह, रोशन साव, विजय प्रसाद, शिवनाथ, हर्षित कुमार, धनेश्वर साव, महेश यादव, वासुदेव गंझू, युगेश्वर महतो, विनोद महतो, शिवम पांडेय, रंजू देवी, रेखा देवी, संजू देवी, अनिता देवी, सीता देवी आदि मौजूद थे।

## गरीबों की सेवा करती रहेगी राजद: संतोष



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रीवर साइड भुरकुंडा स्थित राजद कार्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव के सौजन्य से 500 गरीब-जरूरमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव व संचालन राजद के वरिष्ठ नेता जानकी ठाकुर ने किया। मुख्य अतिथि राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष गिरधारी गोप, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी विनय सिंह चौहान, युवा राजद के प्रदेश महासचिव संजय यादव, पूर्व मुखिया लव कुमार महतो और संतोष यादव ने जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण करते हुए कहा की गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजद द्वारा पिछले सात वर्षो से जनवरी माह में कड़ाके की ठंड से राहत पहुंचाने को ले जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा ही मानव धर्म और इंसानियत भी है। प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव ने कहा की राजद गरीब-गुरबों की पार्टी है। उन्होंने कहा की गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने सबों को नववर्ष 2024 की बधाई देते हुए कहा कि राजद हमेशा गरीबों की सेवा करती रहेगी। मौके पर जानकी ठाकुर, प्रमोद कुमार उर्फ पप्पू, सुभाष तिवारी, रवि सोनी, दिलीप सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थें। कंबल पाने वालो में गणेश सिंह, शशिकांत पांडेय, आनंद साव, विजय पासवान, गुड़िखा खातुन, मकसुद पठान, जावेद हुसैन, रानी देवी, बलकू भुंइया, रीना देवी, बासमती देवी, पिनिया देवी, मुन्नी, पूनम देवी, नमिता देवी, सबिता देवी, सुनिता देवी, अनिल, खिजवा देवी, सुनीता देवी, आशा देवी, शबनम परवीन, शीला देवी, अनिता देवी, गीता देवी सहित लगभग 500 लोग शामिल हैं।

## गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव के दूसरे दिन निकाली गयी प्रभात फेरी, उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता





**रामगढ़।** आगामी 17 जनवरी को श्री गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाने को लेकर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वाधान में प्रभातफेरी निकाली जा रही है। प्रभातफेरी के दूसरे दिन शुक्रवार को शहर के मेन रोड स्थित गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर सुभाष चौक होते हुए फुटबॉल ग्राउंड तक पहुंची। वहां से बस के माध्यम से नानक मोटर माता जगदीश कौर के प्रतिष्ठान में पहुंची। यहां गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की और से बलविंदर कौर ने जगदीश कौर को सरोपा देकर सम्मानित किया। साथ ही निशान साहेब पर पुष्प अर्पित किया। निशान साहेब की सेवा कुजू गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान सरदार हरदयाल सिंह चोपड़ा कर रहे थे। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से रोमी कौर छाबड़ा ने रमिंद्र कौर को सरोपा देकर सम्मानित किया। इस दौरान साध संगत ने संगत पियो पावल खंडेदार हुए जन्म सोहेला, निर्मल रसना अमीर पियो सदा सुहेले घर ले जियो, गोबिंद मिलन की एह तेरी बरिया, हम ऐसे तू ऐसा माधो हम ऐसे तू ऐसा आदि गुरुवाणी पेश किया।

**प्रभातफेरी में ये थे शामिल**

प्रभातफेरी में गुरूद्वारा के मीत प्रधान सरदार अमरजीत सिंह सैनी, रघुबीर सिंह छाबड़ा, जोगेंद्र सिंह जग्गी, राजा कालरा, तेजिंदर सिंह सोनी, पपिंदर सिंह खंबे, त्रिलोचन सिंह जस्सल, हरजीत सिंह, इकबाल सिंह, सरदार अनमोल सिंह, संजू सिंह, सिम्मी सिंह, कीरत सिंह, गुरजीत सिंह, गुरविंदर सिंह कालरा, कुलवंत सिंह मारवाह, डॉ नरेंद्र सिंह सोनी, मनपाल सिंह सोनी, विमला जस्सल, सरबजीत सिंह, विशाल सिंह, कमल जस्सल, जसमीत कौर सोनी, सूमी जोली, गुरबख्श सैनी, मनमोहन सिंह लांबा, गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी गुरजीत सिंह, बबलू छाबड़ा, सतपाल सिंह सलूजा, बिट्टू लांबा, कवलजीत सिंह लांबा, नवलजीत कौर मल्होत्रा, लवली लांबा, बलविंदर कौर सहित सिख समाज के कई महिला पुरुष शामिल थे।

## रोजगार को लेकर कार्यक्रम आयोजित




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** युवा दिवस के अवसर पर पिरामल फाउंडेशन ने टीआरआई संस्था से मिलकर जवाहर नगर पंचायत में शुक्रवार को महिलाओं, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया फूलमती देवी ने की। मौके पर पिरामल फाउंडेशन की निशा वर्मा और टीआरआइ संस्था की मंजू देवी, रवि कुमार और मंटू कुमार आदि ने ग्रामीणों को रोजगार व आजीविका बढ़ाने संबंधी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। मालूम हो की निशा वर्मा अपने कम्युनिटी इमर्सन के लिए हुरुमगढ़ा में लगभग एक माह से ठहरी हुई हैं। इस दौरान निशा वर्मा ने पंचायत में व्याप्त समस्याओं को देखा। कुछ समस्याओं को अपने स्तर पर सुलझाने का प्रयास भी की। साथ ही निशा वर्मा ने ग्रामीणों को ग्रामसभा के माध्यम से जागरूक करने का काम भी किया। मौके पर निशा वर्मा ने बताया की ग्राम पंचायत विकास योजना बनाने में पीआरआई सदस्यों की मदद की गयी है। साथ ही प्राथमिक स्कूल में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए घर-घर जाकर उनके अभिभावकों से वार्ता की गयी है। ताकि स्कूल में बच्चों की उपस्थिति बढ़ सके। इसे लेकर स्कूल में पुस्ताकलय भी खोली गई है। कार्यक्रम में महिलाएं, युवा-युवतियों को आगे की पढ़ाई में मदद करने तथा रोजगार उपलब्ध कराने के लिए टीआरआई संस्था के सहयोग से पिरामल फाउंडेशन ने कई आवश्यक जानकारियां दी। निशा वर्मा ने बताया की रोजगार बढ़ाने के लिए नर्सिंग, कंप्यूटर आदि की नि:शुल्क ट्रेनिंग दी जायेगी। ट्रेनिंग के बाद इनको प्लेसमेंट भी दिया जायेगा। निशा वर्मा ने कहा कि भले ही आज मेरा जवाहर नगर पंचायत में आखिरी दिन है पर आगे भी वे स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों गांव की महिलाओं के लिए सदैव तत्पर रहेगी। मौके परन मुखिया फूलमती ने निशा वर्मा के कार्यों की सराहना करते हुए इसे बेहतर पहल बताया।

## महादेवपुर चट्टान टुसु मेला की तैयारी जोरों पर

**गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी होंगे मुख्य अतिथि और रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी उद्घाटनकर्ता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 27 गोबरदरहा के महादेव चट्टान में आगामी 14 जनवरी को मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर आयोजित होने वाले महादेवपुर टुसु मेला का तैयारी जोरों पर है। कमिटी संरक्षक राजेंद्र महतो ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मेला की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है।

**12 बजे से शुरू होगा मुख्य कार्यक्रम :** उन्होंने बताया कि मेला का मुख्य कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से होगी। बोकारो जिला निवासी टुसु परब विशेषज्ञ दीपक पूर्णियार टुसु पर विस्तृत चर्चा करेंगे। इसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रारंभ किया जायेगा। मेले की सभी गतिविधियों का ड्रोन कैमरा से वीडियो किया जायेगा।

वहीं कमेटी अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि टुसु मेला में आर्केस्ट्रा का आयोजन किया जा रहा है। राजेश राज आर्केस्ट्रा ग्रुप के कलाकार नागपुरी और खोरठा गीतों की प्रस्तुति देंगे।

**आस्था का केंद्र है मेला**

बताया कि महादेव चट्टान आसपास के दर्जनों गांव के लिए आस्था का केंद्र है। श्रद्धालु प्रातः काल से ही दामोदर नदी पहुंचते है और स्नान कर चट्टान में स्थापित शिवलिंग पर जलाभिषेक कर खरमास से निकलकर नया साल का उत्सव दही चूड़ा गुड़ और तिलकुट के साथ मनाते है। आसपास के दर्जनों गांव की महिलायें टुसु लेकर पारंपरिक वाद यंत्रों के साथ गाते झूमते हुए नदी के तट पर पहुंचेंगे और टुसु को प्रवाहित करेंगे।

**सांसद होंगे मुख्य अतिथि और विधायक उद्घाटनकर्ता**

उन्होंने बताया कि मेला के बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, उद्घाटनकर्ता सुनीता चौधरी और विशिष्ट अतिथि रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार, मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, निर्वतमान उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो और सम्मानित अतिथि निवर्तमान वार्ड पार्षद देवधारी महतो, रोशन कुमार उपस्थित होंगे।

**कौन कौन थे उपस्थित**

मौके पर संरक्षक कैलाश महतो, विनोद कुमार, संजय महतो, सोरेन महतो, संजीव रंजन, उमेश महतो, कमेटी सचिव सुजीत कुमार, कोषाध्यक्ष कुंवर महतो, करण कुमार, अनूपा देवी, सूचंद महतो, विशंभर महतो, कमलनाथ महतो, कुंजलाल महतो, आनंद महतो, अनिल कुमार, दिलीप कुमार, राजेश महतो, लक्ष्मी कांत, मुरली महतो, नरेंद्र महतो, हीरालाल महतो, मनोज कुमार, दौलत महतो, पवन कुमार, विकास महतो, कुंजलाल महतो, नागेश्वर महतो, अरविंद नायक, मुनेश्वर राम, सुरेश करमाली, शिवचरण महतो, अजित कुमार, शशिकांत पांडेय, सुरेन्द्र महतो, फूलचंद महतो, रेवालाल, पंचम कुमार, चेतलाल, हरेश महतो, अरुण महतो, देवेंद्र कुमार, राहुल कुमार, श्याम कुमार, राजू कुमार, कौशल्या देवी, ललिता देवी, सुलेखा देवी, पार्वती देवी आदि उपस्थित थे।

# अभिव्यक्ति की आजादी की ढाल

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारतीय विदेश नीति और विभिन्न देशों से संबंधों के अहम पहलुओं पर रोशनी डाली। खास तौर पर अमेरिका और कनाडा के साथ संबंधों से जुड़े हिस्से ने अगर लोगों का ध्यान ज्यादा खींचा तो यह बेवजह नहीं है। पिछले कुछ समय में खास कर निज्जर हत्याकांड और कथित पन्नू हत्या साजिश प्रकरण की वजह से तीनों देशों के रिश्तों को मिला कर देखने का एक ट्रेंड विकसित हो रहा है। इस लिहाज से देखें तो यह बातचीत बेहद महत्वपूर्ण है। इसमें दो राय नहीं कि कनाडा में हुई खालिस्तान समर्थक अलगाववादी नेता की हत्या से यह सारा विवाद शुरू हुआ, जो एक अन्य खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की अमेरिका में रची गयी कथित साजिश तक पहुंचा। निज्जर हत्याकांड की जांच पर जोर देने से कई लोग ऐसा मानते हैं कि अमेरिका ने उस मसले पर कनाडा के रुख का समर्थन किया। इसके बाद पन्नू की हत्या की कथित साजिश वाले मामले में भी अमेरिका की यही भूमिका रही। इससे कुछ हलकों में ऐसी धारणा बनी या बनायी गयी कि भारत ने कनाडा और अमेरिका के मामलों में अलग-अलग तरह का रवैया अपनाया। हालांकि भारत की अपनी नीति इन दोनों ही मामलों में बिल्कुल स्पष्ट रही है। तथ्य यह है कि कनाडा ने न केवल निज्जर हत्याकांड में बल्कि इससे पहले भी कई मौकों पर द्विपक्षीय संबंधों में गैर-जिम्मेदार रवैया अपनाया है। देश में चला किसान आंदोलन हर लिहाज से अंदरूनी मामला था, लेकिन कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो दुनिया के इकलौते पीएम थे, जिन्होंने इस मसले पर खुल कर बयानबाजी की। यही नहीं, कनाडा सरकार भारत में अलगाववाद को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों को लंबे समय से अभिव्यक्ति की आजादी की ढाल देती रही है। निज्जर हत्याकांड में जिस तरह कनाडा सरकार ने सार्वजनिक बयानबाजी से ही शुरुआत की और बाद में भी अपने आरोपों को तथ्यों से पुष्ट नहीं किया, उसके एकदम विपरीत अमेरिका ने न केवल सार्वजनिक बयानबाजी से परहेज किया, बल्कि भारत के साथ तमाम सूचनाएं और सबूत साझा करते हुए कहा कि उनकी इस मामले में एक राय बन रही है और भारत भी अपनी तरफ से इस मामले को देखे। अमेरिका में उभर रही राय सही है या नहीं, यह तो कोर्ट की प्रक्रिया से तय होगा, लेकिन वहां की सरकार हर कदम पर भारत के हितों को लेकर संवेदनशीलता दिखाती रही है। वहां अलगावादी-आतंकवादी गतिविधियों को अभिव्यक्ति की आजादी की आड़ भी नहीं दी जा रही। यही वजह है कि इस प्रकरण में उभरी असहमति के बावजूद दोनों देशों के रिश्ते न केवल अच्छे बने हुए हैं, बल्कि इनमें सुधार की प्रक्रिया भी जारी है। जाहिर है, परस्पर विश्वास और आपसी हितों के प्रति सम्मान सुनिश्चित करके ही रिश्तों को ऊंचाई दी जा सकती है।

**देश में चला किसान आंदोलन हर लिहाज से अंदरूनी मामला था, लेकिन कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो दुनिया के इकलौते पीएम थे, जिन्होंने इस मसले पर खुल कर बयानबाजी की। यही नहीं, कनाडा सरकार भारत में अलगाववाद को बढ़ावा देनेवाली गतिविधियों को लंबे समय से अभिव्यक्ति की आजादी की ढाल देती रही है।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**स्वामी विवेकानंद के ओजस्वी भाषण ने 11 सितंबर, 1893 को विश्व धर्म संसद, शिकागो में दुनिया भर से विभिन्न धर्मों के धार्मिक और आध्यात्मिक बुद्धिजीवियों की सभा पर एक अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत पूरे दिल से सभा को अमेरिका की बहनों और भाइयो कह कर संबोधित करते हुए की, जिससे वे लोग बेहद प्रभावित हुए और उन्होंने जोरदार तालियां बजा कर उनका अभिनंदन किया।**

# राष्ट्र कल्याण में युवा अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें


**बंडारू दत्तात्रेय**

19वीं सदी के भारतीय दार्शनिक, आध्यात्मिक नेता, महान विचारक, वक्ता, कवि और युवाओं के महान संरक्षक स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को भारत और दुनिया के उत्थान के पीछे प्रेरक शक्ति के रूप में जाना है। उनका मानना था कि युवाओं के भीतर छिपी शक्ति का यदि उपयोग किया जाये और उसे महान आदर्शों की ओर निर्देशित किया जाये, तो समाज में गहरा परिवर्तन आ सकता है।

स्वामीजी ने युवाओं में चरित्र निर्माण, नैतिक अखंडता और आत्मविश्वास की मजबूत भावना के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने उन्हें आधुनिक शिक्षा और आध्यात्मिक ज्ञान का सामंजस्यपूर्ण मिश्रण विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया, एक ऐसी शिक्षा प्रणाली की वकालत की, जो न केवल ज्ञान प्रदान करे, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के साथ कर्तव्य और आत्मनिर्भरता की भावना को भी बढ़ावा दे। स्वामी विवेकानंद एक महान हिंदू संत थे, जिनकी जयंती हम हर साल 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हैं। उन्होंने युवाओं की एक ऐसी पीढ़ी की कल्पना की थी जो निडर, निःस्वार्थ और मानवता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध होगी। उनके लिए बेसहारा लोगों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा थी। वह चाहते थे कि देश के युवाओं में मातृभूमि और जनता की सेवा करने की दृढ़ इच्छा शक्ति हो।

**21वीं सदी भारत की सदी होगी, क्योंकि देश अपनी क्षमताओं के प्रति आश्वस्त होकर भविष्य की ओर अग्रसर है।**

स्वामी विवेकानंद के ओजस्वी भाषण ने 11 सितंबर, 1893 को विश्व धर्म संसद, शिकागो में दुनिया भर से विभिन्न धर्मों के धार्मिक और आध्यात्मिक बुद्धिजीवियों की सभा पर एक अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत पूरे दिल से सभा को



अमेरिका की बहनों और भाइयो कह कर संबोधित करते हुए की, जिससे वे लोग बेहद प्रभावित हुए और उन्होंने जोरदार तालियां बजा कर उनका अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि आपने हमारा जो गर्मजोशी और सौहार्दपूर्ण स्वागत किया है, उससे मेरा दिल अवर्णनीय बेहद खुशी से भर गया है और मैं खड़ा होकर आप सबका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मैं दुनिया में भिक्षुओं के सबसे प्राचीन संप्रदाय की ओर से आपको धन्यवाद देता हूं। मैं सभी वर्गों और संप्रदायों के लाखों-करोड़ों हिंदू लोगों और धर्मों की जननी की ओर से आपको धन्यवाद देता हूं। उन्होंने श्रोतागण को आगे बताया कि मुझे ऐसे धर्म से होने पर गर्व है, जिसने दुनिया को सहिष्णुता और सार्वभौमिकता दोनों सिखायी हैं।

हम न केवल सार्वभौमिक सहिष्णुता में विश्वास करते हैं, बल्कि सभी धर्मों को सच्चा मानते हैं। मैं एक ऐसे राष्ट्र से संबंध रखता हूं जिसने पृथ्वी पर सभी धर्मों और सभी राष्ट्रों के सताये हुए और शरणार्थियों को आश्रय दिया है। मुझे अपने राष्ट्र पर गर्व है। उनका युवाओं के लिए सुप्रसिद्ध आह्वान था कि उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाये और तुम्हें अंदर से बाहर तक आगे बढ़ना है। कोई तुम्हें सिखा नहीं सकता, कोई तुम्हें आध्यात्मिक नहीं बना सकता। आपकी अपनी आत्मा के अलावा कोई अन्य शिक्षक नहीं है।

साथ ही इस तथ्य पर जोर दिया गया कि किसी राष्ट्र की ताकत और जीवन शक्ति उसके युवाओं के हाथों में होती है। उनके लिए, युवा सकारात्मक परिवर्तन के अग्रदूत हैं, उनमें बेहतर भविष्य को आकार देने के लिए आवश्यक ऊर्जा, उत्साह और रचनात्मकता होती है और उन्हें अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानने और उसका उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए, उनमें आत्मविश्वास और निडरता विकसित करने का आग्रह किया जाता है।

स्वामीजी ने युवाओं को खेल के मैदान में रहने की सलाह दी। वह लोहे जैसी मांसपेशियों, फौलाद जैसी नसों और विशाल हृदय वाला युवा चाहते थे। उनका दृढ़ मत था कि युवाओं को शारीरिक रूप से मजबूत और मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिट इंडिया मूवमेंट की शुरुआत की है। मैं सभी स्कूलों और कॉलेजों के प्राचार्यों और विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से विनम्र अपील करता हूं कि वे सुनिश्चित करें कि हमारे छात्र खेल के मैदानों पर कम से कम एक घंटा अपनी रुचि अनुसार खेल खेलने में व्यतीत करें।

21वीं सदी भारत की सदी होगी, क्योंकि देश अपनी क्षमताओं के प्रति आश्वस्त होकर भविष्य की ओर तीव्रता से अग्रसर है। यह आज दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी, क्योंकि आइएमएफ के अनुमान के मुताबिक इसकी जीडीपी 5 ट्रिलियन अमेरिकी डालर को पार कर जायेगी। वर्ष 2047 तक, भारत एक विकसित राष्ट्र की सभी विशेषताओं के साथ 30 ट्रिलियन अमेरिकी डालर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। यह एक विकसित भारत होगा, जिसके लिए हमारे युवाओं को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में, भारत ने चंद्रयान जैसे मिशनों के माध्यम से अंतरिक्ष अन्वेषण में अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआइ) ने आधार, यूपीआइ, एए स्टैक, उकोविन प्लेटफार्म और ऋश्वरू जैसी पहलों के साथ प्राानमंत्री मोदी की अनुकरणीय राजनीति के तहत वैश्विक मान्यता प्राप्त की है, जो डिजिटल नवाचार के लिए देश की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। भारत एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने की दिशा में प्रगति कर रहा है, और इसके सेवा क्षेत्र, विशेष रूप से आइटी और गैर-आइटी डोमेन में वैश्विक प्रमुखता प्राप्त की है।

राष्ट्र एक संपन्न स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र का दावा करता है, जो 340 बिलियन अमेरिकी डलर से अधिक के संयुक्त मूल्यांकन के साथ 100 से अधिक यूनिकॉर्न की मेजबानी करता है, जो खुद को दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में स्थापित करता है। आइये, अमृत काल के दौरान आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं और सिद्धांतों का अधिकतम लाभ उठायें। हम सब 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में इसलिए मनाते हैं ताकि हम स्वामी जी के आदर्शों और उनके दर्शन के लिए, जिनके लिए वे जिये और काम किये, वे भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत बन सकें।

आइये, आज हम सब संकल्प लें कि स्वामीजी की शिक्षाओं और सिद्धांतों के सार को राष्ट्रीय भावना, देशभक्ति, विविधता में एकता, समावेशिता और पवित्रता को आत्मसात करें। उनका दृढ़ विश्वास था कि सभी रास्ते एक ही सच्चे ईश्वर तक जाते हैं, जैसा कि ऋग्वेद में भी उल्लेख किया गया है कि एकम् सत विप्रा बहुदा वदंति (सत्य एक है, बुद्धिमान इसे विभिन्न नामों से बुलाते हैं।) यही स्वामी विवेकानंद को हम सबकी तरफ से सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**(लेखक : हरियाणा के राज्यपाल हैं। व्यक्त विचार पूर्णतः उनके निजी हैं।)**

# कांग्रेस को 'धर्म संकट' में फंसा दिया भाजपा ने

## निमंत्रण नहीं देने पर कांग्रेस लाभ उठा सकती थी

**विशेष संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कांग्रेस के बड़े नेता शिरकत नहीं करेंगे। कांग्रेस ने भेजे गये इस निमंत्रण को अस्वीकार करने के कई कारण गिनाये हैं। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस शासित कर्नाटक सरकार प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन 22 जनवरी को तय वक्त में सभी मंदिरों में घंटे और शंख बजा कर राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान विशेष कार्यक्रम आयोजित कर रही है। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि आखिर राम जन्मभूमि परिसर का ताला खुलवाने से लेकर राम मंदिर के शिलान्यास की अनुमति देने वाली कांग्रेस के नेताओं ने आखिर राम मंदिर के शुभारंभ में जाने से परहेज क्यों किया है। सियासी गलियारों में कहा यही जा रहा है कि राम मंदिर शुभारंभ में कांग्रेस के बड़े नेताओं को निमंत्रण देकर भाजपा ने उसे धर्म संकट में फंसा दिया है। हालांकि कांग्रेस ने भी निमंत्रण अस्वीकार करने के पीछे जो कारण गिनाये हैं, उससे उसने अपने कार्यकर्ताओं और गठबंधन के सहयोगियों को एक बड़ा संदेश देने की कोशिश की है।

कांग्रेस नेताओं की ओर से राम मंदिर शुभारंभ में न जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने बड़ा मुद्दा बनाना शुरू कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी के नेता और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर कहते हैं कि कांग्रेस को जनता सबक सिखायेगी। पूरे देश में प्रभु राम के आने का जश्न मनाया जा रहा है, लेकिन कांग्रेस इसमें अलग ही सियासत देख रही है, जबकि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण स्वीकार न करने पर कांग्रेस के नेता जयराम रमेश कहते हैं कि यह भाजपा का एक राजनीतिक प्रोजेक्ट है। धर्म एक निजी मामला है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी और संघ ने अयोध्या में इसे एक राजनीतिक परियोजना बना दिया है। संघ और भाजपा संगठन अधूरे मंदिर का उद्घाटन कर रहे हैं। यह सब चुनाव के लिए हो रहा है।

सियासी जानकारों का कहना है कि कांग्रेस एक ओर तो अयोध्या में न जाने का फैसला ले रही है, वहीं दूसरी ओर अपने ही कांग्रेस शासित राज्य कर्नाटक में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान मंदिरों में विशेष आयोजन की तैयारी का निर्देश दे रही है।

पॉलिटिकल सेंटर फॉर स्ट्रेटजी एंड ऑब्जरवेशन के संयोजक चंद्र प्रकाश ओहरी कहते हैं कि अगर कांग्रेस की सियासत को राजीव गांधी के दौर से देखा जाये, तो पता चलता है कि उनका अयोध्या और राम मंदिर से गहरा नाता रहा है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर जब अयोध्या में राम मंदिर बनकर तैयार हो गया है और इसका शुभारंभ होना है, तो कांग्रेस के बड़े नेताओं की ओर से इसमें शामिल होने के लिए मना क्यों किया गया। ओहरी कहते हैं कि अगर भाजपा और संघ की ओर से कांग्रेस को निमंत्रण न दिया जाता, तो कांग्रेस पार्टी यह कहकर माइलेज ले सकती थी कि उनको आमंत्रित नहीं किया गया, इसलिए वह कार्यक्रम में नहीं जा रही है। लेकिन जब कांग्रेस को निमंत्रण दिया गया, तो यह एक तरह से उसे धर्म संकट में फंसाने जैसा हो गया। अब अगर कांग्रेस इस कार्यक्रम में जाती, तो भी संकट था और अब नहीं जा रही है, तो सियासी तौर पर भाजपा ने इसे मुद्दा बना लिया। हालांकि ओहरी का कहना है कांग्रेस ने इस कार्यक्रम में शामिल न होने के जो कारण गिनाये हैं, उनमें से कई तर्क तो शंकराचार्य की ओर से भी सामने आये हैं।

राजनीतिक विश्लेषक कहते हैं कि भाजपा की ओर से भले ही कांग्रेस को धर्म संकट में फंसाने जैसी स्थिति कही जा रही हो, लेकिन कांग्रेस की ओर से भी इस पूरे मामले में सधा हुआ सियासी दांव भी माना जा रहा है। हालांकि इससे कांग्रेस का दोहरा रवैया भी सामने आ रहा है। कांग्रेस के नेता राम मंदिर के शुभारंभ पर अयोध्या न जा रहे हों, लेकिन कांग्रेस शासित राज्यों के मंदिरों में बड़े आयोजन की तैयारी तो चल ही रही है। कर्नाटक सरकार ने मंदिरों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश जारी किये हैं। मुजरई मंत्री (हिंदू धार्मिक बंदोबस्ती) रामलिंगा रेड्डी कहते हैं कि अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन किया जायेगा। इसलिए हिंदू धार्मिक बंदोबस्ती विभाग से कहा है कि 22 जनवरी को मंदिरों में विशेष आयोजन और पूजा-अर्चना हो। कर्नाटक सरकार की ओर से मंदिरों में आयोजन इस बात की तस्दीक करते हैं कि कांग्रेस ने अयोध्या में जाने से तो परहेज किया, लेकिन मंदिरों में अपनी-अपनी आस्था के अनुरूप न कार्यक्रम को रोका है और न ही अपने कार्यकर्ताओं को इसके लिए कोई दिशा-निर्देश दिये हैं।

जानकार कहते हैं कि 1989 में राजीव गांधी ने राम मंदिर के शिलान्यास की अनुमति दी। तब उस वक्त के गृह मंत्री बूटा सिंह को भी शिलान्यास शामिल होने के लिए भेजा गया था। हालांकि कांग्रेस के लिए यह फैसला उस वक्त सियासी तौर पर नुकसानदायक साबित हुआ। शिलान्यास के बाद कांग्रेस की कुछ राज्यों में करारी हार भी हुई थी। बावजूद उसके कांग्रेस पार्टी ने कभी भी खुलकर राम, राम मंदिर और आस्था के विरोध में कभी कोई बात नहीं कही, बल्कि जब 2020 में भूमि पूजन हुआ, तो कांग्रेस के ही नेता ने इसे राष्ट्रीय एकता का कार्यक्रम भी बताया था। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश कहते हैं कि धर्म और आस्था नितांत निजी मामला है। चूंकि भाजपा इसका राजनीतिकरण कर रही है, इसलिए उन्होंने इसे अस्वीकार किया है।

## जमशेदपुर की खबरें

### स्वामी विवेकानंद अमर रहे कं जयघोष से गुंजा शहर, हर्षोल्लास के साथ मनाया गया युवा दिवस

# राष्ट्रीय उत्थान के लिए युवाओं को स्वामी जी के बताये रास्ते पर चलने की जरूरत : काले

**नमन से जुड़ना गौरव की बात : राकेश्वर**

**पूरे विश्व को स्वामी विवेकानंद जी ने भारतीय संस्कृति के मूल्यों से किया समृद्ध : भगवान सिंह**

**स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को आत्मसात कर देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाएं : अजय सिंह**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था 'नमन' के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी साकची गोलचक्कर में संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद जी के जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित सभा में सभी राजनीतिक दालों के नेता कार्यकर्ता सहित सैकड़ों युवाओं के साथ महिला और पुरुष शामिल हुए। मौके पर सभी गणमान्यों की उपस्थिति में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने युवा शक्ति को नशा खोरी से दूर रहने का आह्वान किया। अमरप्रीत सिंह काले ने कहा युवाओं के लिए प्रेरणा के स्रोत स्वामी विवेकानंद ज्ञान और उत्साह का वो अथाह सागर हैं। जिसमें हर युवा विश्वास के गोते लगाकर, उन्हें अपना आदर्श मानता है। उनका जीवन राष्ट्रीय उत्थान के लिए सदैव समर्पित रहा। स्वामी विवेकानंद के सकारात्मक विचारों ने हमेशा युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। इसलिए उनका जन्मदिन हर वर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। वहीं सीजीपीसी के प्रधान सरदार भगवान सिंह ने कहा प्रत्येक भारतीय के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद ने पूरे विश्व को भारतीय संस्कृति के मूल्यों से समृद्ध किया और अपने प्रेरक विचारों से युवाओं में राष्ट्र निर्माण के लिए एक नयी चेतना जगायी। स्वामी विवेकानंद ज्ञान का भंडार थे। भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद सिंह ने कहा स्वामी विवेकानंद एक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व जिसने आध्यात्मिकता व देशभक्ति को जोड़ा और विश्व स्तर पर भारतीय मूल्यों का प्रचार किया। उनका जीवन और शिक्षाएं युवाओं को अपने सपनों को पूरा करने और बड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रेरित करती हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय सिंह ने कहा स्वामी विवेकानंद के बहुआयामी विचारों और आदर्शों का दूर-दूर तक प्रसार करें। यह सही समय है, स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करके, देश को विकास के पथ पर आगे ले जाने में स्वयं को पुनः समर्पित करने का, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामाश्रय प्रसाद, इंटक नेता राकेश्वर पांडे, पूर्व पुलिस उपाधीक्षक कमल किशोर, सरदार शैलेंद्र सिंह, टाटा मोटर्स युनीयन अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते, समाजसेवी शिव शंकर सिंह, इंटक नेता संजीव श्रीवास्तव, भाजपा नेता विकास सिंह, पूर्व सैनिक सेवा परिषद से राजेश पांडेय, भाजपा नेत्री नीरु सिंह, कथा वाचिका लता सिन्हा, एडवोकेट स्वाति मित्रा और अन्य ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर बृजभूषण सिंह, वरिष्ठ पत्रकार जयप्रकाश राय, कांग्रेस नेता परविंदर सिंह, नरेंद्र, सुखविंदर, कुलविंदर, देवेंद्र, रामकेवल सहित सैकड़ो युवा, पुरूष और महिलाओं ने उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित की।

# इलेक्ट्रो होम्योपैथी के आविष्कारक डॉ कांउट सीजर मैटी की 215वीं जयंती मनायी गयी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** इलेक्ट्रो होम्योपैथी के आविष्कारक डॉ काउंट सीजर मैटी के 215वीं जयंती के अवसर पर टाटा ईलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज घाटशिला में एक समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ डी वाई विश्वकर्मा ने की। समारोह के प्रारंभ में डॉ मैटी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गयी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ डीवाई विश्वकर्मा, डॉ के




मिश्रा, डॉ टी शर्मा, डॉ डीडी लोहरा, डॉ डी राय, डॉ फुलेश्वर ठाकुर, डॉ संदीप कुमार, आरएन मिस्त्री, शांति देवी, डॉ कंचन चौधरी, सुनैना देवी आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित की। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ डीवाई विश्वकर्मा ने कहा कि समय समय पर पृथ्वी पर महापुरुषों का जन्म होता रहा हैं। ईनमें डॉ काउंट सीजर मैटी एक है, जिन्होंने वनस्पति पर आधारित एक चिकित्सा पद्धति ईलेक्ट्रो होम्योपैथी का अविष्कार किया। इस चिकित्सा पद्धति के द्वारा असाध्य रोगों की चिकित्सा सफलतापूर्वक होती हैं, ईस चिकित्सा पद्धति में खास बात है कि मानव शरीर पर कोई साईड ईफैक्ट नहीं होता हैं।

भारत में यह चिकित्सा पद्धति पाचवीं चिकित्सा पद्धति के रुप में हैं। ईस चिकित्सा पद्धति के सरकारी मान्यता का मार्ग धीरे धीरे प्रशस्त हो रही हैं और अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों को अपने पैथ पर पूर्ण विश्वास होना चाहिए। रोगी को पूर्ण रुप से परीक्षण कर दवा का चुनाव करना चाहिए। तभी सफलता पूर्वक रोग का निदान होगा। उन्होंने कहा कि डॉ मैटी के बताये मार्गों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। समारोह में डॉ के मिश्रा, डॉ डी डी लोहरा, डॉ संदीक कुमार, डॉ टी शर्मा आदि ने डॉ मैटी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए अपने अपने विचार वयक्त किये। समारोह में काफी संख्या में चिकित्सक उपस्थित थे।

# राज्य शिक्षक संघ ने लंबित वेतन को लेकर किया धरना प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई गढ़वा के बैनर तले गढ़वा जिले के सैकड़ों माध्यमिक शिक्षकगण पांच वर्षों से लंबित अपने तीन माह के लंबित वेतन को लेकर समाहरणालय के समक्ष डीईओ गढ़वा के खिलाफ आज बारह जनवरी को शिक्षिका रश्मि बाड़ा की अध्यक्षता में एक दिवसीय लोकतांत्रिक तरीके से धरना प्रदर्शन किया गया। इस धरना प्रदर्शन में विधायक प्रतिनिधि शिक्षा विभाग अशर्फी राम, झारखंड पेंशनर समाज के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कमलेश्वर पांडे ने इस आंदोलन को सर्वांगीण समर्थन दिया। झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला गढ़वा के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे और विधायक प्रतिनिधि अशर्फी राम के द्वारा उपायुक्त गढ़वा से सकारात्मक वार्त्ता किया। और धरना स्थल पर आकर शिक्षक प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया गया कि उपायुक्त गढ़वा ने डीईओ गढ़वा से आगामी बीस जनवरी तक लंबित वेतन भुगतान कराने की बात कही है। इसलिए इस धरना को समाप्त कर दिया जाये। यदि निर्धारित समयसीमा तक लंबित वेतन भुगतान नहीं किया जायेगा, तब इस परिस्थिति में विधायक मिथिलेश ठाकुर इस आंदोलन में स्वयं शामिल होंगे। इस संबंध में जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने सभी उपस्थित प्रभावित शिक्षकों से उक्त आश्वासन पर सहमति मांगी। समस्त शिक्षकों के सहमति के पश्चात इस एकदिवसीय धरना प्रदर्शन को समाप्त करने की घोषणा जिलाध्यक्ष ने की।



इस बाबत झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई गढ़वा के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने विस्तारपूर्वक बताते हुए बताया कि जिले के 119 माध्यमिक शिक्षकों की नियुक्ति विगत नौ मार्च 2019 को की गयी थी। उनसे जून 2019 तक बिना वेतन दिये शैक्षणिक कार्य, चुनावी कार्य समेत कई गैर शैक्षणिक कराये गये। इस संबंध में शिक्षक प्रतिनिधियों ने कई बार तत्कालीन डीईओ को वेतन देने हेतु पत्राचार भी किया, परंतु, एक भी नहीं सुनी गयी। अंततः सभी प्रभावित शिक्षकों ने माननीय उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और अंत में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट रूप से आदेशित किया कि इनका समस्त लम्बित वेतन अविलंब भुगतान कर दिया जाये। इस आदेश का अनुपालन करते हुए निदेशालय माध्यमिक शिक्षा विभाग ने डीईओ गढ़वा को आवश्यकतानुसार राशि भी उपलब्ध करा दी गयी। परंतु, डीईओ गढ़वा आकाश कुमार ने लगभग ढाई महीने बीत जाने के बाद भी वेतन भुगतान करने में किसी भी प्रकार की सक्रियता नहीं दिखायी है। शिक्षक प्रतिनिधियों के द्वारा इस बात पूछने पर झूठा आश्वाशन दे दिया जाता है और वरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों को इस मसले पर दिग्भ्रमित कर दिया जाता है. इससे क्षुब्ध होकर सभी प्रभावित सैकड़ों शिक्षक सामूहिक आकस्मिक अवकाश लेकर एवं सभी वरीय प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित सूचना देकर फिलहाल एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर रहे है.यदि इससे भी डीईओ के द्वारा कोई सकारात्मक पहल नहीं की जाती है तो यह आंदोलन अनिश्चित कालीन जारी रहेगा। इस अवसर पर जिलासचिव नागेन्द्र चौधरी, उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण कुमार यादव, विद्यालय परीक्षा समिति अध्यक्ष रिंकू पासवान,रश्मि बाड़ा,सुमन शर्मा, पूजा कुमारी, इंदुकला तिर्की, प्रतिभा कुमारी, ललिता, शिल्पी, सत्येंद्र, पंकज, अबुल हसन समेत कई शिक्षक उपस्थित थे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

**सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के कटहर पंचायत सचिवालय में एवं सगमा सचिवालय में शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद बीडी राम प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रफुल्ल कुमार सिंह जिला महामंत्री इंद्रमणि जायसवाल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। सांसद बीडी राम ने कहा कि सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास के साथ भारत विकसित देश के अग्रणी में खड़ी है। कार्यक्रम को बीडीओ सत्यम कुमार, सांसद प्रतिनिधि, राजेंद्र यादव प्रमुख अजय साह, पूर्व जिप्स नंदगोपाल यादव आदि ने संबोधित किया।**

## विद्यालय में पेयजल की व्यवस्था नहीं, छात्र-छात्राएं परेशान

**विद्यालय सड़क किनारे होने के कारण पेयजल के लिए हो सकती है बड़ी दुर्घटना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के अमवाडीह राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में चापाकल नहीं रहने के कारण विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल के लिए विद्यालय से आधा किलोमीटर दूर छात्र-छात्राएं जाने को विवश है। इस विद्यालय में 221 छात्र-छात्राएं अध्यनरत है। जबकि विद्यालय में शौचालय का भी व्यवस्था है पर पानी के अभाव




में बेकार पड़ा हुआ है। प्रभारी प्रधानाध्यापक अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि पूर्व मुखिया के द्वारा एक पूर्व के बोर में जल मीनार लगाया गया था। लेकिन जलस्तर नीचे चले जाने के कारण बोर में पानी नहीं है और जल मीनार बेकार पड़ा हुआ है। जबकि विद्यालय परिसर में दो अन्य बोर है जो सूखा पड़ा है। पेयजल के लिए छात्र छात्राओं को बाहर जाना पड़ रहा है। विद्यालय सड़क किनारे रहने के कारण कभी भी छात्र छात्राएं दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। इस समस्या को कई बार प्रखंड के पदाधिकारी, जन प्रतिनिधियों द्वारा और जिला में पंचायत समिति की बैठक में भी रखा गया। परंतु आश्वासन के सिवा कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया। इस विद्यालय में मतदान बूथ भी है। पिछले बार हुए मतदान में टैंकर से पानी उपलब्ध कराया गया था।

### इस मामले में क्या कहते हैं उप विकास आयुक्त

**इस मामले में उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय से पूछे जाने पर बताया कि 22 जनवरी को जिला से टीम गठित कर विद्यालय का निरीक्षण किया जायेगा, इसके उपरांत शीघ्र ही पेयजल की समस्या से निदान करा दिया जायेगा।**

# करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं स्वामी विवेकानंद: अलखनाथ पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल में युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनायी गयी। इस अवसर पर स्कूल असेंबली में स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन और उनका व्यक्तित्व करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके विचारों और आदर्शों को आत्मसात और अनुसरण करके हम सभी अपने जीवन को सुखी और समृद्ध बना सकते हैं। 1893ईस्वी में शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करके देश का



मान बढ़ाया। यह सभी देशवासियों के लिए गौरव की बात है।

'उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य ना प्राप्त हो जाएं।' उनका यह विचार आज भी करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। युवाओं के लिए शिक्षा ही सबसे अच्छा साधन है क्योंकि विवेकानन्द अपनी शिक्षा व ज्ञान से ही गौरव को प्राप्त किया। आज की युवा पीढ़ी को स्वामीजी के विचारों और आदर्शों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। स्कूल के प्राचार्य संतोष पांडेय ने उनकी जीवनी और देशभक्ति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अमरीका के शिकागो में हुए विश्व धर्म सम्मेलन में प्रभावशाली भाषण देते हुए भारतवर्ष को विश्व गुरु के रूप स्थापित करते हुए भारत की क्षमता का लोहा मनवाया था। हिंदू धर्म और आध्यात्म की आधुनिक और प्रेरणादायी व्याख्या करने में स्वामी विवेकानंद का अहम योगदान है। स्वामी विवेकानंद हमे निरंतर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करते हैं। उनके जीवन से प्रत्येक युवा को कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। इस अवसर पर स्कूल में कल सीसीए पीरियड में स्कूल के छात्र-छात्राओं के बीच चित्रांकन, भाषण व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराने का निर्देश दिया। कक्षावार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जायेगा। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने आगामी लोकसभा आम चुनाव को लेकर की समीक्षा बैठक, कहा

# सभी बूथों का भौतिक सत्यापन आगामी 22 जनवरी तक निश्चित रूप से कर लें

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर द्वारा सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी तथा सभी थाना प्रभारी के साथ आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर समीक्षात्मक बैठक संपन्न की गयी। बैठक के दौरान मुख्य रूप से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी से उनके उनके संबंधित क्षेत्र में बनाये गये पोलिंग स्टेशंस की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गयी। संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी और उक्त पदाधिकारियों से पोलिंग स्टेशंस की क्रिटिकल पोजीशन होने की जानकारी प्राप्त की गयी। बारी-




बारी से जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी द्वारा उनके क्षेत्र के संवेदनशील पोलिंग बुथों के बारे में बताया गया। मौके पर उपस्थित पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने संबंधित पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी पोलिंग बूथ के क्रिटिकल होने का स्पष्ट कारण बताएं। संबंधित पदाधिकारियों ने विगत लोकसभा चुनाव, विधानसभा चुनाव, पंचायत चुनाव अथवा नगर निकाय चुनाव के दरमियान हुए कुछ घटनाओं को बताते हुए सेंसिटिव पोलिंग बूथ की जानकारी दी। उपायुक्त जमुआर द्वारा सभी वरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी को आपसी समन्वय बनाते हुए गढ़वा जिला अंतर्गत सभी 1170 बूथों का स्थल निरीक्षण और भौतिक सत्यापन आगामी 22 जनवरी 2024 तक निश्चित रूप से कर लेने का निर्देश दिया। उपरोक्त कार्यों में अतिरिक्त सहायता हेतु 15वें वित्त आयोग की राशि से भी सभी मुखियाओं को बुथों पर उपरोक्त विभिन्न व्यवस्थाएं बहाल कराने का निर्णय लिया गया।

उक्त समीक्षात्मक बैठक में उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त सीआरपीएफ 172 बटालियन के कमांडेंट, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, डीएफओ नॉर्थ दिलीप कुमार यादव, अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गढ़वा सभी थाना प्रभारी समेत अन्य लोग उपस्थित थें।

## ओबीसी समाज की बैठक संपन्न



**मझिआंव (आजाद सिपाही)। 12 जनवरी को समय प्रातः 11:30 बजे जेपी यादव स्कूल के बगल में मांझीऑव के पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक ब्रह्मदेव प्रशाद की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसका संचालन अशोक पाल और आनंद विश्वकर्मा ने किया। इस बैठक में विश्रामपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्यासी ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि हमारा पिछड़ा वर्ग परिवार आज हाशिये पर है, इस समाज को जनसंख्या के आधार पर उचित भागीदारी नहीं मिलना काफी दुखद है। इसे लेकर हम सबों को ग्राम स्तर से लेकर राज्य स्तर तक आंदोलन और सम्मेलन करने की जरूरत है। पिछड़ा समाज की गोलबंदी के लिए पिछड़ा वर्ग एकता और अधिकार मंच का गठन किया गया, जो पलामू प्रमंडल कि सभी गांवों में जाकर समाज को गोलबंद कर आगामी 15 फरवरी 2024 के पहले मेदिनीनगर में पिछड़ा वर्ग और अधिकार यात्रा सह महासम्मेलन किया जायेगा। जिसका शुभारंभ संयोजक मंडल द्वारा 16 जनवरी 2024 तथा गढ़वा 18 जनवरी 2024 को पिछडा वर्ग एकता और अधिकार यात्रा रथ सह महासम्मेलन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायेगा।**

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने लिया वनभोज का आनंद

**रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत विश्रामपुर पंचायत के झामुमो कार्यकर्ताओं के द्वारा शुक्रवार को वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विधायक प्रतिनिधि अनिल चंद्रवंशी, अनुमंडल युवा अध्यक्ष सह खरडीहा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, युवा जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू चुटिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शंभु गुप्ता, सचिव इरफान अंसारी, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, भंडुल पाठक सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।**

## प्रमुख ने सभी मनरेगा भेंडर का रजिस्ट्रेशन रद्द करने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

भवनाथपुर। भवनाथपुर प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने बीडीओ को पत्र लिखकर सभी मनरेगा भेंडर का रजिस्ट्रेशन रद्द करने की मांग की। प्रमुख शोभा बीडीओ को बताया है कि भवनाथपुर प्रखंड में लगभग सात से अधिक भेंडर का रजिस्ट्रेशन प्राप्त है, लेकिन प्रखंड क्षेत्र के कोइ भी भेंडर मनरेगा योजना में लाभुकों को कूप निर्माण, पशु शेड, साहित अन्य योजनाओं सामग्री नही दिया जाता है और मनरेगा योजना का छड़ और सीनेट को छोड़कर बाकी कोई भी सामग्री भेंडर के पास उपलब्ध नहीं है, सिर्फ भेंडर के नाम पर 25 प्रतिशत लाभुक से जबरन राशी वसूल कर पंचायत प्रतिनिधि से पदाधिकारी तक बंदरबाट करने में लगे हैं। मनरेगा योजना में जो लाभुक का योजना का राशि कमीशन के एवज में बकाया है और पैसा और सामग्री के नाम पर काफी लाभुकों परेशान किया जाता है। सभी भेंडरों की दुकान का जांचोपरांत गलत पाये जाने पर सभी भेंडरो का रजिस्ट्रेशन तत्काल रद्द किया जाये।


## कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, हजारीबाग

### —: आम सूचना :—

भारत सरकार के केन्द्र प्रायोजित योजना LHDCP योजनान्तर्गत हजारीबाग जिला में FMD बीमारी का रोकथाम एवं उन्मूलन हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 कार्यक्रम (Round 3)दिनांक 16.01.2024 से 31.03.2024 तक योग्य गोवंशीय पशुओं (गाय,बैल,बाछा,बाछी) एवं भैसजाति के पशुओं (भैंस,काडा,पाडा,पाडी) में खुरहा–मुँहपका रोग के नियंत्रण हेतु निःशुल्क टीकाकरण अभियांन चलाया जा रहा है।

खुरहा–मुँहपका रोग मुख्यता गोवंशीय एवं भैंसजाति के पशुओं में होनेवाली एक गंभीर संक्रामक विषाणु जनित रोग है। इस रोग से आक्रांत पशुओं में तेज बुखार के साथ भूख न लगना ,सुस्ती, मुँह से अत्यधिक लार का श्राव, मसूडे एवं जीभ में छाले पड जाना,खुर में घाव होना ,थन एवं बाट में फफोले ,दुग्ध उत्पादन में अत्यधिक कमी गाभिन गायों/ भैंसों में गर्भपात आदि प्रमुख लक्षण है। इस रोग का कोई त्वरित उपचार नही है। यह छुआ–छूत रोग होन के कारण स्वस्थ पशुओं में इस रोग का तेजी से फैलाव होता है।

अतः सभी पशुपालकों से आग्रह है कि प्राईवेट वेक्सीनेटरों द्वारा किये जा रहे टीकाकरण कार्यक्रम में पशु स्वामी द्वारा आधार नं0 एवं मोबाईल नं0 उपलब्ध कराना आनिवार्य होगा ताकि पशुओं का पंजीकरण, टैगिंग Online भारत पशुधन App में किया जा सके, अधिक से अधिक पशुओं में खुरहा–मुँहपका रोग का टीकाकरण अवश्य करॉए एवं इस अवसर का लाभ उठाए एवं पशुधन को सुरक्षित करते हुये आर्थिक क्षति से बचाव करें।

टेग नही तो टीका नही।
जन–जन तक संदेश पहुचाना है।
खुरहा–मुँहपका रोग को जड़ से मिटाना है।

निवेदक :–
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR 315899Animal Husbandry(23-24)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग

आदेश संख्याः– 31 हजारीबाग/दिनांकः–11/01/2024

### प्रेस–विज्ञप्ति

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु इस प्रमंडल, में तत्कालीन पदस्थापित निम्नवर्णित सहायक अभियंता/कनीय अभियंताओं के पास उनके नाम के सम्मुख अंकित अग्रिम राशि लंबित है। इतनी लंम्बि अवधि व्यतीत होने के बावजुद संबंधित अभियंताओं द्वारा उक्त राशि का समायोजन नहीं कराया गया है।

| क्र0 सं0 | नाम | पदनाम | मार्च 2015 को असमायोजित अग्रिम राशि (रूपये में) | असमायोजित अग्रिम कब से लंबित है। | अभि0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | श्री त्रिवेणी सिंह | कनीय अभियंता | 2,02,577.28 | 1999-2000 | |
| 2 | श्री राधवानन्द आचार्य | कनीय अभियंता | 22.54 | 1999-2000 | |
| 3 | श्री रामदिवस सिन्हा | कनीय अभियंता | 2,349.54 | 1995-1996 | |
| 4 | श्री राजेन्द्र प्रसाद | कनीय अभियंता | 1,620.70 | 1999-2000 | |
| 5 | श्री काशीनाथ मोदी | सहायक अभियंता | 2,61,000.00 | 2004-2005 | |
| 6 | श्री पी0के0 ठाकुर | सहायक अभियंता | 4,337.63 | 2001-2002 | |
| 7 | श्री राकेश कुमार | सहायक अभियंता | 24,412.00 | 2004-2005 | |
| 8 | श्री सतीश शर्मा | सहायक अभियंता | 10,000.00 | 2005-2006 | |

इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आप सभी को अंतिम रूप से स्मारित किया जाता है कि विभागीय निदेश के आलोक में उक्त लंबित अग्रिम राशि का समायोजन/राशि प्रेस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अंदर प्रमंडल में जमा करना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा यह समझा जायगा की इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है। विभागीय निर्देश के आलोक में आपलोगों के विरूद्ध राशि की वसूली हेतु कानुनी कार्रवाई प्रारंभ करा दी जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,हजारीबाग

PR 315896 Minor Irrigation(23-24).D

## झारखण्ड सरकार कारा निरीक्षणालय, उप कारा, खूँटी

### ई०–निविदा सूचना

**HJ & DM/SJ-KHUNTI/Q-1/2024/194**

1. कारा का नाम– उप कारा, खूँटी।
2. विषय–कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जीयों, आलु, फल, मांस, सरसो का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई॰–निविदा का आमंत्रण। **(प्रथम त्रैमासिक निविदा दिनांक–01.01.2024 से 31.03.2024 तक)**
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non refundable) Online स्वीकार की जायेगी, जो निम्न प्रकार है – 5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र।
4. वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय–26.01.2024 से 02.02.2024 के अपराह्न 04:00 बजे तक।
5. निविदा Online upload करने की तिथि– 26.01.2024 से 02.02.2024 के अपराह्न 04:00 बजे तक।
6. आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि–दिनांक–03.02.2024 से 05.02.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा।
7. अग्रधन राशि (EMD) (₹2500/– से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि। दिनांक–03.02.2024 से 05.02.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा।
8. निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान–तिथि–06.02.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अनुमंडल पदाधिकारी, खूँटी के कार्यालय कक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी, खूँटी की उपस्थिति में।

**नोटः–**

1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, उप कारा, खूँटी के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
उप कारा, खूँटी

PR.NO.315830 Prison(23-24):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 21/2023-24

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 29/01/2024 को 01:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 30/01/2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 30/01/2024 को 03:30 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. भवन अवर प्रमण्डल, पदाधिकारी–01, लोहरदगा का कार्यालय। 2. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, लोहरदगा का कार्यालय। 3. अधीक्षण अभियंता भवन अंचल संख्या–2,रॉची का कार्यालय।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा का कार्यालय।
8. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of District Vigyan Kendra with Internal Electrification work, Boundary Wall, Driveway, furniture/Furnishing etc. work at Lohardaga. | 47,50,500.00 | 95,500.00 | 5,000.00 | 03 (Three) Months. |

**निविदा का परिमाण विपत्र क्रय हेतु निम्नांकित शर्तो का पालन अनिवार्य है :–**

1- निबंधन पत्र, यूकैन, GST में निबंधन प्रमाण पत्र, अद्यतन 3B, पैन कार्ड, विद्युत लाईसेंस सम्बन्धी प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा

♣ विशेष जानकारी के लिए – www.jharkhand.gov.in या कार्यालय का सूचना पटट् पर देखें।

कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमंडल, लोहरदगा

PR 315944Lohardaga(23-24)#D

### कोयला की ढुलाई से परेशान हैं इलाके के लोग

# सुध लेनेवाला कोई नहीं

रूपेश अग्रवाल



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** जिले में कोल माइंस ग्रामीणों के लिए काल बन गया है। कोयले की ढुलाई शुरू होने से कई गांव के ग्रामीणों के जीवन मे भयंकर त्रासदी का माहौल कायम है। दरअसल लातेहार जिले के सदर प्रखंड क्षेत्र में तुबेद कोल माइंस लोगो के लिए काल बन गया है। यहां लगभग 1250 एकड़ भूमि में कोयला खनन का लक्ष्य रखा गया है। प्रशासनिक मिली भगत से फिलहाल तमाम नियमो की अनदेखी कर यहां खनन का कार्य शुरू कर दिया है। इस बीच सबसे अधिक परेशानी मुरुप गांव के ग्रामीणों को हो रही है। चुंकि कोल प्रशासन और कोयला ढुलाई कंपनी के द्वारा घनी आबादी के बीचों बीच से कोयले कि ढुलाई दिनरात हाइवा के माध्यम से की जा रही है। जिससे संबंधित गांव के लोगों मे भय का माहौल बना हुआ है। अभी तक कोल प्रशासन के द्वारा कोयला ढुलाई के लिए रास्ता नही बनाया गया है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि मुरुप गांव के ग्रामीण तुबेद कोल प्रशासन को रास्ता बनाने के लिए अपनी जमीन देने से इंकार कर चुके है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जमीन देते है उसके बाद भी यह रास्ता घूम फिरकर गांव के ही मुख्य मार्ग पर आकर मिल जाता है। ऐसे में आने वाले समय मे ग्रामीणों को जान-माल का भारी नुकसान हो सकता है। ग्रामीणों ने कहा हाल के दिनों में लगभग 250 सौ से अधिक हाइवा से कोयला ढुलाई किया जा रहा है। मुरुप गांव के मुख्य मार्ग से कोयला ढुलाई होने से कोयले के धूलकण से जहां एक तरह ग्रामीण हलकान परेशान है तो वही दूसरी तरफ स्कूली बच्चो को रास्ते से गुजरने और घर मे पढ़ाई करने में एक बड़ी बाधा उत्पन्न हो रही है। ग्रामीणों के काफी विरोध और प्रशासन से गुहार लगाने के बाद भी उन्हें इस परेशानी से निजात नहीं मिल रहा है। मुरुप गांव के ग्रामीणों ने कोयला ढुलाई के लिए जमीन देने से साफ इंकार कर दिया है। साथ ही प्रबंधन को चेतावनी दी है। अगर वह कोयला ढुलाई के लिए रास्ता बनाने के लिए ग्रामीणों से जमीन लेने के लिए जोर जबरजस्ती करती है तो विरोध का सामना करना पड़ेगा। फिलहाल जिस तरह से दिन रात कोयले की ढुलाई की जा रही है। उससे नदी एवं तालाब का पानी दूषित हो रहा है तो वही दूसरी तरफ खेतो में लगी फसल, सब्जियों सब बर्बाद हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि तुबेद कोल माइंस के अधिकारियों द्वारा प्रभावित और विस्थापित ग्रामीणों के साथ धोखा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि डीवीसी कंपनी बाहरी लोगों को रोजगार दे रही है, जबकि विस्थापित ग्रामीणों को नौकरी, मुआवजा व कई लाभ देने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन उसे अबतक पूरा नही किया है।

# इवीएम और वीवीपैट मशीन का दिया गया प्रशिक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह ।** जिले के उपायुक्त हिमांशु मोहन के निर्देश पर शुक्रवार को बरवाडीह प्रखंड कार्यालय परिसर में इवीएम व वीवीपैट मशीन का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। ब्लॉक स्तर का मास्टर ट्रेनर अखिलेश रंजन और बीडीओ राकेश सहाय ने सभी को मतदान के दौरान वीवीपैट के प्रयोग की जानकारियां दी। बीडीओ ने बताया कि आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में सभी मतदान केंद्रों पर इवीएम के साथ वीवीपैट मशीन का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह ऐसी मशीन है, जिससे वोटर को अपने डाले गये वोट की जानकारी मिलेगी। इस दौरान मौजूद प्रखंड कार्यालय के कर्मी, अंचल कर्मी जनप्रतिनिधियों, आम जनता समेत महिलाओं ने भी मॉक वोटिंग कर अपने वोट को सुरक्षित माना। मौके पर अंचल निरीक्षक रमेश प्रसाद गुप्ता, मनरेगा सहायक अभियंता सुधीर कुमार दास, कनीय अभियंता शिवमोहन उरांव, अरविंद कुमार रवि, दीपक कुमार, मंजीत कु सिंह, रामनाथ राम, विजय कुमार, पप्पू मौजूद थे।

# विवेकानंद कभी ना अस्त होनेवाले सूर्य: शरत



**कैरो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद के 161 वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय युवा दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष श्रीमान शरत कुमार विद्यार्थी, उपाध्यक्ष डॉ भोला प्रसाद एवं प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार द्वारा संयुक्त रूप से विवेकानंद के चित्र पर पुष्पार्चन कर व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम आरंभ किया । प्रधानाचार्य द्वारा अतिथि परिचय के पश्चात बहन अदिति एवं आरुषि, आचार्या देवन्ति दीदी जी द्वारा विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला गया। अध्यक्ष शरत कुमार विद्यार्थी द्वारा शिकागो धर्म सम्मेलन में स्वामी जी के भाषणों का उल्लेख किया। उन्होंने आगे कहा, स्वामी विवेकानंद संसार के आसमान से कभी ना अस्त होने वाले सूर्य हैं। इसके पश्चात प्रधानाचार्य महोदय द्वारा स्वामी जी के बारे में बताया। कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व 21 भैया बहनो की भी उपस्थिति रही। इसमें बहन सोनल व ऋचा के द्वारा भी स्वामी जी के जीवनी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर विद्यालय के सभी भैया बहनों के साथ साथ सभी आचार्य वृंद उपस्थित थें।

# दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में आधा दर्जन लोग घायल, चार रिम्स रेफर



**कुड़ू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कुड़ू चंदवा मुख्य पथ एनएच 75 मे दो अलग- अलग सड़क दुर्घनाओं में शुक्रवार को आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पहली घटना केरवाड़ी मोड़ के पास की है जहां अनियंत्रित टेम्पो पलटने से उसमे सवार पांच लोग घायल हो गए जिसमे मकान्दू गांव निवासी सफीदन खातून 60, कमरुन खातून 30, सुफेदा खातून 35, मो खालीद खान 40, हसीना खातून 30 वर्ष घायल हो गयी। वहीं दूसरी घटना लाधुप गांव के समीप घटी जिसमे बाइक से गिरकर जिमा बरवाटोली निवासी 28 वर्षीय राजेन्द्र उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी का कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के बाद गम्भीर रूप से घायल चार लोगों को चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया।

# 10 लाख के इनामी नक्सली ने किया सरेंडर



**सरेंडर नक्सली ने मुख्यधारा में शामिल होने की जतायी इच्छा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार ।** झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति, नई दिशा सफल होते दिख रही है। राज्य में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के जोनल कमांडर मनोहर परहिया ने लातेहार पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया है। वह लातेहार का रहनेवाला है। लातेहार पुलिस स्पेशल ब्रांच के अधिकारियों के माध्यम से उसके खिलाफ दर्ज केस के बारे में जानकारी जुटा रही है। हालांकि, लातेहार पुलिस द्वारा अभी मनोहर परहिया के सरेंडर करने की घोषणा आधिकारिक रूप से नहीं की गयी है। पुलिस उसके खिलाफ अभियान चलाकर दबाव बनाने का प्रयास कर रही थी। इसी बीच उसने पुलिस अधिकारियों से संपर्क कर सरेंडर करने की इच्छा जाहिर की और मुख्यधारा में शामिल होने की बात कही।

# बिरसा किसान रथ को उपायुक्त ने दिखायी हरी झंडी

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के 04 वर्ष पूर्ण होने पर बिरसा किसान जागरूकता रथ को शुक्रवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रखण्डों के लिए रवाना किया गया। इस जागरुकता रथ के जरिये आत्मा अंतर्गत किसानों के लिए चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार के साथ-साथ मृदा, स्वास्थ्य, जैविक खेती, जल प्रबंधन, बीज उपचार, यांत्रिकीकरण, किसान डेबिट कार्ड, मछली पालन, पशुओं का टीकाकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड आदि की जानकारी उपलब्ध कराया जाना है। इस मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी-सह-निदेशक आत्मा शिवपूजन राम, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ श्रीकांत, सभी प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, सभी सहायक तकनीकी प्रबंधक व जिला कृषि कार्यालय के कर्मीगण उपस्थित थे।

# कई युवाओं ने थामा आजसू का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** आजसू पार्टी मे सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम नियंत्रण जारी है। इसी क्रम में लोहरदगा नगर क्षेत्र के युवा साथी अभिषेक ठाकुर एवं ऋतिक मेहता एवँ किस्को प्रखंड के युवा साथी रोहित साहू अपने समर्थकों के साथ आजसू पार्टी में शामिल हुए। आजसू पार्टी लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत ने सभी नए साथियों को आजसू का अंग वस्त्र पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराई। मौके पर श्रीमती भगत ने कहा कि युवाओं का खास रुझान आजसू की तरफ है और आजसू पार्टी सभी नए एवं पुराने साथियों के मान सम्मान में कहीं कोई कमी नहीं करेगी और कदम से कदम मिलाकर सभी लोग काम करेंगे .सभी नए सदस्य को बधाई देने वालों में केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव, पूर्व केंद्रीय सचिव कवलजीत सिंह, किस्को प्रखंड अध्यक्ष शनिचरवा उराव एवं किस्को प्रखंड सचिव अनिल साहू, महिला मोर्चा से सुनीता साहू इंदिरा प्रधान हेमंती देवी ,रूपा देवी गौरी देवी केंद्रीय सदस्य परमेश्वर भगत, नगर कार्यकारी अध्यक्ष गुडुस प्रसाद गुप्ता एवं राजन मेहता ,छात्र संघ अध्यक्ष आयुष मेहता ,कुडु प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान ,कुडू प्रखंड कमेटी के विजय उराव साजिद कलाल आजसू के वरिष्ठ नेता इकरामुल अंसारी, सायरा बानो ,अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राजू ऊराँव भंडरा प्रखंड अध्यक्ष आकाश यादव, रमेश बैठा ,मनोज गुप्ता मना,मनोज उरांव आनंद राम आकाश मेहता विजय कुमार आदि शामिल है।

# युवाओं का प्रेरणास्रोत थे स्वामी विवेकानंद: सुदेश्वर





**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी की जयंती धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यलाय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुदेश्वर साहू, सदस्य प्रतिमा देवी एवं पूर्व छात्र सत्यांश देव के द्वारा संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुरू किया गया। वही विद्यालय प्रबंधसमिति के अध्यक्ष सुदेश्वर साहू ने कहा ने भैया बहनों और आचार्य आचार्या को सम्बोधित करते कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणास्रोत थे। उन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन के लिये कहा था की उठो जागो और लक्ष्य पर पंहुचो। अमेरिका के शिकागो में विश्व धर्म सम्मेलन के दौरान हिन्दू धर्म के बारे में स्वामी जी व्यख्यान दिये थे। जिससे पूरे विश्व मे हिन्दू धर्म डंका बजा था। वही सदस्य प्रतिमा देवी ने विवेकानंद की जीवनी पर विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि जिस तरह स्वामी विवेनन्द जी भारतीय संस्कृति एवं भारतीय परंपरा का नींव रखा। जिसे अक्षुण्य बनाये रखना हम सभी का परम कर्तव्य है। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्ववर्ती लगभग 20 छात्र भी उपस्थित थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी द्वारा सभी का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया गया। मौके पर प्रतिभा देवी, सुषमा देवी, मीना देवी, संध्या कुमारी, डॉली कविता, प्रेमशीला उरांव, प्रीति देवी, जयप्रकाश सिंह सहित सभी आचार्य उपस्थित थे।

# सिविल सर्जन पहुंचे बरवाडीह, किया निरीक्षण

**बंध्याकरण के पांच दिन बाद हुई महिला की मौत बताया दुःखद, कहा जांच कर होगी कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह ।** शुक्रवार को सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने बरवाडीह पहुंचे निरीक्षण के दौरान जहां उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत सभी विधि व्यवस्था का जायजा लेने के साथ-साथ स्वास्थ्य कर्मी और मौजूद लोगों से मुलाकात की। सिविल सर्जन के द्वारा बीते दिनों बंध्याकरण के 5 दिन के बाद मंडल की महिला की मौत के मामले को लेकर भी स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी और संबंधित अधिकारी कर्मियों से पूछताछ की सिविल सर्जन ने बताया कि बंध्याकरण के बाद महिला की मौत दुखद है और मामले की जांच की जा रही है। वहीं पूरे मामले में महिला के परिवार को सरकार के प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिलाया जाएगा। वही भविष्य में इस तरह कि मामले ना हो इसको लेकर भी दिशा निर्देश दिया गया । उधर सिविल सर्जन के द्वारा जिला परिषद सदस्य सन्तोषी शेखर के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र के बीपीएम और लेखापाल की मनमानी समय से कार्यालय आने-जाने और मुख्यालय से नदारत रहने की शिकायत को भी गंभीरता से लिया गया। जिसको लेकर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को यह निर्देश दिया गया कि स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिस्थापित सभी चिकित्सक और कर्मचारी अपनी उपस्थिति बायोमेट्रिक के माध्यम से समय पर लगाएंगे और बिना किसी जानकारी के मुख्यालय से नदारत रहने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**सीएचओ के भरोसे चल रहा अस्पताल पर क्या कहा सीएस ने:** इस सम्बंध में सिविल सर्जन अवधेश सिंह ने बताया कि अखबार के माध्यम से ये खबर मुझे भी मालूम चला है। मामला संज्ञान में है।आने वाले समय में ऐसी पुनरावृत्ति न हो नही तो कार्रवाई की जाएगीं। चिकित्सको का रोस्टर बनाने का भी निर्देश दिया।

**आरचपीएल ने लिया है का टेंडर:** सिविल सर्जन ने कहा बंध्याकरण मे अगर इस संस्था की लापरवाही होगी तो उसपर भी उचित कार्रवाई की जाएगी। किसी की जिंदगी से खिलवाड़ करना कतई बर्दाश्त नही किया जाएगा।

# सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा क्षेत्र के लोहरदगा गुमला मुख्य पथ सेन्हा डिपू के समीप मोटरसाइकिल और ऑटो की टक्कर में दो युवक घायल हो गये.जानकारी के अनुसार बताया जाता है की लोहरदगा की ओर मोटरसाइकिल सवार दो युवक सेन्हा की आ रहे थे तथा ऑटो सेन्हा से लोहरदगा की ओर जा रहा था. उसी दौरान मोटरसाइकिल और ऑटो में जोरदार टक्कर हो गया। जिसे दो युवक घायल हो गये। वही घायलों की पहचान झालजमिरा निवासी मनिष पहान और भडगांव का शंकर प्रजापति के रूप में गया। वहीं घायलों को स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा लाया गया जहां चिकितडको द्वारा प्राथमिकी उपचार के बाद शंकर प्रजापति को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर निकाली गयी रैली




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा ।** डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जयंती के शुभ अवसर पर रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ अली एकबल अवर सचिव लोक सेवा आयोग ने हरा झंडा दिखाकर किया। रैली विद्यालय के निदेशक वी. के. बालांजीनप्पा के नेतृत्व में निकाली गई। रैली में बच्चों शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने मिलकर योगदान दिया । बच्चों ने विवेकानंद जी पर प्रेरणादायक नारे लगाए। विवेकानंद जी की जय, भारत माता की जय, वन्दे मातरम आदि के द्वारा युवाओ और समाज के लोगों तक संदेश पहुंचाया गया। इस रैली में राम विलास सिंह, उमर साह, पुष्पा तोपो, अश्रीता खल्खो, सारा परवीन, स्नेहा लता, नीकेत कुमार, शोभा विश्व कर्मा, नूर जहां, निदा परवीन, कहकशा परवीन, रीतिका कुमारी, मनिशा कुमारी आदि शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने सहयोग दिया।

# शरत कुमार ने बढ़ती ठंड से बचने के लिए असहाय और गरीबों के बीच बांटे कंबल



**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड मुख्यालय बस्ती के विराजपुर व जामुनटोली के 20 वृद्धजन व जरूरतमंदों के बीच 20 सूत्री सदस्य सह समाजसेवी शरत कुमार विद्यार्थी द्वारा कम्बल का वितरण किया गया। कड़ाके की ठंड से बचने के लिए समाजसेवी शरत कुमार विधार्थी जी के द्वारा गरीब असहाय व्यक्तियों को कंबल दिया गया। जिससे ग्रामीण काफी खुश नजर आए। और आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं शरत कुमार विधार्थी ने कहा की आप सभी लोगो की सेवा ही मेरा कर्तव्य है। आप सब अपना प्यार और आशीर्वाद बनाएं रखिए सभी प्रकार की सरकारी योजनाओं की लाभ आप तक पहुचाना मेरी जिम्मेवारी है। मौके पर गांव के तुड़का उरांव, परती उरांव, सुखमनी उरांव, श्याम उरांव, जवाहर उरांव, फूलो उरांव, मंगला उरांव, सोमरा उरांव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# आगे बढ़ने के लिए जीत-हार से ज्यादा जरूरी जुनून: मधुलिका

**खिलाड़ियों को फूल देकर उपप्रमुख ने किया विदा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कैरो ।** कैरो प्रखंड उप प्रमुख श्रीमती मधुलिका रानी से आज औरंगाबाद जाने के क्रम में उत्क्र. उच्च विद्यालय जिंगी के कराटे खिलाड़ियों ने मुलाकात की। मौके पर उपप्रमुख मधुलिका रानी ने बच्चों को गुलाब का फूल देकर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह गौरव का विषय है कि क्षेत्र के बच्चे आज राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। बच्चों को जीवन की दौड़ में बेहतर इंसान बनने की प्रेरणा देते हुए उन्होंने कहा कि जीत-हार को मन मष्तिष्क पर हावी न होने दें। आत्मविश्वास के साथ कुछ करने का जुनून हो तो जीत या हार आगे बढ़ने के रास्ते में कभी रूकावट नहीं बन पायेगी। उन्होंने विद्यालय के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी की भी हौसला अफजाई की और कहा कि विद्यालय के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उनका समर्पण आने वाले दिनों में बड़ा फल देगा। मौके पर पूर्व कैरो पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी ने भी बच्चों को संयमित, सरल और अनुशासित जीवनशैली अपनाने की सीख देते हुए निरंतर सफलता की मंजिलों को छूते रहने का आशीर्वाद दिया। ध्यातव्य है कि इंडिया मॉर्शल आर्ट्स शोतोकॉन कराटे डो फेडरेशन के तत्वावधान राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन महाराष्ट्र के औरंगाबाद बाद 14 जनवरी को किया गया है। यह प्रतियोगिता मराठा मंदिर हॉल, हरसूल टी प्वाइंट औरंगाबाद में आयोजित होगी। उक्त चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए विद्यालय के 4 खिलाड़ी रानी कुमारी, अदनान अंसारी, रौशनी कुमारी, सूरज उरांव एवं तान स्कूल से मोहन टाना भगत प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी के नेतृत्व में रांची के हटिया स्टेशन से आज औरंगाबाद (महाराष्ट्र) के लिए रवाना हुए। मौके पर कोच देवंती कुमारी, शादाब अंसारी, विनय कुमार, सरफराज अंसारी उपस्थित थे।

# आमजनों को दी गयी मतदान प्रक्रिया की जानकारी

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** ईवीएम-वीवीपैट के प्रशिक्षण-सह-जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत ईवीएम मोबाईल द्वारा डेमोंस्ट्रेशन का कार्यक्रम अनुमंडल कार्यालय परिसर और उप निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा परिसर में किया गया। इसके अलावा किस्को प्रखंड के बगडू पंचायत स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय बगडू और पेशरार प्रखण्ड में राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय केरार, राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय दुग्गु, राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय पेशरार मतदान केंद्र क्षेत्र में यह डेमोंस्ट्रेशन किया गया।

# भट्ठी में जबरदस्ती कार्य कराने के मामले के सत्यापन में जुटे अनुमंडल पदाधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** सेन्हा अंचल क्षेत्र के बरवाटोली स्थित कोयल नदी तट पर संचालित आकृति ईंट भट्ठा में मजदूरों से जोर जबरदस्त से कार्य कराने का मामला प्रकाश में आते ही लोहरदगा अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार टीम के साथ आकृति ईंट भट्ठा पहुंच सूचना सत्यापन कार्य मे जुट गये। जिसे बाल मजदूरी तथा अन्य बिंदुओं पर जांच किया जा रहा है। गौरतलब हो कि ईंट भट्ठा में मजदूर से ईंट पराई एवं डग में भराई कराने का कार्य कराया जाता है। इसके अलावे मजदूरों से जबरन भी कार्य कराने तथा बाल मजूदरी की बात सामने आया। इस संदर्भ में एसडीओ अमित कुमार ने बताया कि प्राप्त सूचना के आलोक में विभिन्न बिंदुओं पर जांच किया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि सूचना सत्यापन के दौरान यह पता चला कि चार मजदूर अपना घर जाना चाहते थे। जिसे मालिक के द्वारा पैसा नहीं देने का कारण जोर जबर्दशती कार्य कराने की बात सामने आई और अन्य मजदूर अपने इच्छा के अनुसार रहकर कार्य करना चाहते है। जांच के क्रम अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, श्रम अधीक्षक दिनेश भगत, खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद, अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी, एस आई गणेश कुमार यादव दलबल के साथ मौजूद थे।

# मीड डे मील के मेन्यू में अंडे की हो रही कटौती

आजाद सिपाही संवाददाता



**कामडारा ।** कामडारा प्रखंड मुख्यालय स्थित इपिफानी बालिका मध्य विद्यालय कामडारा मे मीड डे मील मे मेन्य के आधार पर बच्चों के बीच दी जाने वाली अंडे में कटौती कर बच्चों को अंडे का आधा टुकड़ा दिया जाता है। इस बात की पुष्टि आज शुक्रवार को मध्यान्ह भोजन के दौरान बच्चों के हाथों पर परोसी गई थाली को देखने के उपरांत हुई।वहीं इस संदर्भ मे विद्यालय के प्रधानाध्यापिक आशा बरवा से फोन पर बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि एल केजी मे कुल 33 बच्चे नामांकित है।उक्त बच्चों के लिये अंडा नहीं मिलता है।जिसके कारण अंडा को टुकड़ा करके सभी बच्चों के बीच पूरा की जाती है।जबकि इधर बीआरसी के बीपीओ चंद्रशेखर नाथ शाहदेव से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि वर्ग प्रथम से लेकर पांचवीं कक्षा तक के बच्चों के बीच अंडा दिये जाने का प्रावधान है।लेकिन एलकेजी के बच्चों की छात्र संख्या को भी वर्ग प्रथम के बच्चों के साथ जोड़कर उन्हें अंडा दिया जाता है।कुल मिलाकर देखा जाय तो सभी विद्यालयों मे बच्चों (छात्र)की संख्या के आधार पर मेन्यू के अनुसार अंडा देना है।लेकिन इपिफानी बालिका मध्य विद्यालय कामडारा मे एच एम की लापरवाही के कारण स्कूली बच्चों को मीड डे मील मे मेन्यू के आधार पर सिर्फ आधा टुकड़ा मिल रहा है।

# तस्करी के लिए ले जाये जा रहे मवेशियों से भरा कंटेनर पलटा

**कंटेनर के पलटने से 30 मावेशियों की हुई मौत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पालकोट।** थानांतर्गत सेमरा जंगल के गंजाई नदी पुल पर तस्करी के लिए ले जाए जा रहे मवेशियों से भरा कंटेनर के पलटने से 30 मवेशियों की मौत हो गयी। जबकि लगभग 30 मवेशी घायल हो गये। प्राप्त जानकारी अनुसार, पलकोट थाना क्षेत्र के सेमरा जंगल स्थित गंजई पुल में शुक्रवार की सुबह लगभग 8 बजे तस्करी के लिए ले जा रहे मवेशियों से भरा कंटेनर अनियंत्रित होकर पुल से टकराया और पलट गया जिससे मौके पर ही लगभग 30 मवेशियों की मौत हो गयी। गाड़ी पलटने के बाद चालक और खलासी भागने में सफल रहे एक मजदूर घायल हो गया जिससे इलाज हेतु सदर हॉस्पिटल गुमला भेजा गया है।

घटना की जानकारी मिलने पर पालकोट थाना प्रभारी अनिल लिंडा द्वारा घटना स्थल पहुंच कर कंटेनर से बाकी मवेशियों को बचाने का काम किया गया। जानकारी के अनुसार कंटेनर उड़ीसा राज्य से मवेशियों की तस्करी करने के मकसद से दूसरे राज्य ले जाया जा रहा था। गंजई नदी के समीप तीखा मोड़ होने के कारण चालक अपना नियंत्रण खो दिया जिससे वाहन पलट गई । वाहन पलटने से पता चलता है कि किस पैमाने पर गुमला जिला के रास्ते होकर अवैध रूप से मवेशियों का तस्करी किया जा रहा है। गाय लदे कंटेनर के पलटने के बाद स्थानीय ग्रामीण और राहगीर एकत्रित हो गए और पलकोट थाना को सूचित किया। पालकोट पुलिस के द्वारा जेसीबी से कंटेनर को उठाया गया और जिंदा बचे मवेशियों को निकाला गया।

घटना की जानकारी मिलने पर बजरंग दल व विहिप समेत अनेक ग्रामीण घटना स्थल पहुंचे। इस संबंध में पालकोट थाना प्रभारी अनिल लिंडा ने वाहन जांच नहीं होने की बात कहते हुए कहा कि गाय तस्करों द्वारा तस्करी के लिए तरह तरह के वाहन का उपयोग किया जाता है। पुलिस को शक न हो इसलिए इस तरह का वाहन का इतेमाल किया जाता है। ऐसे वाहन में चार पहिये वाला कार की भी ढुलाई करने का काम किया जाता है इसी वजह से तस्करी करने वाले लोग इसका गलत फायदा उठा कर गौ तस्करी करते हैं।

## स्थापना दिवस के अवसर पर मातृ दिवस आयोजित



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर बसिया में शुक्रवार को विवेकानंद जयंती सह स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर मातृ दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जयवंती देवगम एवं विशिष्ट वनवासी कल्याण केंद्र के प्रांत प्रमुख सुभाष चंद्र दुबे द्वारा संयुक्त रूप से माता सरस्वती, ओम ओर भारत माता के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अथिति जयवंती देवगम ने कहा कि माताएं अपने बच्चो को शिक्षा के साथ साथ उन्हें नैतिक शिक्षा ओर संस्कार दे, मोबाइल से बच्चो को दूर रखें। आज विद्या मंदिर स्कूलों में पढ़ाई के साथ साथ संस्कार भी सिखाया जाता है जिससे बच्चे हर क्षेत्र में अग्रणी रहते है। विशिष्ट अतिथि सुभाष चंद दुबे ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वनवासी कल्याण के केंद्र के कार्यो एवं शिशु मंदिर स्कूल खोलने के उद्देश्य पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान खेल कूद प्रतियोगिता ,रूप सज्जा प्रतियोगिता के आयोजन के साथ ही द्वितीय सावधिक परीक्षा फल वितरण के सफल प्रतिभागियों एवं उनके माताओं को सम्मानित किया गया। स्कूल प्रबंधन समिति के अभय चौधरी द्वारा संक्षिप्त रुप से विद्यालय का इतिहास बताया गया। मंच संचालन नवीन कुमार मिश्रा, अतिथि परिचय प्राचार्य अभिमन्यु महतो द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला निरीक्षक हीरा लाल महतो, विद्यालय प्रबंधन समिति के भुवनेश्वर साहू, नरेश कुमार, शंकर साहू, प्रकाश साहू, शिवराज साहू, विजय सिंह पिंटू समेत विद्यालय के आचार्य एवं विद्यालय के सभी भैया बहन एवं उनके लगभग 500 माताएं उपस्थित थे।

## स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनायी गयी



**बसिया (आजाद सिपाही)।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवा संन्यासी के रूप में विख्यात स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने स्वामी जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुष्पार्चन कर किया।सर्वप्रथम छात्र शिवम बड़ाईक ने स्वामी जी पर आधारित सुंदर गीत प्रस्तुत किया।इस अवसर पर सुधीर उरांव, अंकुश उरांव, आशीष उरांव, तुलसी उरांव, आलोक उरांव, सुभाष भगत, जूलियस उरांव, रोहित उरांव ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन के अनेक प्रसंगों पर आधारित संभाषण दिया। छात्र शिवा उरांव अनिश उरांव तथा सुजन उरांव ने क्रमश: कुडुख व हिंदी में गीत गया। शिक्षक बादेश कुमार मंडल, निरंजन कुमार तथा आर्यन शाह ने छात्रों के समक्ष स्वामी जी के जीवन के विभिन्न प्रेरक प्रसंगों को बड़े ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। संगीत शिक्षक सूरज कुमार प्रसाद हारमोनियम तो छात्र आरजू कुमार मुंडा नाल तथा रोहन कुजूर ट्रिपल वादन कर रहे थे। संचालन छात्र आलोक उरांव ने किया। आशीर्वचन के शब्द बोलते हुए प्राचार्य श्री सिंह ने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों और कार्यों की चर्चा करते हुए उनके जीवन के कुछ प्रसंगों को छात्रों को बताया और स्वामी जी के किसी एक गुण को अपनाने को प्रेरित किया।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रूट मैप में गुमला को जोड़ने का अनुरोध




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** कांग्रेस की प्रदेश स्तरीय बैठक में प्रदेश स्तरीय नेताओं के अलावे गुमला से वरिष्ठ सह प्रदेश स्तरीय नेता भी शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि राहुल गांधी 12 जनवरी को मणिपुर की राजधानी इम्फाल से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत कर रहे है। यह यात्रा 20 मार्च तक चलेगी। जो संभवतः फरवरी के प्रथम सप्ताह में झारखंड प्रवेश करेगी और आठ दिनों तक 804 किमी की दूरी तय करेगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाना है। इसके लिए पदाधिकारी व कार्यकर्ता तन मन से लगकर ऐतिहासिक बनाने का काम करें। बताया गया कि रूट एवं तारीख की सूचना अलग से सभी पदाधिकारी को दी जाएगी। मौके पर झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, प्रदेश सचिव रोशन बरवा, रमेश कुमार चीनी, अकील रहमान मौजूद थे। गुमला के नेताओं ने प्रभारी व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से पार्टी हित में गुमला एवं सिमडेगा होते हुए यात्रा को आगे बढ़ने का आग्रह किया। साथ ही खूंटी को भी जोड़ने पर बल दिया। कहा कि इससे पार्टी को लाभ होगा।

# मानव सेवा और कलीसिया एकता को मजबूत करने की आवश्यकता है: बिशप

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला ।** झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन द्वारा विशप डॉक्टर फादर लिनुस पिंगल एक्का को अभिषेक के मौके पर जोरदार स्वागत किया गया।

झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन गुमला के द्वारा गुमला के अगुवा बिशप डॉ फादर लिनुस पिंगल एक्का के पुरोहित अभिषेक के मौके पर संत पात्रिक मैदान के बगल में स्टाल लगा कर पेय जल की व्यवस्था की गई। मौके पर हजारों खीस्त विश्वासी सहित अन्य लोगो ने स्टाल टेंट में लोगो ने जल पान किया। इस अवसर पर खउअ के अध्यक्ष हेमंत कुमार ने कहा यह अवसर गुमला के लिए गौरव की बात है। बिशप के द्वारा गुमला को नई दिशा मिलेगी। गुमला के लिए यह गर्व की बात है। यह गुमला जिला के स्वर्णिम अवसर है। वही होशियाना तिर्की ने कहा बिशप की अगुवाई में गुमला को नई दिशा मिलेगी। वही झारखंड क्रिश्चियन संगठन द्वारा जिला कमेटी द्वारा नव बिशप लीनुस पिंगल एक्का को पुष्प गुच्छ प्रदान व शॉल ओढ़ाकर बधाई एवं शुभकामना दिया गया।

इस अवसर पर बिशप स्वामी ने कमेटी के सदस्यों की कार्य को देखकर अपना आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने यह भी कहा कि आप सब इसी तरह मानव सेवा का कार्य करते हुए कलीसिया एकता को मजबूत बनाए रखें और आप सब हमेशा अग्रसर रहे। मोके पर अध्यक्ष हेमंत कुमार, सचिव सुनील कुमार, सजीत पन्ना, अमित एक्का, परवीन तिर्की, होसियाना तिर्की, राम साहू, उत्तम बेक, नेहा तिर्की, राम साहू, सेत कुमार एक्का अन्थोनी लकड़ा, आदि लोग उपस्थित रहे।

## आदिम जनजाति से पीएम करेंगे बात, तैयारी शुरू



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के आदिम जनजाति समुदाय से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 15 जनवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधे बात करेंगे और उनका हाल-चाल लेंगे। इस निमित प्रखंड कार्यालय परिसर में तैयारी प्रारंभ हो गई है। हालांकि किसी भी अधिकारी के द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की जा रही है। बताते चले कि पिछले एक सप्ताह से पूरा जिला प्रशासन बिशुनपुर प्रखंड का दौरा कर सभी आदिम जनजाति समुदाय के लोगों के बीच में केंद्र सरकार की तमाम योजनाओं को पहुंचाने का प्रयास कर रहे है। प्रशासन का प्रयास है कि गांव जाकर बिशुनपुर प्रखंड में निवास करने वाले सभी 1700 परिवार के सदस्यों को तमाम सरकारी योजना का लाभ दिया जाए। इसी दौरान आगामी 15 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रखंड के आदिम जनजाति समुदाय के लोगों से संवाद कर जानकारी प्राप्त करेंगे कि कौन सी सरकारी योजना उन तक पहुंची है और उनका जीवन शैली में क्या बदलाव आया है। इसकी तयारी को लेकर लगातार उपायुक्त, उपविकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सहित जिला के तमाम वारिये अधिकारी लगातार बिशुनपुर प्रखंड का दौरा कर रहे हैं।

# पुल नहीं रहने से बरसात के दिनों में टापू बन जाता है कांव- कांव टोली

आजाद सिपाही संवाददाता



**कामडारा ।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र के गांव सुरहू नवाटोली स्थित बाघमारा नदी पर पुल नहीं रहने के कारण गांव कांव-कांव टोली बरसात के दिनों पर बन जाता है टापू। जानकारी के मुताबिक कामडारा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत गांव सुरहू नवाटोली और गांव कांव-कांव टोली स्थित बाघमारा नदी पर पुल नहीं रहने के कारण उक्त दोनों गांव के ग्रामीणों को आने-जाने मे काफी दिक्कतें होती है। वहीं विशेष रुप से बरसात के दिनों मे उक्त दोनों गांव का आपसी संपर्क बिल्कुल टुट जाता है।

इसी के साथ गांव कांव-कांव टोली पूरी तरह से टापू के रुप मे तब्दील हो जाती है।ग्रामीण कुलेश्वर साहू ने बताया कि बाघमारा नदी पर पुल बनाने की मांग को लेकर लगभग पांच वर्ष पहले पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव ने मांग की गई थी।वहीं उन्होंने गुमला के तत्कालीन उपायुक्त को जनहित मे ध्यान रखते हुये आगे की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया था। लेकिन आज तक बाघमारा नदी मे नहीं बन पाया है।

इधर उक्त गांव की समस्या के बारे मे वर्तमान विधायक जिगा सुसारन होरो का भी ध्यान आकृष्ट नहीं पाया है।इधर ग्रामीणों ने बताया कि गांव सुरहू नवाटोली के कुछ किसानों खेत बाघमारा नदी के उसपार भी है।जिसके वजह से बरसात के दिनों मे खेती बारी और मवेशियों को चराने जाने के लिये काफी दिक्कत होती है।ग्रामीणों की मांग है कि बाघमारा नदी पर यथाशीघ्र पुल का निर्माण कराया जाये।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर साथिया सम्मेलन आयोजित

**अयोजन में 44 साथिया को किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बख्तरसाय मुण्डन सिंह स्मृति भवन गुमला में राष्ट्रीय युवा दिवस पर साथिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह अयोजन राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत किया गया।

कार्यक्रम का अयोजन स्वास्थ विभाग शिक्षा विभाग एवं सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के तकनीकी सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन गुमला जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डीपीसी, आहतु थाना प्रभारी ,राज्य साधन सेवी एसएचडबल्यूपी, आरकेएसके जिला कोऑर्डिनेटर द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य साथिया के द्वारा किशोर किशोरियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए योगदान को मान्यता देते हुए सम्मानित करना था। मुख्य अतिथि सिविल सर्जन राजू कच्छप ने कहा कि अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना है।

अगर मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे संतुलित रहेंगे तो हमारी निर्णय सही होंगे और हम समाज और देश के विकास में लड़ाई करेंगे। अहतु के थाना प्रभारी आकाश पांडे द्वारा मानव तस्करी और उसके कानूनी प्रावधान के विषय पर जानकारी दी गई । राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित साथिया सम्मेलन में 44 साथिया को उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मेलन के दौरान किशोर किशोरियों के द्वारा सोशल मिडिया का उपयोग पर लघु नाटक किया गया एवं क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यक्रम प्रबंधक जया रेशमा खाखा ने किया। डॉक्टर सरिता प्रतिमा मिंज द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। स्वास्थ्य कार्यक्रम में लगभग ढाई सौ साथिया किशोर किशोर या स्वास्थ्य कर्मी एवं स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## मकर संक्रांति के पूर्व पतंग उत्सव के कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सॉलिटेयर एजुकेशन एकेडमी मकरा, घाघरा में राष्ट्रीय युवा दिवस तथा मकर संक्रांति के पूर्व पतंग उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयन्ती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सचिव अंकिताश्री, प्राचार्य चंद्रकांत पाठक एवं उप प्राचार्य शरद पांडेय के संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन तथा विवेकानंद की तस्वीर पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण के किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने विवेकानंद के जीवन से संबंधित प्रश्न-उत्तर व वाद विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया। वहीं सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं ने पतंग उत्सव मना कर मकर संक्रांति का स्वागत किया। बहुत से छात्र-छात्राओं ने अपने हाथ से बने हुए पतंग से पतंग बाजी की जिसके बाद विद्यालय के द्वारा उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। इधर मकर संक्रांति एवं पतंग उत्सव के अवसर पर विद्यालय प्रबंधन के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को दही -चूड़ा तथा तिलकुट खिलाया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख बद्री विशाल का योगदान रहा। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक राम सुंदर ठाकुर, राणा हिमांशु सिंह, कृष्णकांत पाठक, विनोद बिहारी पांडेय, रविंद्रनाथ कर्मकार, शुभम सौरभ, निलेश कुमार, उमाशंकर प्रसाद, विवेक पाठक तथा विद्यालय की शिक्षिका शालिनी टोप्पो, विनीता कुमारी, संजू तिवारी, दिव्या मेहता, श्वेता कुमारी, अंबिका यादव सहित कई मौजूद थी।

## गौरव तिवारी ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव में किया राज्य का प्रतिनिधित्व

# देश को दी गुमला की अनोखी जानकारियां

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** नासिक में चल रहे 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में गुमला के गौरव तिवारी ने झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व किया। यह कार्यक्रम 12 से 16 जनवरी तक चलेगा। झारखंड की ओर से युवा प्रतिभागी गौरव तिवारी को वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वार्ता एवं संबोधन का अवसर प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नासिक युवा महोत्सव में देश के सभी राज्यों से आये युवाओं से मुलाकात की एवं उन्हें संबोधित किया। इस बीच झारखंड की ओर से बोलते हुए युवा प्रतिभागी गौरव ने गुमला जिले के बारे में भी वहां के लोगों को बतलाया साथ ही यह भी बात रखी की गुमला शहीदों की भूमि है। परमवीर अलबर्ट एक्का की जन्मस्थली है। जब भी सीमा पर जरूरत पड़ी गुमला के जवानों ने अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर दुश्मनों से मुकाबला किया है। ऐसे में शहीद के परिवारों को और उनकी विधवाओं को सरकार से जो कैंटीन सुविधा दी जाती है उस आर्मी कैंटीन से सामान लेने के लिए गुमला के सुदूरवर्ती गांव से 100 से 150 किलोमीटर चलकर रांची तक जाना पड़ता है जो इस सुविधा का मजाक प्रतीत होता है।अतः जिले में एक मिलीट्री कैंटीन होना चाहिए। गुमला जिले के कार्तिक उरांव महाविद्यालय के अर्थशास्त्र सेमेस्टर वन के छात्र गौरव तिवारी के 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में झारखंड की ओर से शामिल होने पर पूरा कॉलेज परिवार एवं जिला हर्षित है. कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ दिलीप प्रसाद. प्राचार्य ए जे खलखो, प्रोफेसर सीमा कुमारी, प्रोफेसर अमित कुमार एवं अन्य कर्मियों ने गौरव को शुभकामनाएं दी है. वहीं गौरव का चयन राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए होने पर उनके मामा जयन्त कुमार पांडेय एवं पूरा परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है एवं उन्हें शुभकामना दी है।

# सभी रूटों पर वाहनों की हो नियमित जांच: मंगल सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला ।** गुमला को अवैध कारोबार का चरागाह कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। अवैध पशु की तस्करी कहें या फिर मादक पदार्थों की तस्करी। माफिया गुमला के सड़क मार्ग से ही कारोबार करते हैं। यह तब जाहिर होता है जब अवैध तस्करी के वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है। गंजई नदी पुल पर दुर्घटनाग्रस्त कंटेनर और उसमें लदे तस्करी के अवैध मवेशी की घटना के संदर्भ में भाजपा किसान मोर्चा के प्रमंडलीय सह प्रभारी मंगल सिंह भोगता ने कहा कि यह घटना सनातन धर्मावलंबियों और किसानों के मन मस्तिष्क को झकझोर देने वाली है। इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि आए दिन भी वाहनों से पशुओं की तस्करी होती रही होगी। क्योंकि पुलिस दो पहिया वाहनों को हेलमेट चेक करती है और चार पहिया एवं बड़े वाहनों को सड़कों में सरपट दौड़ने के लिए छोड़ देती है। उन्होंने शासन और प्रशासन से सड़कों पर चलने वाली सभी तरह के वाहनों की नियमित जांच करने की मांग की है।

## नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट में मांडर ने नबीनगर को हराकर कप पर जमाया कब्जा

# स्थानीय स्तर पर खेल को बढ़ावा देने के लिए सरकार संकल्पित: सत्यानंद

**कहा- सरकार भी स्थानीय प्रतिभा को निखारने की दिशा में लगातार कर रही है काम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के पथरा-शिवपुर भाईचारा एकता कमेटी की ओर से शिवपुर खेल के मैदान में आयोजित नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल शुक्रवार को मुकाबला मांडर व नबीनगर के बीच खेला गया। मैच का उद्घाटन झारखंड के श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता, राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, प्रखंड प्रमुख राज कुमारी देवी, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार आदि ने संयुक्त रूप से गेंद को किक मारकर किया। मैच में मांडर की टीम ने 3-2 से नबीनगर को हराकर कप पर कब्जा जमाया। कार्यक्रम का संचालन राजद प्रवक्ता जाकिर अली उर्फ राज अली ने किया। वहीं, अपने संबोधन में मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि स्थानीय युवाओं द्वारा यह आयोजन सरहानीय रहा है। आज खेल का क्रेज काफी बढ़ गया है। सरकार भी स्थानीय प्रतिभा निखारने की दिशा में स्थानीय स्तर से राज्य स्तर तक कार्य कर रही हैं। ताकि युवाओं को सही प्लेटफॉर्म मिल सके। संजय यादव ने कहा कि हर क्षेत्र में कड़ी मेहनत की जरूरत है। खेल में भी असीम संभावनाएं हैं। जरूरत है लक्ष्य निर्धारित करके मेहनत करने की। इस मौके पर राजद के युवा नेता रवि यादव, जिप सदस्य संतोषी शिखर, एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, विनय यादव, राजद के जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, मुखिया नरेश पासवान, अमरेंद्र ठाकुर, डॉ पीएन सिंह, अशोक यादव समेत हजारों खेल प्रेमी दर्शक मौजूद थे।



फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में उपस्थित मंत्री सत्यानंद भोक्ता व अन्य।

## स्वामी विवेकानंद की जीवनी युवा पीढ़ी के लिए प्रासंगिक: अविनाश

**संत मरियम स्कूल में मनी स्वामी विवेकानंद की जयंती**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। स्कूल के चेयरमैन, प्रधानाध्यापक, उप प्राचार्य एवं शिक्षकों ने स्वामी विवेकानंद जी के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने स्लोगन, गायन, संभाषण लेखन आदि से अपनी प्रतिभा दिखाया। साथ ही शिक्षकों ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी एवं उनके अनमोल विचारों पर प्रकाश डाला। मौके पर उपस्थित विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि आज स्वामी विवेकानंद जी का जन्म दिवस है। ये युवाओं के दिलों एवं धड़कनों में अभी भी राज करते है। इसलिए आज हमारा देश बड़े ही गर्व व हर्षोल्लास के साथ स्वामी विवेकानंद जी की जयंती युवा दिवस के रूप में मना रहा है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी के कई घटनाओं व उनके विचारों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि विवेकानंद जी अपने विचारो और आदर्शों के लिए पूरी दुनिया में जाने जाते है। युवाओं को इनसे हमेशा सिख लेनी चाहिए। आज की युवा पीढ़ी में यह देखने को नहीं मिलती है या हम अपने बच्चों को यह सिखा नहीं पाते कि हमारे विचार हमारे लिए कितना उपयोगी है। हमारा आदर्श ही हमें एक अलग पहचान बनाती है। एक अच्छे विचार से हम अपने जीवन को सवार सकते है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने पूरे विश्व में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। यदि स्वामी विवेकानंद के विचारों को जीवन में अपनायें और खुद पे विश्वास रखें तो दुनिया की कोई ताकत हमें सफलता की ओर बढ़ने से नहीं रोक सकती। आज युवा वर्ग से लेकर बच्चों तक को इनसे सिख लेनी चाहिए और इनके पथ पर चलना चाहिए जिससे कि अपने जीवन को सही दिशा निर्देश दे सके। साथ ही हमें अपने बच्चों को स्वामी विवेकानंद की उपलब्धियों के बारे मे बतानी चाहिए, ताकि इनसे प्रेरणा लेकर एक अच्छा इंसान बन सके और बुराई के पथ पर जाने से खुद को रोक सकेंगे। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श उप प्राचार्य एसबी शाहा, शिक्षक, शिक्षिकाओं सहित हजारों बच्चे मौजूद थे।

## पीएम जनमन कार्यक्रम के तहत विभिन्न पीवीटीजी बहुल गांवों में लगाया शिविर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले के विभिन्न अंचलों में आवास कर रहे पीवीटीजी परिवारों को पीएम जनमन कार्यक्रम के तहत विभिन्न लाभकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए पीवीटीजी बहुल गांवों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को पांकी के मुक्ता गांव, मनातू के उरुर, छत्तरपुर के कउल, चैनपुर के प्रसाखर, एलियास, रामगढ़ के हूटार गांव व हुसैनाबाद के महुदंड के परिवारों के लिये छतरपुर के काला पहाड़ में शिविर लगाया गया। हुसैनाबाद के महुदण्ड में मजबूत मोबाइल नेटवर्क नहीं रहने के कारण ऑनलाइन कार्य नहीं हो पा रहा था जिस कारण कालापहाड़ में यह शिविर लगायी गयी। इन शिविरों में पीवीटीजी परिवारों का स्वास्थ्य जांच किया गया। इस दौरान टीबी, सिकल सेल एनीमिया जांच, आयुष्मान भारत कार्ड, एनसीडी स्क्रीनिंग एवं मरीज का इलाज किया गया। इस अवसर पर ब्लड प्रेशर और सुगर आदि की भी जांच की गयी। वहीं नेत्र का विशेष रूप से जांच की गयी। इसके अतिरिक्त आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र,जनधन योजना, बैंक खाता, आयुष्मान कार्ड, केसीसी कार्ड, पीएम किसान सामान्य निधि का स्टॉल लगाकर पीवीटीजी परिवारों को लाभावित किया गया। साथ ही उन्हें फूड सप्लीमेंट्स भी दिए गए।

## राजनीतिक भागीदारी व उचित न्याय पाने के लिए ओबीसी समाज को होना होगा गोलबंद: ब्रह्मदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जेपी यादव स्कूल के बगल में शुक्रवार को मांझीऑव के पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी ब्रह्मदेव प्रशाद और संचालन अशोक पाल एवं आनंद विश्वकर्मा ने किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विश्रामपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्यासी ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि हमारा पिछड़ा वर्ग परिवार आज हाशिये पर है। समाज को जनसंख्या के आधार पर उचित भागीदारी नहीं मिलना दुःखद है। ओबीसी को राजनीतिक भागीदारी और उचित न्याय नहीं मिल पा रहा है। इसे लेकर हम सभी को ग्रामीण से लेकर राज्य स्तर तक आंदोलन व सम्मेलन करने की जरूरत है। अपने हक-अधिकार के लिए समाज को गोलबंद होकर सड़क पर उतरना चाहिए। वहीं, बैठक में पिछड़ा वर्ग एकता एवं अधिकार मंच का गठन किया गया जो पलामू प्रमंडल के सभी गांवों में जाकर समाज को गोलबंद करेगा। ताकि 15 फरवरी के पहले मेदिनीनगर में पिछड़ा वर्ग एवं अधिकार यात्रा सह महासम्मेलन का आयोजन किया जा सके। जिसका शुभारंभ संयोजक मंडल द्वारा मेदिनीनगर में 16 जनवरी और गढ़वा में 18 जनवरी को पिछडा वर्ग की एकता एवं अधिकार यात्रा रथ सह महासम्मेलन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इस बैठक में पूर्व प्रत्याशी सह समाज सेवी युगल पाल ने कहा कि पलामू प्रमंडल कि सभी गांवों तक जाकर ओबीसी समाज को जागरूक करना होगा। पूर्व प्रत्याशी असर्फी चंद्रवंशी ने भी ओबीसी समाज के लोगों से अपील की कि ओबीसी की ताकत का प्रदर्शन करना चाहिए। इस दौरान गढवा जिला एवं पलामू प्रमंडल के सभी प्रखंडों से पिछड़े वर्ग समाज के नेताओं ने भी अपने-अपने विचार रखे। मौके पर योगेंद्र प्रजापति, अशोक यादव, विनोद यादव, अर्चना प्रकाश जिला परिषद, बद्री शर्मा वार्ड सदस्य, महेंद्र शर्मा, रामचंद्र शर्मा, प्रेमचंद्र प्रसाद, शंकर प्रताप विश्वकर्मा, महेंद्र चंद्रवंशी, अजय जसवाल, आनंद जायसवाल, विजय जायसवाल, जगरनाथ साव, शंकर गुप्ता, रामनाथ गुप्ता, मारुति नंदन सोनी, विजय कमलापूरी, वीरेंद्र चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

## कृषि को नया आयाम देकर किसानों के प्रेरणास्रोत बने रामप्रवेश



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रामप्रवेश मेहता विश्रामपुर क्षेत्र के किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन कर उभरे है। उन्होंने कृषि में नित्य नये प्रयोग कर आदर्श कृषक की उपाधि हासिल की है। इनके जज्बे के आगे संसाधनों की कमी कभी आड़े नहीं आयी। रामप्रवेश मेहता मूलतः विश्रामपुर नप के बरसइता गांव के निवासी है। धान, गेंहू, दलहन व तेलहन के अलावा कई तरह की सब्जी का भी फसल उगाते है। अभी इनके खेतों में एक-एक मूली पांच-पांच किलो से अधिक की है। उन्होंने समाज में अच्छा मुकाम हासिल किया। है। रामप्रवेश ने कहा कि हमारे पूर्वजों के पास जमीन काफी कम थी। लेकिन हमने हिम्मत नहीं हारी।

## सामुदायिक शौचालय सौंपा

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड 16 में नवनिर्मित सामुदायिक शौचालय को शुक्रवार को आमजनों के लिए खोल दिया गया। पार्षद पूनम देवी व समाजसेवी विजय कुमार रवि ने संयुक्त रूप से जानकारी दी

### महत्वपूर्ण न्यूज

## पलामू खेल क्रीड़ा मंच की ओर से झारखंड मुक्ति मोर्चा मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू के रेडमा कराटे केंद्र में खेल कीड़ा मंच द्वारा झारखंड मुक्ति मोर्चा मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ में विश्रामपुर के 10+2 जनता उच्च विद्यालय, ज्ञान दीप कॉन्वेंट स्कूल, पांडु ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल सहित आठ विद्यालयों के 45 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमे विश्रामपुर के परफेक्ट स्पोर्ट एकेडमी के दुर्ग कुमारी ने तीन किमी मैराथन अंडर-14 दौड़ में जीत हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, इस जीत पर मंच द्वारा पीएस एकाडमी के निदेशक सह राष्ट्रीय कोच डॉ अज्जो सिद्दीकी को पलामू खेल क्रीड़ा झारखंड मुक्ति मोर्चा मैराथन दौड़ ट्रॉफी व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## मुखिया संघ ने गुलदस्ता देकर किया नव पदस्थापित बीडीओ का स्वागत



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज मुखिया संघ के अध्यक्ष संदीप कुमार यादव के नेतृत्व में शुक्रवार को नव पदस्थापित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राजेश एक्का को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। वहीं बीडीओ ने सभी मुखियाओं से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर मुखिया संघ ने कहा कि नव पदस्थापित बीडीओ से हम आशा करते हैं कि वे प्रखंड में सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभायेंगें। वहीं बीडीओ ने भी क्षेत्र के विकास को गति देने को लेकर जनप्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया। इस मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष संदीप कुमार यादव, सरसोत पंचायत के मुखिया विनय कुमार सिंह, सिमरबार के मुखिया जितेंद्र पासवान, सलैया पंचायत की मुखिया कमला देवी, ढकचा पंचायत की मुखिया उषा देवी, खड़गपुर पंचायत की मुखिया काजल कुमारी, कुलहिया पंचायत की मुखिया नीतू कुमारी के अलावे मुखिया प्रतिनिधि सनोज गुप्ता, सतेंद्र भुइंया, बलराम भुइंया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एमओ व निवर्तमान नगर अध्यक्ष ने की चना दाल वितरण योजना की शुरुआत



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार व निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने शुक्रवार शहर के इस्लामगंज मुहल्ला स्थित जनवितरण प्रणाली की दुकानदार कलावती देवी की दुकान में झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत पीएच, अंत्योदय और ग्रीन कार्डधारियों एक रुपए प्रति किलो की दर से मिलने वाले चना दाल वितरण योजना की शुरूआत की। इस दौरान एमओ व निवर्तमान नगर अध्यक्ष ने कुछ कार्डधारियों के बीच चना दाल का वितरण किया। एमओ ने प्रखंड के सभी डीलरों से चना दाल का ऑनलाइन उठाव कर इसका लाभ कार्डधारियों को देने की अपील की। मौके पर निवर्तमान वार्ड पार्षद सुहैल आलम, पीडीएस डीलर सूर्यनाथ पासवान, प्रवीण कुमार, बिमलेश कश्यप, उमेश पासी समेत कई अन्य पीडीएस डीलर व लाभार्थी मौजूद थे।


## ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में धूमधाम से मना राष्ट्रीय युवा दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज की छात्राओं ने शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान कई कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। जिसमें निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल थे। प्राचार्या डॉ अनुपमा गुप्ता व शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर व पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्या ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने समाज एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं को विशेष महत्व दिया है। हम सभी को उनके दिखाएं मार्ग पर चलना चाहिए। इस मौके पर महाविद्यालय परिवार के व्याख्याता अविनाश कुमार सिन्हा, सुजीत कुमार, बीना तिवारी, माया त्रिपाठी, अंजना दूबे, रेखा सिंह आदि आदि मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी कुआलालंपुर में आयोजित मलेशिया ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। वहीं, विमेंस डबल्स के क्वार्टर फाइनल में अश्विनी और नतीषा की जोड़ी हारकर बाहर हो गई है।

### क्वार्टर फाइनल में चीनी पेयर को सीधे गेम में हराया, वीमेंस डबल्स में अश्विनी-तनीषा हार कर बाहर

## सात्विक-चिराग की जोड़ी मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची



**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी शुक्रवार को कुआलालंपुर में मलेशिया ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। बैडमिंटन रैंकिंग में दूसरे नंबर पर मौजूद भारतीय जोड़ी ने मेंस डबल्स इवेंट के क्वार्टर फाइनल में चीन के रेन जियांग यू और हे जी टिंग की जोड़ी को सीधे गेम में हराकर अंतिम-4 में पहुंची। वहीं विमेंस डबल्स के क्वार्टर फाइनल में अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की भारतीय जोड़ी हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। बतातें चलें कि पिछले साल एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने वाली भारतीय जोड़ी ने मैच के दौरान शानदार तालमेल दिखाते हुए वर्ल्ड रैंकिंग में 32वें स्थान पर काबिज यू और टिंग की जोड़ी को महज 35 मिनट तक चले एकतरफा मुकाबले में 21-11, 21-8 से पराजित किया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को फाइनल में पहुंचने के लिए कोरिया के कांग मिन ह्युक तथा सियो सेउंग जे और मलेशिया की जोड़ी आरोन चिया तथा सोह वूई यिक की जोड़ी के विजेता से सामना होगा।

### अश्विनी-तनीषा की जोड़ी हारी

अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी को विमेंस डबल्स क्वार्टर फाइनल में जापान की रिन इवानागा और की नाकानिशी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। वर्ल्ड रैंकिंग में 24वें नंबर की भारतीय जोड़ी इवानागा तथा नाकानिशी की जोड़ी से 39 मिनट तक चले मैच को 15-21, 13-21 से हार गई। गौरतलब हो कि मलेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 1937 से खेला जा रहा है। मलेशिया ओपन 2024, पेरिस ओलंपिक के लिए शटलरों को क्वालीफाइंग रैंकिंग पॉइंट्स देगा। बैडमिंटन के लिए क्वालिफिकेशन विंडो पिछले साल एक मई को शुरू हुई थी। मलेशिया ओपन में अब तक किसी भी भारतीय ने खिताब नहीं जीता है।

## न्यूजीलैंड ने पहले टी-20 में पाकिस्तान को हराया

**ऑकलैंड (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को ऑकलैंड में खेले गए पहले टी-20 मैच में पाकिस्तान को 46 रन से हरा दिया। कीवी टीम इसी के साथ तीन मैचों की टी-20 सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। टीम के लिए कप्तान केन विलियमसन और डेरिल मिचेल ने अर्धशतक लगाया। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए न्यूजीलैंड ने आठ विकेट खोकर 226 रन बनाए और पाकिस्तान को 227 रन का टारगेट दिया। टारगेट का पीछे करने उतरी पाकिस्तान टीम 18 ओवर में 180 रन पर ऑल आउट हो गई।

मिचेल ने 27 बॉल पर 61 रन की पारी खेली। यह उनके टी-20 इंटरनेशनल करियर का छठा और पाकिस्तान के खिलाफ दूसरा अर्धशतक रहा। उन्होंने विलियमसन के साथ तीसरे विकेट के लिए 78 रनों की साझेदारी भी निभाई। वहीं कप्तान विलियमसन ने भी शानदार बैटिंग करते हुए इस मैच में पहले 40 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया और फिर वह 57 रन बनाकर आउट हुए। ये उनके टी-20 इंटरनेशनल करियर की 18वां अर्धशतक है।

## भाजयुमो नेता ने की हुसैनाबाद में आयोजित मतदाता सम्मेलन में भाग लेने की अपील



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** आगामी 24 जनवरी को हुसैनाबाद में आयोजित युवा युक्ति नव मतदाता सम्मेलन की तैयारी को लेकर हरिहरगंज के भाजयुमो कार्यकर्ता जोश के साथ जुटे हुए हैं। इसे लेकर शुक्रवार को भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधानसभा के युवा युक्ति नव मतदाता प्रभारी राजीव रंजन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शहर के विभिन्न कोचिंग सेंटर एवं शिक्षण संस्थानों में जाकर युवाओं से मतदाता सम्मेलन में भाग लेने की अपील की। भाजयुमो नेता ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे भारत में 5000 केंद्रों पर युवा युक्ति नव मतदाता सम्मेलन 24 जनवरी 2024 को कराया जाएगा। इस अभियान के तहत हुसैनाबाद में होने वाले वर्चुअल रैली की तैयारी को लेकर शहर के विभिन्न कोचिंग सेंटर एवं शिक्षण संस्थानों में जाकर युवाओं से सम्मेलन में भारी संख्या में भाग लेने की अपील की जा रही है। इस दौरान रंजन मिश्रा, विजय प्रजापति, अनुज कुमार, विकास कुमार, शशि कुमार आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

## उद्भेदनः 7 जनवरी को गमछा से गला दबा कर कर दी गयी थी हत्या

# जमीन विवाद में की गयी थी हत्या, पांच गिरफ्तार

**10 जनवरी को रजरप्पा के सिदिरका खदान में पत्थर से बांध कर शव को लगा दिया था ठिकाने**

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** जमीन विवाद में एक व्यक्ति की विगत सात जनवरी को गमछा से गला घोंट कर हत्या कर दिए जाने की गुत्थी को सुलझाते हुए पुलिस ने पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी पहचान अनिल किस्कु, कैला मांझी, सीताराम मांझी, लक्ष्मण किस्कु, फुटकाडीह बाजार टांड़ सुलेंद्र किस्कु के रूप में हुई है। उनके पास से एक गमछा, प्लास्टिक की रस्सी, सफेद बोरा में पत्थर के टुकड़े, एक कच्ची लकड़ी, साइकिल, कुल्हाड़ी आदि बरामद किया है। इसकी जानकारी गोमिया के पुलिस निरीक्षक महेश प्रसाद सिंह ने दी। वे शुक्रवार को तेनुघाट पुलिस निरीक्षक कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।



पकड़े गये आरोपितों की जानकारी देते गोमिया के पुलिस निरीक्षक महेश प्रसाद सिंह।

उन्होंने बताया कि महुआटांड़ थाना क्षेत्र के मझली देवी ने अपने पति जीत लाल मांझी के गुमशुदा होने के संबंध में लिखित आवेदन दिया था। उसने बताया था कि गत सात जनवरी को सोहराय पर्व मनाने के क्रम में रात में उसके पति लापता हो गया था। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद 10 जनवरी को गांव के समीप सरना कुआं में जीत लाल मांझी का गमछा पाया गया। उसी आधार पर मझली देवी ने अपने पति की हत्या की आशंका जताते हुए गत 11 जनवरी को गांव के अनिल किस्कु, कैला मांझी, सीताराम मांझी, लक्ष्मण किस्कु, फुटकाडीह बाजार टांड़ सुलेंद्र किस्कु के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में उतरी पुलिस ने संदेह के आधार पर सुलेंद्र किस्कु को पकड़ लिया। उससे सख्ती से पूछताछ करने पर सुलेंद्र किस्कु ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि सात जनवरी की रात 9.30 बजे जीतलाल मांझी को धक्का देते हुए भोला किस्कु के रहार बाडी में ले गया था। वहां से वापस आकर साथी सुभाष किस्कु को भी अपने साथ ले गया। इसके बाद उनसे मिलकर जीत लाल मांझी के गमछे से ही उसकी गला दबाकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद लक्ष्मण किस्कु को बुलाकर एक साथ तीनों पास के ही सरना स्थल के कुआं में शव को फेंक दिए था। उसके बाद नौ जनवरी को सभी ने मिलकर जीतलाल मांझी के शव को रात में कुआं से निकाल कर शव को छिपाने के लिए गांव के जंगल होरो दहरा के एक गड्ढे में गाड़ दिया। इसके बाद पुनः फिर 10 जनवरी को सभी ने गड्ढे से शव के बाहर निकाल कर साइकिल से रजरप्पा के सिदिरका खदान ले गए और वहां बड़े-बड़े पत्थर बांधकर उसे वहीं फेंक दिया। प्राथमिक पड़ताल के आधार पर पुलिस ने बताया कि जमीन विवाद के कारण जीतलाल मांझी की हत्या हुई है। आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही हत्या में शामिल आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस दौरान हत्या की गुत्थी को सुलझाने में महुआटांड़ थाना प्रभारी अभिषेक महतो, पुअनि आनंद करमाली, पुअनि लालचंद महतो, पुअनि रुलेश रंजन, पुअनि सुविमल मुर्मू शामिल थे।

# जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर करें समाधानः उपायुक्त

## जनता दरबार में वरुण रंजन ने सुनी आमजनों की शिकायतें

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** डीसी सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित जनता दरबार में लोगों की समस्याओं को सुनी और अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में मुख्यतः शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, पारिवारिक विवाद, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, स्वास्थ्य, मुआवजा, सरकारी जमीन पर कब्जा, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र, आर्म लाइसेंस समेत अन्य समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

## कतरास लिलौरी मंदिर में मनी महावीर महतो की 9वीं पुण्यतिथि

**कतरास (आजाद सिपाही)।** स्वर्गीय महावीर महतो के 9वीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार को कतरास लिलोरी मंदिर शमशान घाट में एक सादे समारोह का आयोजित कर स्व महावीर महतो के पुत्र प्रदीप महतो अपने पिता की स्मृति पर एक शव वाहन और एक एंबुलेंस आम लोगों के लिए निःशुल्क समर्पित किया। प्रदीप महतो ने कहा कि मेरी बहुत दिनों से इच्छा थी कि पिता की स्मृति में कुछ अच्छा सामाजिक काम करूं, जो आज पूरा हो रहा है। इस मौके पर दिलीप सिंह, राजेश स्वर्णकार, कैलाश हजारी, आसू सिंह, गणेश महतो, निरंजन महतो, नंदन बाबा, अनूप दसौंधी, बसंत हजारी आदि थे।

## धनबाद जिला कबड्डी संघ का हुआ विस्तार, शंकर चौधरी बने जिलाध्यक्ष



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गोल्फ ग्राउंड में शुक्रवार को धनबाद जिला कबड्डी संघ की बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से झारखंड कबड्डी एसोसिएशन के वरिय प्राधिकारी एवं बोकारो जिलाध्यक्ष गोपाल ठाकुर उपस्थित रहे। इनकी मौजूदगी में कबड्डी संघ का विस्तार किया गया। जिसमें शंकर चौधरी को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही संरक्षक मदन कुमार राय, अरूण कुमार राय, उप अध्यक्ष, अनंत कुमार और जयंत कुमार, सचिव राहुल आनंद, संयुक्त सचिव तरूण कुमार सिंह, वीणा कुमारी, राज शेखर सिंह, कोषाध्यक्ष रितेश कुमार, प्रशिक्षक सतीश कुमार, कीर्ति कुमारी एवं संजीव कुमार सिंह, सौरभ कुमार, अमित कुमार सिंह, नमिता कुमारी, मनोज कुमार, लवली कुमारी, शुभांकर मित्र, संजय सिंह, कमलेश वर्मा एवं कुणाल सिंह को सदस्य नियुक्त किया गया।

## पाकुड़ को हरा धनबाद की टीम ने किया फाइनल में प्रवेश

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग अंतर्गत खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय की ओर से राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 के पुरुष वर्ग में सरायकेला खरसावां को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इसके बाद विगत वर्ष की विजेता टीम पाकुड़ को टाई-ब्रेकर में 4-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में धनबाद का मुकाबला रांची की टीम से है। कोच जयश्री गोराई और टीम मैनेजर के रूप में लक्ष्मण मुर्मू एवं जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार टीम के साथ है।

## अनियंत्रित हाइवा घर में घुसा, बाल-बाल बचे लोग

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** सेंद्रा मोड़ के पास गुरुवार की रात एक हाइवा अनियंत्रित होकर सरयू गुप्ता के आवास में जा घुसा। हालांकि घर में सो रहे लोग बाल-बाल बच गए। पर वहां कुछ देर से लिए अफरा-तफरी मच गई। खबर पाकर पुलिस भी पहुंच गई और लोगों को शांत कराया। साथ ही चालक और खलासी को हिरासत में ले लिया। पुलिस शुक्रवार को हाइवा थाना ले आई है। पीड़ित परिवार के लोग थाना पहुंचे और क्षतिग्रस्त आवास को मरम्मत करवा देने की मांग की है।

# मतदान करने और उसकी प्रक्रिया की जानकारी देगा इवीएम मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन : डीसी

**डीसी ने इवीएम मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वैन को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने शुक्रवार को समाहरणालय परिसर से इवीएम मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर लोगों को मतदान करने और उसकी प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने के लिए डेमोंसट्रेशन वैन तैयार किया गया है। इसमें




इवीएम मशीन, वीवीपैट के साथ एलइडी टीवी भी है। यह वैन सभी छह विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों में जाकर लोगों को इवीएम, वीवीपैट की जानकारी देगा। साथ ही लोगों को बताया जाएगा कि यह मशीन कैसे काम करती है। मौके पर प्रभारी उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, विशेष कार्य पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी भी उपस्थित थे।

# चंदनकियारी के विकास की लक्ष्य प्राप्ति तक जारी रहेगा आजसू का संघर्षः उमाकांत रजक

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** आजसू ने शुक्रवार को बूढ़ीबिनोर में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनायी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचार से प्रेरित होने के लिए प्रति वर्ष आजसू उनकी जयंती मानती है। इस मौके पर कार्यकर्ता संकल्प लेते हैं कि झारखंड के समृद्धि का लक्ष्य जब तक प्राप्त नहीं हो जाता, अनवरत संघर्ष जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि चंदनकियारी में



जनहित के बहुत काम बाकी है। विगत 10 वर्षों में विकास की गति बहुत धीमी हो गई है। विकास के पहिया को गतिमान आजसू ही कर सकती है। कार्यकर्ता खुद को कमजोर ना समझें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता संघर्ष के अहमियत को समझे। संघर्ष जितना धारदार-दमदार करेंगे उपलब्धि उतनी ही शानदार होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता परशुराम महतो ने की। मौके पर मिथिलेश महतो, सबीर अंसारी, तारणी मोदक, नंदलाल महतो, जुनैद अंसारी, सुधीर राय, जगदीश महतो, शाकिर अंसारी, सरफराज अंसारी आदि थे।

## रेलवे स्टेशनों पर गंदगी फैलाने के आरोप में पकड़े गये 3831 यात्री

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पूर्व मध्य रेल की ओर से ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने को लेकर हर संभव कदम उठाया जा रहा है। यात्रियों से ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने में सहयोग की अपेक्षा की जा रही है। बावजूद इसके कुछ यात्रियों द्वारा ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर में गंदगी फैलायी जाती रही है। इसे रोकने के लिए पूर्व मध्य रेल द्वारा गंदगी फैलाने वाले यात्रियों से जुर्माना भी वसूल किया जाता है। चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल, 2023 से दिसंबर, 2023 तक कुल 3831 यात्रियों को ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाते हुए पकड़ा गया और उनसे जुर्माना के रूप में 8.79 लाख से ज्यादा रुपये वसूल किये गये। जबकि केवल दिसंबर महीने में पूर्व मध्य रेल द्वारा ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाते हुए 389 यात्रियों को पकड़ा गया और उनसे जुर्माने के रूप में 82 हजार 200 रुपये वसूल किये गये।

## विवेकानंद जयंती पर कॉलेज की छात्राओं ने निकाली प्रभातफेरी

# स्वामी विवेकानंद के विचारों को युवा पीढ़ी अपने जीवन में आत्मसात करेः ढुल्लू महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती पर महुदा स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को एक विशाल प्रभातफेरी निकाली। इससे पूर्व प्राचार्य एस कुमार व एस हुसैन सहित कॉलेज के सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। साथ ही स्वामी विवेकानंद के आदर्शों एवं संदेशों को आमजनों तक पहुंचाने के लिए कॉलेज परिसर से विशाल प्रभातफेरी निकाला। जिसे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने हरी झड़ी दिखाकर रवाना किया। स्वामी के विचारों और आदर्शों को



स्वामी विवेकानंद की जयंती पर निकाली गयी प्रभातफेरी में शामिल विधायक ढुल्लू महतो।

जन-जन तक पहुंचाने के लिए छात्राओं ने अपने हांथो में स्वामी जी के विचार लिखी तख्तियां थामी हुई थी। कार्यक्रम से पूर्व विधायक का प्राचार्य व सचिव ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर सिंह, सहायक आचार्य के प्रखंड सचिव साजिद शेख, कॉलेज के सचिव एस हुसैन, प्राचार्य एस कुमार, उपप्राचार्य प्रेम कुमार व शिक्षकों में भागीरथ सिंह, राहुल राय, ममता कुमारी, करुणा कुमारी, कमला कुमारी, राहुल कुमार ठाकुर, कार्तिक कुमार, जनार्दन पाठक, एमजीएम हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक प्रेम कुमार महतो, सहयोगी शिक्षक अनुज महतो, स्वाभिमान संस्था के संचालिका सुषमा देवी, टोटल सॉल्यूशन के संचालक दुर्गा रवानी, ज्ञान भारती का प्रधानाध्यापक संजीव सिंह, समाजसेवी संजीत सिंह, ब्रमदेव ठाकुर, सुरेश गोप आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक ढुल्लू महतो ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को आज के युवाओं को अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत हैं। उन्होंने विवेकानंद के शिक्षा, सामाजिक न्याय, धर्म, राष्ट्रवाद, युवा शक्ति और आत्मनिर्भरता जैसे विचारों पर अपनी राय रखी। विवेकानंद को युगपुरुष और युवा पीढ़ी का प्रेरणा स्त्रोत बताया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –
प0नि0वि0 / सिमडेगा / 19 / 2023–24, दिनांक 12.01.2024

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सिमडेगा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– 24.01.2024 को पूर्वाह्न 11.00 से अपराह्न 3.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 25.01.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 25.01.2024 को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– क)मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, अभियंत्रण छात्रावास, गोल चक्कर, धुर्वा, राँची। ख)अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ अचंल, राँची। ग)कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– क्रमांक 5 में उल्लेखित स्थानों पर।
7. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपया में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रूपया में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सिमडेगा–रेंगारी–केरसई–बोलवा–उड़ीसा सीमा तक पथ के 18वें0 कि.मी. में 3m x 4m आकार का RCC पुलिया निर्माण एवं पथ मरम्मति कार्य।(कुल लंबाई 48.21 कि.मी.) | 40.28 | 80,600.00 | 5,000.00 | 2 माह |

1. निविदा की शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है, जिसका अनुपालन अनिवार्य होगा।
2. प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जो कि परिमाण विपत्र बिक्री के समय देखा जा सकता है।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य **भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट** के रूप में ही स्वीकार्य होगा, जो निविदा आमंत्रण तिथि के बाद जारी की गई हो तथा किसी भी परिस्थिति में लौटाया नहीं जाएगा एवं बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा के पदनाम से हो।
4. पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए युकेन निबंधन आवश्यक है।
5. PWD कोड में संशोधन के फलस्वरूप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।
6. पथ प्रमण्डल, सिमडेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 गैर–योगना मद अंतर्गत अपूर्ण कार्य करने वाले संवेदकों को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी"।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सिमडेगा

PR 315947 Simdega(23-24).D



झारखण्ड शिक्षा परियोजना, राँची
मध्य विद्यालय बी०एम०पी०–1 डोरण्डा परिसर, राँची–834002
Email- jepranchi@gmail.com, jepssaranchi@gmail.com "समग्र शिक्षा अभियान"

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

राज्य परियोजना निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची जिला के 53 विद्यालयों ( CM SoE, Model School, KGBV, JBAV एवं प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालयों) में अधिष्ठापित पुस्तकालय हेतु पुस्तकों का क्रय किया जाना है । इस निमित दिनांक 29.01.2024 में पूर्वाहन्न 10 बजे से पुस्तक मेला का आयोजना झारखंड शिक्षा परियोजना, मध्य विद्यालय बी.एम.पी डोरण्डा परिसर, राँची पिन–834002 के कैम्पस में आयोजित किया जाएगा । पुस्तक मेला हेतु पुस्तकों की सूची कार्यालय के अधिकृत वेवसाईट www.dseranchi.com पर अवलोकन हेतु उपलब्ध है ।

पुस्तक मेला में भाग लेने हेतु इच्छूक प्रकाशक अपनी सहमति पत्र कार्यालय के मेल jepssaranchi@gmail.com या डाक के माध्यम से दिनांक 22.01.2024 तक समर्पित करते हुए पुस्तक मेला में संलग्न पुस्तकों की प्रति के साथ भाग ले सकते है । पुस्तक मेला हेतु स्टाल की व्यवस्था जिला कार्यालय के द्वारा की जाएगी ।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, राँची

PR 315940 Human Resource Developement(23-24)D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर सिमडेगा।**

National Career Service

**सूचना**

जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर सिमडेगा के द्वारा दिनांक–19.01.2024,(शुक्रवार) को परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, सिमडेगा में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है।

अतः सिमडेगा जिला केसभी युवक, युवतियों एवं जॉब सीकर को सूचित किया जाता है कि रोजगार मेला में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेकर रोजगार के अवसरों से जुड़े।

रोजगार मेला में भाग लेने हेतु नियोजनालय में अपना निबंधन कराते हुए अपने बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्रों के छायाप्रति, स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र, पहचान पत्र एवं दो पासपोर्ट साईज के फोटो के साथ रोजगार मेला में भाग लेंगे। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित हैं उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजनालय, सिमडेगा में सम्पर्क करें।

ह0/–
जिला नियोजन पदाधिकारी, सिमडेगा।

PR.NO.315946 Simdega(23-24):D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर सिमडेगा।**

National Career Service

**सूचना**

जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर सिमडेगा के द्वारा दिनांक–19.01.2024, (शुक्रवार) को परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, सिमडेगा में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है।

अतः सिमडेगा जिला के सभी युवक, युवतियों एवं जॉब सीकर को सूचित किया जाता है कि रोजगार मेला में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेकर रोजगार के अवसरों से जुड़े।

रोजगार मेला में भाग लेने हेतु नियोजनालय में अपना निबंधन कराते हुए अपने बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्रों के छायाप्रति, स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र, पहचान पत्र एवं दो पासपोर्ट साईज के फोटो के साथ रोजगार मेला में भाग लेंगे। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित हैं उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजनालय, सिमडेगा में सम्पर्क करें।

ह0/–
जिला नियोजन पदाधिकारी, सिमडेगा।

PR.NO.315920 Simdega(23-24):D

## विजिलेंस के जाल में इंस्पेक्टर जीतेंद्र बेहेरा, 24 लाख रुपये नकद जब्त किये





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** विजिलेंस के जाल में ट्रैफिक इंस्पेक्टर। 24.24 लाख रुपये नकद जब्त किये गये हैं। जितेंद्र कुमार बेहेरा अंगुल जिले तालचेर के ट्रैफिक इंस्पेक्टर हैं। विजिलेंस ने भुवनेश्वर बालियंता त्रिनाथ बाजार के पास से पैसे जब्त किए हैं। विजिलेंस विभाग ने तब गिरफ्तार किया जब वह तालचेर से कार नंबर ओडी 33टी 3839 पर अपने घर अस्तरंग जा रहा था। विजिलेंस विभाग ने उसके कब्जे से नकद रुपये 11,15,470 जब्त किए हैं। छापेमारी के दौरान तालचेर स्थित किराये के मकान से 3 लाख 8 हजार 750 रुपये के साथ 336 ग्राम सोना और अस्तरंग घर से 10 लाख रुपये बरामद किये गये। विजिलेंस विभाग पारादीप में उसके भाई के घर पर भी छापेमारी कर रहा है।

## फ्लावर शो और शरद उत्सव का आयोजन

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल 13 और 14 जनवरी को रेलवे स्टेडियम, रेल नगर, संबलपुर में एक फ्लावर शो और शरद उत्सव का आयोजन करने जा रहा है। फ्लावर शो आम जनता के लिए रात 09.00 बजे तक खुला रहेगा। दोनों दिन शाम 6 बजे से रात 9 बजे के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। फ्लावर शो के दौरान फूड स्टॉल और गेमिंग जोन उपलब्ध रहेंगे। फ्लावर शो में विभिन्न प्रकार के फूलों और पौधों का प्रदर्शन किया जायेगा। प्रदर्शनी के दौरान, विभिन्न रेलवे विभागों, नर्सरियों और अन्य संगठनों के प्रतिभागी अपने फूलों के संग्रह का प्रदर्शन करेंगे। फूल प्रेमियों और आम जनता से अनुरोध है कि वे प्रदर्शनी को देखें और आनंद लें।

# वेदांता एल्यूमिनियम के योगदान से भारत के युवा बन रहे सशक्त

**सामुदायिक और कौशल विकास के मोर्चे पर कंपनी ने कौशल कार्यक्रमों के जरिए समुदायों के लगभग 15,000 युवाओं को प्रशिक्षित किया है।**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्यूमिनियम ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर अपने सभी प्रचालनों में युवा सशक्तिकरण और अनेक अवसरों के जरिये उनकी उत्तरोत्तर प्रगति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। अपने विश्व स्तरीय प्रचालनों में रोजगार के अवसरों का निर्माण तथा स्थानीय समुदाय के युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास, जमीनी स्तर पर खेल व पारंपरिक कलाओं में प्रशिक्षित कर मजबूत बनाना कंपनी के दो-सूत्रीय दृष्टिकोण हैं। इस प्रकार भारत के युवाओं को सतत आजीविका और लक्ष्य हासिल करने में मदद कर समुदायों एवं देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान दिया जा रहा है। वेदांता एल्यूमिनियम के प्रचालनों में दुनिया के सबसे बड़े एल्यूमिनियम स्मेल्टरों में से एक झारसुगुडा में स्थित है। लांजीगढ़, ओड़िशा में विश्व स्तरीय एल्यूमिना रिफाइनरी है। इसके अलावा भारत की प्रतिष्ठित एल्यूमिनियम उत्पादक भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) कोरबा छत्तीसगढ़ में संचालित है। इन प्रचालनों में वेदांता एल्यूमिनियम की 55 प्रतिशत से अधिक शीर्ष प्रतिभाएं 20 से 30 आयु वर्ग की हैं। वे अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों पर काम करते हुए उच्च-गुणवत्ता के एल्यूमिनियम का उत्पादन कर रही हैं जिसे दुनिया के 60 से अधिक देशों में हाई-एंड एप्लीकेशंस में इस्तेमाल के लिए निर्यात किया जाता है। सक्षम इंजीनियरिंग कौशल से युक्त ये सभी युवा भारत की प्रगति गाथा के अग्रिम मोर्चे पर हैं। कर्मचारियों की औसत आयु के लिहाज से वेदांता एल्यूमिनियम युवा कंपनी है। यह औसत 26-28 वर्ष है जो भारत के डेमोग्राफिक डिविडेंड का सही मायने में प्रतिनिधित्व करता है। वेदांता एल्यूमिनियम के प्रचालनों के आकार एवं पैमाने के मद्देनजर इन युवाओं को इंजीनियरिंग, मेकाट्रॉनिक्स, सस्टेनेबिलिटी, कमॉडिटीज, खनन, जियोलॉजी, फॉरेंसिक, जियोफिजिक्स, डीप टेक आदि विविध भूमिकाओं में नियुक्त किया गया है। कंपनी ने कर्मचारियों के निरंतर प्रशिक्षण एवं कौशल वृद्धि के लिए शीर्ष शिक्षण संस्थानों के साथ गठबंधन किए हैं। सामुदायिक और कौशल विकास के मोर्चे पर कंपनी ने विभिन्न कौशल कार्यक्रमों के जरिए समुदायों के लगभग 15,000 युवाओं को प्रशिक्षित किया है। इससे अकुशल एवं अर्ध-कुशल युवाओं के बीच का अंतर खत्म करने में मदद मिल रही हैं। बाजार के योग्य व्यावसायिक कौशल, उद्यमवृत्ति, जलवायु परिवर्तन को सहने में सक्षम कृषि तथा सौरा एवं ढोकरा जैसी पारंपरिक कला-शिल्प को प्रोत्साहित कर जरूरतमंद युवाओं को अनेक तरीकों से सक्षम बनाया जा रहा है। वेदांता एल्यूमिनियम ने परियोजना पंछी शुरू की है। यह एक भर्ती अभियान है जिसका लक्ष्य हाशिए पर मौजूद ग्रामीण समुदायों की 1000 लड़कियों को रोजगार देना है। इसके लिए उन्हें वित्तीय मदद दी जायेगी ताकि वे कॉलेज शिक्षा पूरी कर सकें। सफलतापूर्वक शिक्षा पूरा करने पर उन्हें नौकरी दी जायेगी।

## राष्ट्रपति को दिया जायेगा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण

**अयोध्या।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भी दिया जायेगा। मंदिर निर्माण समिति ने राष्ट्रपति से मुलाकात का वक्त मांगा है। विहिप के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार और अयोध्या राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण सौंपा था।

### पूर्व मध्य रेल

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. ई.निविदा सं. : पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन–59–23–24 दो पैकेट सिस्टम। 2. कार्य का नाम : उप मुख्य अभियन्ता (नि.)/पूमरे/बरकाकाना के अधिकार क्षेत्र में धनबाद डिवीजन के कुज्जू–रांची रोड स्टेशन के बीच सिविल और इलेक्ट्रिकल का कम्पोजिट निविदा जिसमें मिट्टी कटिंग, फिलिंग, ब्लैंकेटिंग, टर्फिंग, रोड ओवर ब्रिज (आरओबी), आरसीसी और पीएससी छोटे पुलों का निर्माण, रिटेनिंग वॉल, ड्रेन और विभिन्न बोर्ड, भूमि सीमा स्तंभों, निरीक्षण की आपूर्ति और फिक्सिंग के साथ पी.वे और अन्य सिविल संबंधित कार्य, वाईकनेक्शन में 2x25 केवी ओएचई सिस्टम के साथ विद्युतीकरण के संबंध में निरीक्षण चरण और कमीशनिंग के लिए कार्य। 3. अंकलित मूल्य (रू) : ₹69,21,75,610.75, 4. बोली प्रतिभूति (रू) : ₹36,10,900.00, 5. कार्य पूर्ण करने की अवधि :18 महीने। निविदा बंद होने की तिथि एवं समय 25.01.2024, 15.30 बजे।

ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/ कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा कुचले गये। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाईट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। द्रष्टव्य : निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाईट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/ दक्षिण/पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/02076/कॉन/अभि./टी/23–24/52

## एसटीपीएफ ने शिमिलिपाल से दो शिकारी बंदूकें और शिकार उपकरण जब्त किये



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** स्पेशल टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स (एसटीपीएफ) ने बारीपदा के शिमिलिपाल टाइगर रिजर्व के साउथ डिवीजन से दो शिकारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गये दोनों लोग कप्तीपदा पुलिस स्टेशन के तहत पथरखनी गांव के अंतर्यामि नायक और उदला पुलिस स्टेशन के तहत खडिकाशोल गांव के दिलिप नायक हैं। उनके पास से दो देशी बंदूकें, 86 लोहे की गोलियां, 500 ग्राम विस्फोटक के साथ अन्य शिकार उपकरण जब्त किए गये। इस संबंध में दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें कोर्ट भेज दिया गया है। इस को लेकर शिमिलिपाल के बाघ संरक्षण परियोजना के साउथ डिवीजन के उप निदेशक सम्राट गौड़ा ने जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक शिमिलिपाल बाघ संरक्षण परियोजना के साउथ डिवीजन के पोडाडीहा रेंज में पेट्रोलिंग के दौरान शिकारी अंतर्यामि नायक को वन विभाग ने पकड़ लिया। उनके पास से एक शिकार बंदूकें, 72 लोहे की गोले, 350 ग्राम विस्फोटक और अन्य सामान जब्त किए गये।

इसी तरह जेनबिल रेंज में एसटीपीएफ द्वारा पेट्रोलिंग के दौरान शिकारी दीलिप नायक को पकड़ लिए। उसके पास से एक देशी बंदूक, 14 लोहे की गोलियां, 150 ग्राम विस्फोटक समेत अन्य सामान बरामद किये गये।

## स्वामी विवेकानंद करोड़ों युवाओं के आदर्श : लक्ष्मण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



स्वामी विवेकानंद की तसवीर पर पुष्प अर्पित करते लक्ष्मण प्रसाद सिंह और अन्य।

**राजधनवार।** धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को धूमधाम से स्वामी विवेकानंद जयंती मनायी गयी। इसकी अध्यक्षता भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने भाग लिया। सिंह ने कहा कि भारत की महान आध्यात्मिक गुरु और सबसे बड़े युद्ध आयरन स्वामी विवेकानंद को करोड़ों युवा अपना आदर्श मानते हैं। उनके जोशीले विचारों से प्रेरणा लेते हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था : उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक तुम्हें तुम्हारे लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो जाये। उन्होंने कहा था कि भारत एक न एक दिन विश्वगुरु बन कर रहेगा। आज नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में देश विश्व गुरु की ओर अग्रसर है। मौके पर सुनील अग्रवाल, ओम प्रकाश वर्मा, श्रीकांत, नकुल राय, राजेंद्र राय, पवन सिंह, लोकेश चौधरी, महेंद्र चौधरी, कालेश्वर राय, विजय सिंह, परमानंद यादव आदि दर्जनों भाजपाई मौजूद थे।

## एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल पर उपलब्ध हैं

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। कटक रेलवे स्टेशन पर एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल में कटक जिले की बड़ंबा तहसील के माणियाबंध गांव के हथकरघा उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। अब कटक रेलवे स्टेशन पर यात्री स्टेशन परिसर में ही प्रसिद्ध माणियाबंध हैंडलूम उत्पादों को पा सकते हैं। स्थानीय बुनकरों को वन स्टेशन वन प्रोडक्ट पहल के तहत कटक स्टेशन पर माणियाबंध स्टॉल खोलने का आश्वासन दिया था। भारत सरकार द्वारा स्थानीय कारीगरों, कुम्हारों, बुनकरों/हथकरघा बुनकरों, आदिवासियों आदि का कल्याण और उनकी बेहतर आजीविका के उद्देश्य से एक स्टेशन-एक उत्पाद अवधारणा की घोषणा की गयी थी। उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए रेलवे स्टेशन एक विपणन चैनल के रूप में कार्य करेगा। इस पहल के एक भाग के रूप में, 5000 से अधिक बुनकरों वाले माणियाबंध हैंडलूम क्लस्टर कंसोर्टियम, कटक को कटक रेलवे स्टेशन से होकर आने-जाने वाले यात्रियों को हथकरघा उत्पादों को प्रदर्शित करने और उन्हें बेचने का अवसर मिला है।

## ओड़िशा केंद्रीय विवि ने एससी और ओबीसी के लिए शुल्क मुक्त यूपीएससी कोचिंग में प्रवेश शुरू किया



**जिन उम्मीदवारों ने स्नातकोत्तर में 50% अंक प्राप्त किए हैं और उनके माता-पिता की वार्षिक आय 8 लाख रुपये से कम है, वे आवेदन कर सकते हैं।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के डॉ अंबेडकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (डीएसीइ) ने 10 जनवरी 2024 से एससी और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए शुल्क-मुक्त यूपीएससी कोचिंग के दूसरे बैच के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह योजना सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित है और नोडल एजेंसी डॉ अंबेडकर फाउंडेशन, नयी दिल्ली द्वारा कार्यान्वित की जा रही है। ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय और डॉ अंबेडकर फाउंडेशन, नयी दिल्ली के बीच 22.12.2023 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गये। विश्वविद्यालय की ओर से कुलोमपगव प्रोफेसर एनसी पांडा और डॉ अंबेडकर फाउंडेशन के निदेशक डॉ सिद्ध कुमार ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

सीटों की कुल संख्या 100 है और 30% सीटें महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं। शुल्क मुक्त कोचिंग की अवधि एक वर्ष है और मंत्रालय नामांकित उम्मीदवारों को 4000 रुपये का मासिक वजीफा प्रदान कर रहा है। यह एक गैर-आवासीय कार्यक्रम है। जिन उम्मीदवारों ने स्नातकोत्तर में 50% अंक प्राप्त किए हैं और उनके माता-पिता की वार्षिक आय 8 लाख रुपये से कम है, वे आवेदन कर सकते हैं। ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के डीएसीइ, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान और सामान्य अध्ययन में शुल्क मुक्त कोचिंग प्रदान करता है। कार्यक्रम का समन्वय विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ बीके श्रीनिवास द्वारा किया जायेगा। इस योजना का उद्देश्य संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षाओं और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शुल्क-मुक्त कोचिंग सुविधाएं प्रदान करना है। यह एससी और ओबीसी उम्मीदवारों को अच्छी गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण के माध्यम से सशक्त बनायेगा और उनके प्रतिस्पर्धी कौशल को बढ़ाने के लक्ष्य को पूरा करेगा। डॉ अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र (डीएसीइ) एससी और ओबीसी छात्रों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 जनवरी है। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ फागूनाथ भोई ने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.cuo.ac.in और www.dace.cuo.ac.in से कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**